RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2017-2019
Despatch Date - 02 March, 2017

अंक - 9 (मासिक) वर्ष - 12 मार्च, 2017 मूल्य 30/-

अपनों के लिए-अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

## अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन

# हौसलों का आसमान



## अब हमारी बारी

**राजकुमार काल्या**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष



## हमने कर दिखाया

**कमल भूतड़ा**

अध्यक्ष-११वां सत्र

**महासभा के सत्र की प्रथम बैठक सम्पन्न**

**विज्ञान की दृष्टि में 'होली'**

**अब सोने पर टेक्स की तलवार**



अन्तर्राष्ट्रीय वैवाहिक डायरेक्ट्री
श्री माहेश्वरी मेलापक-8
से जुड़े सैकड़ों रिश्ते

प्रति मंगलवार देखें
SMT NEWS
WHATSAPP VIDEO BULLETIN

## युवा शक्ति विशेषांक के प्रकाशन के अवसर हार्दिक शुभकामनाएं



# राजकुमार काल्या

राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन

# Realistic

*Life Time Satisfaction*

## Realistic Projects Pvt. Limited
## Realistic Natural Resources Pvt. Limited

- Explosives
- Real Estate
- Mining
- Finance
- Agro Farming Media

**BASANTI LAL KALYA** **RAJKUMAR KALYA** **SUMIT KALYA**

Station Road, Gulbpura - 311021, Distt. Bhilwara (Raj.) Ph. No. 224203/04, Fax No. 224605 rajkumarkalya@yahoo.com
Bhilwara office : 3, Heera-Panna Market, Pur Road, Bhilwara 311001 (Raj.) Ph. No. 246004

श्री माहेश्वरी टाईम्स

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

RNI-MPHIN/2005/14721

▸▸ अंक-9 ▸▸ मार्च, 2017 ▸▸ वर्ष-12

प्रेरणास्रोत
**स्व. श्री बंशीलाल बाहेती**
**स्व. श्री मदनलाल पलौड़**

प्रबंध सम्पादक एवं निदेशक
**श्रीमती सरिता बाहेती**

सम्पादक
**पुष्कर बाहेती**

संरक्षक
**पद्मश्री बंशीलाल राठी (चैन्नई)**
**श्री नेमीचन्द तोषनीवाल (कोलकाता)**
**श्री बनवारीलाल जाजू (इन्दौर)**

अतिथि सम्पादक
**राजेन्द्र चाण्डक (सूरत)**

परामर्शदाता
**दिनेश माहेश्वरी (भूतड़ा) मुम्बई/इन्दौर**
**घनश्याम करनानी (कोलकाता)**

कला निदेशक
**अक्षय आमेरिया**

विधि सलाहकार
**राजेन्द्र ईनाणी, एडव्होकेट (बागली)**

सम्पादकीय सलाहकार
**गोविन्द मालू (इन्दौर)**
**बाबूलाल जाजू (भीलवाड़ा)**
**बंशीलाल भूतड़ा 'किरण' (इन्दौर)**

कार्यालय- 90, विद्या नगर (टेड़ी खजूर दरगाह के पीछे), साँवेर रोड, उज्जैन-456010 (म.प्र.)
Phone : 0734-2526561, 2526761
Mobile : 094250-91161
e-mail : smt4news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती सरिता बाहेती द्वारा ऋषि ऑफसेट, श्री माहेश्वरी भवन, गोलामण्डी, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

- श्री माहेश्वरी टाईम्स में प्रकाशित सभी लेखों के विचारों पर सम्पादक/प्रकाशक की सहमति हो, यह आवश्यक नहीं है।
- सभी प्रसंगों का न्यायक्षेत्र उज्जैन (म.प्र.) होगा।

Bank A/c Detail-
**Sri Maheshwari Times**
**PNB A/c. No. : 0459002100043471**
**IFSC- PUNB0045900**
**Tariff of Membership**
**Rs. 800/- for Three years**
**Rs. 3100/- for Life Time (12 Years)**




## निंदा से ना डरे

विचार क्रांति

लोग निंदा करें तो करने दो। सब लोगों को अपनी तरफ से छुट्टी दे दो, वे चाहे निंदा करें, चाहे प्रशंसा करें, जिसमे वे राजी हों, करें। आप सबको छुट्टी दे दो तो आपको छुट्टी (मुक्ति) मिल जाएगी। प्रशंसा में तो मनुष्य फँस सकता है, पर निंदा में पाप नष्ट होते हैं। कोई झूठी निंदा करे तो चुप रहो सफाई मत दो। कोई पूछे तो सत्य बात कह दो। बिना पूछे लोगों में कहने की जरुरत नहीं। बिना पूछे सत्य की सफाई देना.. सत्य का अनादर है।

*भरत जी कहते हैं-*

*जानहुँ रामु कुटिल करी मोही। कहउ गुरु साहिब द्रोही ?*
*सीता राम चरण रति मोरें। अनुदिन बढ़उ अनुग्रह तोरें?*

दूसरा आदमी हमें खराब समझे तो इसका कोई मूल्य नहीं है। भगवान दूसरे की गवाही नहीं लेते।

दूसरा आदमी अच्छा कहे तो आप अच्छे हो जाओगे, ऐसा कभी नहीं होगा। अगर आप बुरे हो तो बुरे ही रहोगे। अगर आप अच्छे हो तो अच्छे ही रहोगे, भले ही पूरी दुनियां बुरी कहे। लोग निंदा करे तो मन में आनंद आना चाहिए।

*एक संत ने कहा है –*

'मेरी निंदा से यदि किसी को संतोष होता है, तो बिना प्रयत्न के ही मेरी उन पर कृपा हो गई, क्योंकि कल्याण चाहने वाले पुरुष तो दूसरों के संतोष के लिए अपने कष्टपूर्वक कमाए हुए धन का भी परित्याग कर देते हैं (मुझे तो कुछ करना ही नहीं पड़ा)?

हम पाप नहीं करते, किसी को दुःख नहीं देते, फिर भी हमारी निंदा होती है तो उसमें दुःखी नहीं होना चाहिए, प्रत्युत प्रसन्नता होनी चाहिए। भगवान की तरफ से जो होता है, सब मंगलमय ही होता है। इसलिए मन के विरुद्ध बात हो जाए तो उसमें आनंद मनाना चाहिए।

**- श्रद्धेय स्वामीजी श्री रामसुखदास जी महाराज**

# *युवा संगठन : मजबूत फैसलों का सफर*

अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन के 12वें सत्र की शुरुआत होने वाली है। युवा संगठन का अब तक का सफर मजबूत फैसलों के लिए याद किया जाता है। युवा संगठन के सिरमौर रहे युवा बंधुओं ने ना केवल संगठन को मजबूत बनाया अपितु समाज को भी विकसित नजरिया देकर विश्व पटल पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यही कारण है कि युवा संगठन को समाज हमेशा नई उम्मीदों से निहारता है। 12 वें सत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या के कंधों पर अब यह जिम्मेदारी है। वे अपने कार्यकाल के दौरान समाज और खासकर युवाओं के हित में क्या नए फैसले लेते हैं, इससे ही इस सत्र का इतिहास लिखा जाएगा। उनके सामने भले चुनौतियों का पहाड़ न हो लेकिन यह लक्ष्य तो है ही कि उनकी टीम कुछ ऐसा कर दिखाए, जो अब तक के कामों में अलग और अनूठा भी हो। यही सबसे बड़ी चुनौती है। समाज को राजकुमार काल्या की काबिलियत पर विश्वास है। हमने इस मुद्दे पर उनसे खुलकर चर्चा की। काल्या ने जो प्राथमिक रूपरेखा तय की है, इससे लगता है वे अपनी पारी को यादगार बनाने में कामयाब होंगे।

11 वें सत्र में कमल भूतड़ा ने अपने कार्यकाल में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए जो कुछ किया वह कमतर नहीं है। उन्होंने देशभर के युवा समाज बंधुओं को जोड़ने का बड़ा काम किया। उन्होंने महेश नवमी महापर्व पूरे देश में एक साथ मनाने का सिलसिला शुरू किया। इससे पहले के सत्रों में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ। 10 वें सत्र में संविधान संशोधन का दूसरा चरण आया। इसके अलावा युवाओं को उद्योग-व्यवसाय से जोड़ने के काम भी हुए। संजीव चांडक के इस सत्र के बाद 9 वें सत्र में अशोक इनानी का कार्यकाल भी यादगार रहा, जब लोहार्गल धाम का प्रकल्प शुरू किया गया। 8 वें सत्र में अनिल मानधनी, 7 वें सत्र में रमेश तापड़िया, 5 व 6 सत्र में रमेश मर्दा के कार्यकाल में भी संगठन आगे बढ़ता रहा। इसके पहले चौथे सत्र को इसलिए एतिहासिक माना जाता है कि श्यामसुंदर सोनी के नेतृत्व में पहली बार विधवा विवाह का मुद्दा उठा और समाज सुधार व विकसित समाज का प्रतिबिम्ब उभर कर सामने आया। सत्र 2-3 के चंद्रमोहन नागोरी ने युवा संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने देशभर में युवाओं को एकजुट किया।

युवा सुनहरे भविष्य का प्रतिबिम्ब होते हैं। समाज उनमें अपना भविष्य देखता है। युवा शक्ति यदि अपनी ताकत को समाजहित में लगाती है तो इतिहास बदल जाता है। यही कारण है कि समाज के युवा कंधों पर दो पीढ़ियों की जिम्मेदारी होती है। वरिष्ठ समाजजनों की आकांक्षाओं-उम्मीद को पूरा करना तथा आने वाली पीढ़ी के लिए जमीन तैयार करना। 12 वें सत्र की टीम पर विश्वास है, वे इन दोनों भूमिकाओं में सफलता का ध्वज फहराएंगे। आपको यह जानकर हर्ष होगा कि 'श्री माहेश्वरी टाईम्स' समाज को अपनी सेवाओं व कृतित्व से गौरवान्वित कर रहीं नारी शक्ति पर आधारित ''माहिला विशेषांक'' का प्रकाशन करने जा रही है। यदि आपकी जानकारी में ऐसी महिला हों जिन्होंने उद्योग, व्यवसाय, शिक्षा, सेवा आदि किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है, तो हमें जानकारी अवश्य दें, सम्बन्धित से श्री माहेश्वरी टाईम्स टीम सम्पर्क करेगी। यदि उनके योगदान ऐसे है, जिनसे समाज प्रेरणा ले सके तो हम उनके प्रेरक व्यक्तित्व का प्रकाशन अवश्य ही करना चाहेंगे।

यह अंक युवाओं को समर्पित है। सभी स्थायी स्तंभ और अन्य पठनीय व ज्ञानवर्द्धक सामग्री के साथ प्रस्तुत इस अंक में बारे के अपनी राय से अवगत कराना न भूलें।

जय महेश!



**पुष्कर बाहेती**
सम्पादक

# युवा शक्ति ही स्वर्णिम भविष्य का आधार

किसी भी देश, समाज या परिवार की वास्तविक सम्पत्ति युवा वर्ग ही है। सुशिक्षित, सुसंस्कारित व प्रगतिशील युवा वर्ग से ही किसी भी समाज और राष्ट्र का विकास होता है। देश के सबसे प्रबद्ध माने जाने वाले माहेश्वरी समाज ने युवाओं के इस महत्व को हमेशा ही अपने कर्तव्यों के शिखर पर रखा। इसी का परिणाम है कि जबसे शीर्ष संगठन अ.भा. माहेश्वरी महासभा का गठन हुआ, युवाओं का विकास व संगठन से उनका जुड़ाव सर्वोच्च प्राथमिकता रही। इसी का परिणाम है कि देश की आजादी के बाद जब बदलते परिप्रेक्ष्य में युवा वर्ग को संगठन से जोड़े रखने व उन्हें समाज तथा राष्ट्रहित की जिम्मेदारी सौंपने की बात उठी, तो युवा संगठन के गठन में भी देर नहीं की गई।

जिस सोच के साथ महासभा द्वारा अपनी सहयोगी संस्था के रूप में अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन की स्थापना की गई, युवा संगठन भी उन अपेक्षाओं पर खरा उतरने में पीछे नहीं रहा। प्रारंभ से ही संगठन का लक्ष्य रहा, समाज की युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा प्रदान करना व उन्हें संस्कारित रखते हुए प्रगति के नये आयाम देना। मुझे गर्व है कि हमारा युवा संगठन न सिर्फ इन उद्देश्यों पर खरा उतरा, बल्कि उसने समय-समय पर युवा वर्ग की क्रान्तिकारी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए समाज में व्याप्त कुरुतियों को जडमूल से उखाड़ फैंकने में भी कोई कसर नहीं रख छोड़ी। इसी का प्रमाण है, श्री श्याम सोनी का कार्यकाल जिसमें विधवा विवाह के प्रति सम्मानजनक रूप से सोच बदली गई। इसके लिये संगठन के समस्त पूर्व पदाधिकारी धन्यवाद के पात्र हैं।

वर्तमान 11 वां सत्र समाप्ति की ओर है, लेकिन इस सत्र में जो कुछ हुआ है, उसकी गूँज सदैव सुनाई देती रहेगी। इस सत्र की कालावधि में कॅरियर व उद्योग व्यवसायों के सामने कई नई चुनौतियाँ आई। संगठन ने इस सत्र में कमल भूतड़ा के कुशल नेतृत्व में इन समस्याओं को भी चुनौती की तरह लिया और अन्य नियमित गतिविधियों के साथ समाज को आर्थिक क्षेत्र में अग्रसर रखने का बीड़ा भी उठा लिया। मैं कमलजी को बचपन से जानता हूँ। उनके पिताजी श्री रामरतन भूतड़ा से मेरे घनिष्ट सम्बंध रहे हैं। अतः मुझे विश्वास था कि यह लड़का जरूर कामयाब होगा और हुआ भी यहीं। इस सत्र में जो प्रयास हुए उन्होंने युवा वर्ग ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण माहेश्वरी समाज के आधुनिक आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। श्री भूतड़ा के नेतृत्व में युवा संगठन ने विकास के जो नये आयाम स्थापित किये हैं, निश्चय ही ये दीर्घकाल तक लाभदायक सिद्ध होंगे।

अब युवा शक्ति की बागडोर नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार काल्या को सौंपी जाऐगी। सर्वप्रथम तो मैं श्री काल्या को बधाई देता हूँ। अब 12वें सत्र की जिम्मेदारी श्री काल्या के कंधों पर आने वाली है। वैसे उन्हें मिला है, 11 वें सत्र का एक अत्यंत गतिशील व विकास उन्मुख संगठन। श्री काल्या को इन गतिविधियों को तो सुचारु रखना ही होगा, साथ ही संगठन को समयानुकूल और भी गतिशील करना होगा। वैसे श्री काल्या ने महासभा के बैनर तले सामंजस्य से कार्य करने का जो संकल्प लिया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। इससे सभी संगठनों की पूरी क्षमता का उपयोग होगा और दोहराये जाने वाले कार्यक्रमों में होने वाला धन व समय का अपव्यय भी रुकेगा। श्री काल्या ने युवाओं की रुचि के अनुरूप जो कार्यक्रम तय किये हैं, आशा है इनसे समाज का एक बड़ा युवा वर्ग भी समाज की मुख्य धारा में आयेगा।

जय महेश!

**राजेन्द्र चाण्डक**
अतिथि सम्पादक

*सूरत निवासी श्री राजेन्द्र चाण्डक एक ऐसे निःस्वार्थ समाजसेवी है, जिन्हें सभी ने प्रेम से नाम है, "राजू भाई"। माहेश्वरी समाज संगठन में भी श्री चाँडक सदैव पूर्ण निःस्वार्थ भाव से सक्रिय रहे हैं। उन्होंने बिना किसी पद की कामना के अपना यथोचित सहयोग दिया। इसी का परिणाम है कि सूरत माहेश्वरी समाज ने उन्हें "महेश रत्न" के सम्मान से नवाजा। वे जैसलमेर ग्रुप से भी सक्रिय रूप से सम्बद्ध हैं। इसके माध्यम से ही सूरत को "जैसलमेर माहेश्वरी" भवन की सौगात मिली है। विभिन्न गौसेवा गतिविधियों में भी उनका आर्थिक सहयोग रहा है। व्यावसायिक क्षेत्र में "सूरत चेम्बर ऑफ कॉमर्स" के संरक्षक सदस्य हैं। उनकी धार्मिक व समाजसेवी गतिविधियों में धर्मपत्नी रीता देवी के साथ ही सम्पूर्ण परिवार भी सक्रिय रूप से सहयोग दे रहा है।*

*आकोट-महाराष्ट्र में श्री बद्रीनारायण चांडक के यहाँ जन्में "राजू भाई" ने लगभग 32 वर्ष पूर्व सूरत में कदम रखा था। वहाँ आकर "बालकिशन सिल्क मिल्स" में कपड़ा व्यवसाय के गुर सीखे और स्वयं का कपड़ा निर्माण का उद्योग भी शुरू किया। इसके साथ-साथ ही कपड़ा व्यवसाय में तमिलनाडु, महाराष्ट्र व केरल आदि में आढ़त का काम प्रारंभ किया, जो वर्तमान में चांडक क्रिएशन के रूप में प्रतिष्ठित हो चुका है। गत 9-10 वर्ष पूर्व मिलेनियम मार्केट में रितुराज इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रापर्टी व्यवसाय की शुरुआत की थी, जो वर्तमान में राजस्थान व महाराष्ट्र आदि कई प्रदेशों में वटवृक्ष की तरह स्थापित हो चुका है। उनकी कम्पनी रितुराज इन्फ्राटेक लि. वर्तमान में टेक्सटाईल हब, रितुराज युनिक्यु टेक्सटाईल मार्केट, रितुराज मुंबई फेन्सी मार्केट, साकेत टेक्सटाईल मार्केट, केलिक्स टेक्सटाईल 9 व मंगलम् 63 जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट संचालित कर रही है।*



**इस स्तम्भ में आप माहेश्वरी समाज की कुलदेवियों के दर्शन कर रहे हैं। श्रृखंला में प्रस्तुत है- खीवंज माताजी। भारत को विश्व में परमाणु शक्ति का दर्जा दिलाने वाले राजस्थान के पोकरण में स्थित माताजी स्वयं-भू शक्ति है। केवल माहेश्वरी समाज ही नहीं हर वर्ग समुदाय यहां से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य समझता है। आईए चलें माताजी की यात्रा पर-**




दिनेश माहेश्वरी ( भूतड़ ), इन्दौर

**खीवंज माताजी माहेश्वरी जाति की भूतड़ा खांप की कुलदेवी है। इसके अतिरिक्त भूतड़ा परिवार में भूतड़ा, चेचाणी, देवदतमाणी, देवगट्टानी, चौधरी तथा सर्राफ आदि नख वाले लोग भी इन्हें अपनी कुलदेवी मानते हैं।**

मातेश्वरी का आदि-अनादि मंदिर राजस्थान के जैसलमेर जिले के ग्राम पोकरण में स्थित है। पोकरण के दक्षिण में 4 किमी दूर बाड़मेर राजमार्ग पर एक पहाड़ी पर शोभायमान मातेश्वरी की मूर्ति चट्टान के अन्दर से स्वयं जागृत रूप में प्रकट है जिसकी विशेष मनुष्य आकृति नहीं है। माताजी का स्वरूप बड़ा ही तेजस्वी व अत्यंत ही चमत्कारी है। मन्दिर पर लगे स्तम्भ राजा विक्रमादित्य कालीन हैं जिससे ज्ञात होता है कि मंदिर आठवीं शताब्दी से पहले का बना हुआ है। मुगलकाल में औरंगजेब द्वारा इस मन्दिर को नष्ट करने का प्रयास करने पर माताजी के अद्‌भुत चमत्कार से भयभीत औरंगजेब ने पुनः निर्माण करवाया था। उस समय से यह ऐतिहासिक मन्दिर विद्यमान है। मन्दिर तक पक्की सड़क है।

मातेश्वरी को लाल वस्त्र,लाल पुष्प व फलों में अनार अति प्रिय है। यहां अखण्ड ज्योत जलती रहती है। वर्ष में दो बार चैत्र शुक्ल पक्ष व आसोज शुक्ल पक्ष नवरात्रि में यहाँ मेला लगता है जिसमें दूर-दूर से यात्री सम्मिलित होने आते हैं। शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से नवरात्रि स्थापना, पूजन व अखण्ड पाठ चलता है, अष्टमी को हवन होता है। रात्रि में सत्संग व जागरण के पश्चात नवमी के दिन महाप्रसादी का आयोजन किया जाता है।

मातेश्वरी मन्दिर की व्यवस्था, अखण्ड ज्योत व पूजन सुचारु चलाने के लिए एवं मन्दिर का पूर्ण जीर्णोद्धार करवाने के लिए सन् 1982 में एक संचालक मण्डल (ट्रस्ट) का गठन किया गया जिसे राज्य सरकार द्वारा पंजीकृत करवाया गया है। मंदिर में रहने-ठहरने की अच्छी व्यवस्था है। यहां पहुंचने के लिए सभी प्रकार के साधन उपलब्ध हैं।



# महासभा के 28वें सत्र की प्रथम बैठक सम्पन्न
# विभिन्न समितियों में नवनिर्वाचन के साथ लिये कई महत्वपूर्ण निर्णय

**नासिक.** महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा के संयोजन तथा नासिक जिला माहेश्वरी सभा के आतिथ्य में अभा माहेश्वरी महासभा के नवीन 28वें सत्र की प्रथम कार्यसमिति की बैठक का दो दिवसीय आयोजन गणतंत्र दिवस पर हुआ। गत 26 व 27 जनवरी को आयोजित इस बैठक में महासभा के अंतर्गत संचालित कई समितियों के संयोजक व सदस्य आदि की नवीन नियुक्ति की गईं। इसमें समाज के तीनों संगठन महासभा, महिला व युवा संगठन में समन्वय का प्रथम बार प्रयास हुआ।

बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित सभापति श्यामसुंदर सोनी ने की। महामंत्री संदीप काबरा ने बैठक का संचालन किया। पूर्व सभापति रामपाल सोनी, निवर्तमान सभापति जोधराज लड्डा का सान्निध्य और दक्षिणांचल उपसभापति अशोक बंग व संयुक्त मंत्री सतीश चरखा का आतिथ्य रहा। सर्वप्रथम गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर श्री सोनी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। इसके साथ कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। पदाधिकारियों की कोलकाता में आयोजित बैठक के निर्णयानुसार स्वागत-सत्कार में कोई ताम-झाम नहीं किया गया। सर्वप्रथम समाज के दिवंगत महानुभावों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। फिर सभापति श्री सोनी का उद्‌बोधन हुआ, जिसमें उन्होंने पूरे 28वें सत्र की कार्य भूमिका सदन के समक्ष प्रस्तुत की। तत्पश्चात कार्यक्रमानुसार प्रशिक्षण संबोधन में श्री चरखा और राजेश चांडक ने अतिमहत्वपूर्ण जानकारियों की प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम करीब 2 घंटे चला। भोजन उपरांत कार्यसमिति की बैठक अपने एजेण्डे के अनुसार शुरू हुई। सबसे पहले 27वें सत्र की अंतिम कार्यसमिति मिनट को रखा। एक संशोधन सर्वसम्मति से पारित हुआ कि 27वें सत्र की कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से दो भूतपूर्व सभापति रघुनाथदास सोमाणी व बंशीलाल राठी, निवर्तमान सभापति रामपाल सोनी और वर्तमान सभापति जोधराज लड्डा इन चारों वरिष्ठ महानुभावों को आगामी सत्र के चुनाव सर्वसम्मति से कराने को कहा था। इन चारों के अलावा इस समिति में अन्य कोई नहीं था।

## सदस्यता शुल्क में की वृद्धि

मुख्य चुनाव अधिकारी प्रकाशचंद्र बाहेती ने इस सत्र में हुए विभिन्न प्रदेशों और जिलों के चुनावों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यसमिति के दो सहवरित सदस्यों, माहेश्वरी बोर्ड के गठन, प्रोफेशनल सेल के संयोजक की नियुक्ति और महासभा के सुचारु संचालन हेतु गठित होने वाली समितियों के संयोजक व उनके सदस्यों की नियुक्ति हेतु सभापति को सर्वसम्मति से अधिकृत किया। अर्थमंत्री आरएल काबरा ने वित्त व्यवस्था की विगत जानकारी निवर्तमान अर्थमंत्री से नहीं मिल पाने के कारण संक्षेप में रखी। योजनाओं को देखते हुए काफी विचार विमर्श के बाद सदन में क्रमशः कार्यकारी मंडल सदस्यों का सत्र शुल्क 3000 रुपए, कार्यसमिति सदस्यों का 5000 रुपए और पदाधिकारियों का 11000 रुपए रखने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

## सोमानी बने माहेश्वरी बोर्ड अध्यक्ष



दूसरे दिन सभापति ने अपनी घोषणाओं को प्रस्तुत किया। इसमें सहवरित सदस्य : प्रकाशचंद्र बाहेती-खंडवा व वीरेंद्रकुमार भुराड़िया-वाराणसी को मनोनीत किया। माहेश्वरी बोर्ड के चेयरमैन-लक्ष्मीनारायण सोमाणी-मुंबई तथा सदस्य बजरंगलाल बाहेती-जयपुर, कैलाश काबरा-गुवाहाटी, रामप्रकाश साबू-दिल्ली, प्रोफेशनल सेल के संयोजक के रूप में रतनलाल नौलखा भीलवाड़ा, संविधान संशोधन समिति संयोजक के रूप में अशोक ईनाणी-इंदौर शामिल हैं। कैरियर गाइडेंस में जयप्रकाश सोमाणी-पुणे, मातोश्री प्रकोष्ठ में कमल गांधी-कोलकाता, सर्वांगीण विकास योजना में रमाशंकर झंवर-कोलकाता, कार्यकर्ता प्रशिक्षण में राजेश चांडक-अमरावती तथा राजनीतिक प्रकोष्ठ में संयोजक-श्याम जाजू दिल्ली, कृषि प्रकोष्ठ में सूर्यप्रकाश मालानी-संयोजक और रतनलाल डागा-जोधपुर सहसंयोजक चुने गए। इसी प्रकार विवाह संबंध समिति में मनीष मालपानी तथा चेतना लहर में संयोजक विमला साबू-सूरत मनोनीत की गईं।

## ये हुए महत्वपूर्ण निर्णय

वेबसाइट और टोल फ्री नंबर्स के माध्यम से सुदूर बसे माहेश्वरी बंधु तक पहुँचने के लक्ष्य को प्राप्त करने, माहेश्वरी मुखपत्र की ग्राहक संख्या बढ़ाने और नवीन जानकारी के साथ सामाजिकता के पारिवारिक फॉर्म भरवाने, सभी महासभा सदस्यों व प्रदेश/जिला सभाओं को नए सिरे से जवाबदारी देने का निर्णय हुआ। सभी ट्रस्ट को अधिक क्रियाशील करने का भी निर्णय लिया गया। आदित्य विक्रम बिड़ला व्यापार सहयोग केंद्र में अब फोटो कॉपी फॉर्म भी स्वीकार किए जाएंगे। तीसरी बच्ची के आगमन पर नकद राशि से माता-बच्ची को सम्मानित करने तथा प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा सुलभ कराने हेतु नए ट्रस्ट प्रस्तावित हुए और सदन ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। प्रदेशों को भी अपने-अपने ट्रस्ट बनाने को प्रोत्साहित किया जाएगा। अब महिला एवं युवा संगठन को महासभानुरूप जिम्मेदारियां दी जाएंगी। इन संस्थाओं के विधान को संशोधित किया जाएगा। एक संयुक्त कैलेंडर भी बनाया जाएगा।

# महिला संगठन ने दिया कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण



**वडोदरा.** गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी महिला संगठन के अष्ठम सत्र की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक व कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन माहेश्वरी महिला मंडल बड़ौदा के आतिथ्य में आयोजित हुआ। उद्घाटनकर्ता अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की संरक्षिका रत्नीदेवी काबरा मुंबई थीं। सम्माननीय अतिथि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बिमलादेवी साबू सूरत, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्षा ज्योति राठी रायपुर व विशेष अतिथि राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मंगल मर्दा वापी तथा गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी सभा के मंत्री सुनील गीगल थे। अतिथियों का सम्मान बड़ौदा महिला मंडल अध्यक्ष विजया मूंदड़ा ने काव्यात्मक ढंग से किया। प्रांतीय अध्यक्ष उमा जाजू ने स्वागत उद्बोधन दिया। आभार बड़ौदा महिला मंडल सचिव किरण माहेश्वरी ने माना। कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत राष्ट्रीय मध्यांचल उपाध्यक्षा ज्योति राठी ने "सशक्त संगठन एवं सुदृढ़ कार्यकर्ता" विषय पर बहुत ही रोचक मार्गदर्शन दिया। राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मंगल मर्दा ने "शृंखलाबद्ध कड़ी को जानिए" विषय पर उद्बोधन दिया। इस शिविर में "संगटन में समन्वय-समस्या व समाधान" विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कोलार्ज स्पर्धा भी आयोजित की गई। विषय 'स्थानीय संगठन एक झलक' था। इसमें प्रथम पुरस्कार संगिनी संगटन अहमदाबाद, द्वितीय पुरस्कार वलवाड जिला माहेश्वरी संगठन वापी, तृतीय पुरस्कार सखी संगठन दाहोद व सांत्वना पुरस्कार सखी संगठन जामनगर को दिया गया।

# देवपुरा को शिखर सम्मान




**भीलवाड़ा.** सामयिकी संस्था के 47वें स्थापना दिवस पर भीलवाड़ा में आयोजित समारोह में साहित्य मंडल, श्रीनाथद्वारा के प्रधानमंत्री श्यामप्रकाश देवपुरा को उनकी सुदीर्घ हिंदी सेवाओं के लिए "भारत गौरव शिखर सम्मान" प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि साहित्य मंडल अनेक दशकों से 'हिंदी लाओ, देश बचाओ' अभियान चला रहा है। 14 सितंबर को राष्ट्रभाषा और फरवरी में पाटोत्सव पर ब्रजभाषा के लिए तथा संस्था के संस्थापक स्व. भगवतीप्रसाद देवपुरा की पुण्य स्मृति में 6 जनवरी को भव्य आयोजन किया जाता है।

"'रिश्ते 'मौके के नहीं, 'भरोसे' के मोहताज होते है...!"

# पूर्वांचल उपसभापति तापड़िया का अभिनंदन



**काठमांडू.** माहेश्वरी समाज काठमांडू (नेपाल) द्वारा पूर्वांचल उपसभापति रमेश तापड़िया का उनकी सेवाओं के लिये अभिनंदन किया गया। माहेश्वरी समाज काठमांडू के अध्यक्ष कैलाशचंद्र मूंदड़ा ने श्री तापड़िया की सेवाओं पर प्रकाश डाला। समाज के मानार्थ अध्यक्ष चंपालाल बाहेती, माहेश्वरी सदन ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष रामनिवास जाखोटिया, नेपाल माहेश्वरी परिषद के पूर्व अध्यक्ष बृजगोपाल तोषनीवाल, माहेश्वरी महिला मंच की अध्यक्ष पुष्पा चितलांगिया, माहेश्वरी युवा मंच के अध्यक्ष सुरेश इनानी, समाज के निवर्तमान अध्यक्ष नंदकिशोर मूंदड़ा, समाज के पूर्व अध्यक्ष शिवरतन सारडा एवं सत्यनारायण बाहेती द्वारा भी पुष्पगुच्छ प्रदान कर एवं शॉल-श्रीफल भेंटकर श्री तापड़िया का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सुरेंद्र शारदा ने किया। आभार समाज उपाध्यक्ष बृजमोहन बाहेती ने माना।

# बेटे के विवाह के पूर्व गाँव की बेटियों का किया कन्यादान




**नीमच.** समाज सदस्य व व्यवसायी नारायणदास बाहेती ने बेटे दीपेश के विवाह 22 जनवरी के पहले सामाजिक पहल पर जोर देते हुए समाज के असक्षम परिवारों की बेटियों के हाथ पीले करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके लिये बाहेती परिवार ने माहेश्वरी भवन में सामूहिक विवाह समारोह में जीरन व रेवली देवली गांव की पांच बेटियों का कन्यादान किया। इनमें ब्राह्मण परिवार की तीन और माली परिवार की दो बेटियां शामिल हैं। सामूहिक विवाह के लिए 2 हजार लोगों को आमंत्रित कर साक्षी बनाया गया। सुबह 11 बजे वर-वधुओं की बिंदौली के बाद दोपहर 12.30 बजे पाणिग्रहण संस्कार किया। दोपहर में बेटियों की धूमधाम से विदाई की गई। कन्याओं को गृहस्थी का सामान भी भेंट किया।

# 'श्री माहेश्वरी टाइम्स के जोधपुर विशेषांक' का लोकार्पण



**जोधपुर.** पत्रिका 'श्री माहेश्वरी टाईम्स' के फरवरी 2017 जोधपुर विशेषांक का लोकार्पण गत 10 फरवरी शाम 4 बजे, माहेश्वरी भवन, कमला नेहरू नगर में हुआ। इस अवसर पर विशेषांक प्रभारी, साहित्यकार हरिप्रकाश राठी ने कहा विशेषांक में सूर्यनगरी के इतिहास, खानपान, तहज़ीब के साथ गणगौर, बेंतमार जैसे शहर के खास उत्सवों व यहां की प्रसिद्ध मिठाइयों का भी ब्योरा है। विशेषांक में शहर के आध्यात्मिक इतिहास यथा मंडोर में रावण के ससुराल, कृष्ण-उतँक संवाद का भी समावेश किया गया है। संपादक स्वाति जैसलमेरिया ने कहा कि इस विशेषांक को बनाना मेरा चिर-स्वप्न था। इस विशेषांक में हमने नामचीन समाजसेवियों के साथ माहेश्वरी समाज के इतिहास, नामी डॉक्टर, अध्यात्मवेत्ता, स्वतंत्रता सेनानी, प्रवासी एवं विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अनेक चेहरों, सरकारी अधिकारियों एवं न्यायविदों तक को स्थान दिया है। विशेषांक में दिवंगत समाजसेवियों का भी जिक्र है। जोधपुर माहेश्वरी समाज अध्यक्ष दामोदर बंग ने इसे समाज की उपलब्धि बताया। समारोह में परिवार परिवेदना निराकरण समिति के चिंतक ओम फोफलिया, ख्यात समाजसेवी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेवासदन पुष्कर शिवरतन मानधना, जेएम बूब एवं श्रीमती चंद्रा बूब के साथ अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

## होशंगाबाद-हरदा युवा संगठन ने ली पद की शपथ



**सिवनी-मालवा.** राष्ट्रीय संगठन मंत्री दीपक चांडक बरेली के मुख्य आतिथ्य में हरदा-होशंगाबाद माहेश्वरी युवा संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान सिवनी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी राधेश्याम सारडा का भी सम्मान किया गया। विशेष अतिथि प्रदेश महामंत्री स्वरूप मोहता विदिशा और युवा संगठन के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र गोदानी थे। इस अवसर पर संगठन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सर्वेश सोमानी, सचिव ऋषभ खंडलोया, उपाध्यक्ष नयन तोषनीवाल, गौरवमतल, वैभव जावधिया, रूपक बाहेती, कोषाध्यक्ष गिरराज तोतला, सहसचिव मयंक राठी, प्रतीक टावरी, गोविंद तापड़िया, संगठन मंत्री गोविंद गट्टानी, सांस्कृतिक मंत्री शिखर मालानी, प्रचार मंत्री राजीव साबू, बधाई संयोजक अरविंद माहेश्वरी ने मुख्य अतिथियों के सामने पद की शपथ ग्रहण की है। वहीं आठों इकाइयों के अध्यक्ष, सचिव और जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण की। मंच का संचालन सिवनी मालवा के समाज अध्यक्ष पुरुषोत्तम सारडा ने किया। आभार सिवनी युवा मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश सारडा ने व्यक्त किया।

## रामपाल सोनी पर डाक टिकट जारी



**भीलवाड़ा.** माहेश्वरी समाज के युवाओं द्वारा संगम उद्योग के चेयरमैन रामपाल सोनी के 71वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में डाक विभाग से 5 रुपए के तीन तरह के डाक टिकट 'माई स्टेम्प' योजना अंतर्गत जारी करवाये गये हैं। दक्षिण राजस्थान माहेश्वरी महासभा के प्रतिनिधि महावीर समदानी, समाजसेवी प्रकाश पोरवाल, माहेश्वरी टाईम्स प्रतिनिधि शंकर सोनी एवं प्रधान डाकर के इंचार्ज बिजनेस डेवलपमेंट प्रमुख जनसंपर्क अधिकारी रोशन सोनी ने श्री सोनी के चित्रवाला 5 रुपए मूल्य का डाक टिकट फ्रेम में उन्हें भेंट किया एवं बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बागड़ी का हुआ सम्मान



**नागपुर.** भारत विकास परिषद की पश्चिम शाखा का स्नेह सम्मेलन गत दिनों संपन्न हुआ। इसमें भारत विकास परिषद उपाध्यक्ष शरद-गोपीदास बागड़ी को अभी 'माहेश्वरी ऑफ द ईयर 2016' व राजस्थान सरकार के सहयोग से आयोजित पधारो राजस्थान में 'राजस्थान-श्री' का पुरस्कार प्राप्त होने के लक्ष्य में शॉल-श्रीफल से विशेष सत्कार किया गया।

## चित्तौड़गढ़ माहेश्वरी जागृति मंडल

**चित्तौड़गढ़.** गत 26 जनवरी को चित्तौड़गढ़ द्वारिका धाम में माहेश्वरी महिलाओं ने बसंत मेला लगाया। इसमें माहेश्वरी जागृति मंडल द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट चटपटे व्यंजन एवं इमिटेशन ज्वैलरी व रोजमर्रा के काम आने वाले विभिन्न प्रकार के किट आर्ट एंड क्राफ्ट व कुर्ती की स्टॉल लगाई गई। इनका सफलतम प्रदर्शन रहा।

"संबंध को जोड़ना एक कला है,
लेकिन संबंध को निभाना एक साधना है"

## युवा मंडल ने करवाई क्रिकेट प्रतियोगिता



**रायपुर.** माहेश्वरी युवा मंडल द्वारा समाज के सदस्यों के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन विगत दिनों आर.एस.एस. ग्राउंड डंगनिया में किया गया। जूनियर वर्ग में विजेता कुंदन राठी व राघव लड्ढा तथा उपविजेता लावन्या राठी व पीयूष मोहता रहे। सीनियर्स ग्रुप में विजेता सी.एस. संजय मोहता टीम व उपविजेता संजय मोहता एंड टीम रही। इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया। अखिल भारतीय युवा संगठन के पूर्व खेल मंत्री डॉ. रवि राठी व शैलेंद्र करवा एवं माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष विजय दम्मानी एवं उनकी कार्यकारिणी ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के संयोजक शेखर बागड़ी, जयंत मोहता, अतुल टावरी व राहुल माहेश्वरी थे। राजेश राठी, मनोज राठी, सत्येन माहेश्वरी, राजेश राठी, दीपक डागा, मनोहर भूदड़ा, आलोक बागड़ी, श्याम बागड़ी, हरीश बजाज, संजय हरनारायण मोहता, आशीष राठी, प्रसन्न गट्टानी आदि समस्त सदस्यों का योगदान रहा।

## प्रदेश महिला संगठन पदाधिकारियों ने संभाला दायित्व

**बनखेड़ी.** स्थानीय संगठन के आतिथ्य में सप्तम सभा की प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की प्रथम कार्यसमिति की बैठक ठेनी (बनखेड़ी) में नवनिर्वाचित सचिव अनिता जांवधिया के निवास पर सम्पन्न हुई। इसमें बनखेड़ी महिला मंडल, युवा मंडल व सेवा मंडल के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उन्होंने सभी प्रादेशिक पदाधिकारियों का स्वागत किया। राजेश जांवधिया, घनश्याम डांगरा, संगीता जांवधिया सहित युवा संगठन के सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। बैठक में प्रदेश की पूर्व अध्यक्ष शोभा भट्टर, निर्मला जेठा आदि के उद्बोधन भी हुए। बैठक में प्रादेशिक नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष प्रतिभा झँवर, सचिव अनिता जांवधिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता पलोड़, सहसचिव राजश्री राठी, कोषाध्यक्ष शशि काबरा, संगठन मंत्री रेणु झँवर, निवर्तमान अध्यक्ष मंजरी छापरवाल आदि को पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। अखिल भारतीय सदस्यों के लिये भी नाम की घोषणा हुई। कार्यक्रम का संचालन संगीता पलोड़ ने किया। संगठन मंत्री ने आभार माना। उक्त जानकारी प्रदेश सचिव अनिता जांवधिया ने दी।

## बचत समिति का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

**भीलवाड़ा.** स्थानीय आरकेआरसी महेश बचत समिति का वार्षिक अधिवेशन व आम सभा गत 26 जनवरी को कैलाशचंद्र दरगड़ की अध्यक्षता में आरकेआरसी महेश सेवा संस्थान में आयोजित की गई। समिति के मंत्री ने समिति का कार्य विवरण प्रस्तुत किया तथा कोषाध्यक्ष ने समिति का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अंशधारियों को 10 प्रतिशत लाभांश वितरित किया गया। अधिवेशन में प्रस्तुत वार्षिक लेखा एवं प्रगति रिपोर्ट को देखकर मदनलाल आगाल एवं सत्यनारायण मंत्री ने समिति के कार्यों की प्रशंसा की तथा समिति के 15 संग्रहण प्रभारियों का उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु अभिनंदन किया गया। सायंकाल हुए स्नेहभोज में शहर के कई गणमान्यजनों ने भाग लिया।

## श्रीलंका यात्रा का किया आयोजन



**बैंगलोर.** स्थानीय माहेश्वरी सभा नववर्ष के प्रारंभ में विगत 11 वर्षों से देवदर्शन यात्रा का आयोजन करती आ रही है। इसी कड़ी के अंतर्गत 6 से 12 जनवरी तक श्रीलंका स्थित रामायण ट्रेल यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में श्रीलंका के विभिन्न दर्शनीय स्थलों का भ्रमण भी किया गया। इसमें टेम्पल ऑफ टूथ, मुनेश्वरम मंदिर, मनावरी मंदिर, श्री भक्त हनुमान मंदिर, रॉयल बॉटनिकल गार्डन, सीता हनुमान मंदिर, अशोक वाटिका, गायत्रीपीठम् इत्यादि शामिल हैं। एलिफेंट ऑरफेंज, टर्टल एचेरी, बोट राइट एवं समुद्र तट तथा अन्य पर्यटक स्थलों का भी लुत्फ उठाया। इस यात्रा में समाज के कुल 106 सदस्य परिवारों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं में नंदकिशोर दरक, नवलकिशोर मालू, भगवानदास लाहोटी एवं निर्मलकुमार तापड़िया की अहम भूमिका रही।

## छग प्रदेश सभा की बैठक सम्पन्न

**डोंगरगढ़.** छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रथम कार्यकारी मंडल की बैठक राजनांदगांव जिला माहेश्वरी सभा के सौजन्य में माहेश्वरी सभा डोंगरगढ़के द्वारा आयोजित की गई। माहेश्वरी सभा डोंगरगढ़के अध्यक्ष ओमप्रकाश कोठारी ने स्वागत भाषण दिया। बैठक की कार्यवाही का संचालन नारायण राठी, प्रदेश मंत्री द्वारा किया गया। बैठक में प्रादेशिक सभा द्वारा विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन किया, जिसमें विवाह प्रकोष्ठ, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ कार्यक्रम संयोजक प्रकोष्ठ व आईटी सेल प्रमुख हैं। संपूर्ण प्रदेश के अविवाहित युवक-युवतियों की बायोडाटा पुस्तिका वैवाहिक प्रकोष्ठ प्रमुख गणेश भट्टड़ द्वारा तैयार की गई। इस मंगल पत्रिका का विमोचन पूर्व अर्थमंत्री दामोदरदास मूंदड़ा, अ.भा.मा.म. सभा के करकमलों से हुआ।

## उरई महिला मंडल के चुनाव सम्पन्न

**जालौन.** उरई माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव सर्वसम्मति से राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्यता एवं प्रदेश संगठन मंत्री उर्मिला भट्टड़ एवं शशि भट्टड़ की उपस्थिति में गत 8 जनवरी को अध्यक्ष शारदा भट्टड़ के निवास पर सम्पन्न हुई। अध्यक्ष रंजना भट्टड़, उपाध्यक्ष दीपा भट्टड़, सचिव वर्षा भट्टड़, कोषाध्यक्ष ममता भट्टड़ व सहसचिव गीता मालपानी चुनी गईं। इनके साथ ही कुसुम भट्टड़ व तरुणा केला सूचना मंत्री तथा गीता राठी व मुक्ता भट्टड़ कार्यक्रम संयोजक चुनी गईं।

"गलती आपकी हो या मेरी
रिश्ता तो हमारा है ना..."

## छप्पन भोग के साथ अन्नकूट सम्पन्न




**इंदौर.** श्री दक्षिण क्षेत्र माहेश्वरी समाज इंदौर द्वारा अन्नकूट महोत्सव और छप्पन भोग दर्शन का आयोजन किया गया। संस्था सचिव रूपेश भूतड़ा ने बताया कि इस मौके पर क्षेत्र के वरिष्ठ गोवर्धनलाल कोठारी का सम्मान समारोह भी रखा गया। अध्यक्षता हनीश अजमेरा ने की। अतिथि राजेंद्र इनानी अध्यक्ष पश्चिमांचल माहेश्वरी सभा, कल्याणमल मंत्री अध्यक्ष इंदौर जिला माहेश्वरी समाज, महेश तोतला निवर्तमान अध्यक्ष पश्चिमांचल माहेश्वरी सभा, वसंत खटौड़ मंत्री पश्चिमांचल माहेश्वरी सभा आदि मौजूद थे। अध्यक्षीय उद्बोधन में कमल बाहेती ने संस्था द्वारा किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक टोडरमल मूंदड़ा, महेश बल्दवा, दीप्ति भूतड़ा, सौरभ राठी ने बताया कि छप्पन भोग के आयोजन को देशभक्ति थीम पर सजाया गया।

## धनुर्मास महोत्सव का हुआ आयोजन



**पुणे.** संस्था श्री माहेश्वरी बालाजी मंदिर में प्रतिवर्षानुसार श्री धनुर्मास महोत्सव गत 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक आयोजित हुआ। इसमें 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे तक प्रभातफेरी निकाली गई। 17 जनवरी को श्री गोदाम्बाजी तथा बालाजी भगवान का विवाह संपन्न हुआ। इस दिन पालकी में मूर्ति रखकर नगर प्रदक्षिणा की गई। समाप्ति के दिन इस बार रिकॉर्ड 351 भक्तों ने प्रसाद का यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। विठ्ठल मणियार नगर पार्षद गणेश बिड़कर, राजू शेट्टी, रवींद्र धंगेकर सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे। संस्था सहसचिव अशोक जाजू ने आभार व्यक्त किया। महोत्सव को सफल बनाने में संस्था अध्यक्ष सुरेश नावंदर, विश्वस्त मंडल, महिला मंडल तथा युवा संगठन आदि ने सहयोग दिया।

## महिला संगठन अध्यक्ष गगडानी ने किया प्रदेश का भ्रमण






**मोदीनगर.** महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष कल्पना गगडानी का प्रदेश भ्रमण काय्रक्रम पश्चिमी उत्तरप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन तदर्थ समिति के तत्वावधान में मोदीनगर माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा अध्यक्षा मोनिका माहेश्वरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सभी सदस्यों का कुमकुम लगाकर स्वागत के साथ किया गया। संक्रांति पर्व होने से वृद्धजनों को आवश्यक खाद्य सामग्री, ऊनी वस्त्र व कंबल भी बांटे गए। समाज की ही जरूरतमंद महिला रश्मि माहेश्वरी को प्रदेश की ओर से स्नातकोत्तर शिक्षा के लिये फीस प्रदान की गई। कार्यक्रम का मुख्य आर्कषण मोनिका माहेश्वरी द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षित झुग्गी-बस्ती के एक स्कूल 'लक्ष्य पाठशाला' के बच्चों द्वारा दी गई नृत्य प्रस्तुति था। भ्रमण के दौरान सहारनपुर, हापुड़, अलीगढ़, बुलंदशहर, मेरठ, मुजफ्फनगर, मीरापुर, आगरा एवं गाजियाबाद की सदस्याओं को संबोधित किया। इसमें उन्होंने नवगठित 11 समितियों के उद्देश्य व योजनाओं एवं इनके क्रियान्वयन पर भी प्रकाश डाला। प्रत्येक नगर संगठन से एक गांव को गोद लेने की अपील भी की गई, जिससे कि निचले-स्तर से महिलाओं का उत्थान संभव हो पाए। उत्तरांचल उपाध्यक्ष कांता गगरानी एवं सहसचिव शर्मिला राठी द्वारा संगठन के प्रति और अधिक समर्पित रहने के लिये प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री मंजू बांगड़ किन्हीं कारणवश उपस्थित नहीं हो पाईं। पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद माहेश्वरी, प्रदेश सचिव मंजू हरकुट, मोदीनगर समाज अध्यक्ष प्रमोद माहेश्वरी, राजेंद्रकुमार एवं कुलदीप माहेश्वरी की विशेष उपस्थिति रही।

## महिला मंच का नेतृत्व दरक व भंडारी को




**उदयपुर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच ने अनिता दरक को महिला मंच की शहर जिलाध्यक्ष और उर्मिला भंडारी को महिला मंच देहात जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेशाध्यक्ष प्रतिमा नैथानी ने मंच प्रदेशाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी की सहमति से दोनों जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है।

## महिला मंडल ने करवाई यात्रा



**गुलबर्ग.** स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा श्रीरंगम और दिव्य देश की यात्रा करवाई गई। इस 5 दिनों की यात्रा में 45 महिलाएँ शामिल हुईं। माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष पुष्पा जे. मालू, सचिव सरला ओमप्रकाश काबरा एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## लाठी बने मैन ऑफ दी मैच



**जलगांव.** निलाँस इंटरप्राइजेस प्रालि की ओर से एकलव्य क्रीड़ा संकुल पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। इसें जलगांव और पूना संघ में कड़ी टक्कर हुई। जलगांव की टीम ने इस रोमांचक मैच में जीत हासिल की। इस टीम के आशीष अनिल राठी को श्रेष्ठ बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए निलॉन्स के चेयरमैन प्रफुल्लचंद संघवी ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया।

## युवा संगठन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन



**भीलवाड़ा.** अ. भा. माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बरसानी और आमेसर में राजकुमार काल्या का स्वागत और अभिनंदन किया गया।

समारोह में आमेसर के पूर्वसरपंच पारस पीपड़ा, रामलाल शर्मा आसींद, हुरडा विधानसभा क्षेत्र के यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं बरसती के उपसरपंच बबलू गगरानी, लालाराम मूंदड़ा सहित सभी समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन का होगा आयोजन

**नागपुर.** स्थानीय माहेश्वरी विवाह सहयोग ट्रस्ट नागपुर की ओर से माहेश्वरी समाज के उच्च शिक्षित प्रोफेशनल विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 15 व 16 अप्रैल को श्री बड़ी मारवाड़ माहेश्वरी पंचायत भवन में होगा। ट्रस्ट सचिव सत्यनारायण लोया ने बताया कि इसमें समाज के उच्च शिक्षित प्रोफेशनल व डिप्लोमाधारकों का सम्मेलन होगा। प्रत्याशी तथा दो अभिभावकों के लिए दो दिनों का आवास सहित भोजन, नाश्ता, चाय व पानी का समावेश शुल्क में रहेगा। अध्यक्ष रामअवतार हुरकट ने बताया कि इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों के विवाह योग्य युवक-युवतियों की परिचय पुस्तिका का प्रकाशन किया जाएगा। आयोजन के लिए नारायण लड्डा प्रमुख संयोजक व मधुसूदन सारडा प्रचार प्रमुख मनोनीत किए गए हैं।

## करनानी बने ओडिशा युवा संगठन अध्यक्ष



**बालासोर.** उत्कल प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के चुनाव गत 8 जनवरी को बालासोर जिला माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में बालासोर माहेश्वरी भवन में सम्पन्न हुए। बैठक की अध्यक्षता कमल राठी ने की। इसमें सभी ने सर्वसम्मति से दिनेश करनानी को अध्यक्ष चुना। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में श्याम झँवर निवर्तमान उपाध्यक्ष माहेश्वरी महासभा पूर्वोत्तर उपस्थित थे। सचिव संदीप लखानी भद्रक को चुना गया। इस अवसर पर बालासोर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सत्यनारायण करनानी, सचिव सुशील राठी, मनोहर पेड़ीवाल, अशोक मूंधड़ा, नवरत्न राठी, मनोज बागरी, किशनगोपाल सारदा, बालासोर महिला संगठन अध्यक्ष सरला चांडक, बसंती भूतड़ा, सुनीता राठी आदि मौजूद थीं।

## सखी मंडल ने मनाया गोदा रंगनाथ विवाहोत्सव



**दाहोद.** स्थानीय माहेशरी सखी मंडल द्वारा गत 8 जनवरी को भगवान श्री रंगनाथ व गोदा महारानी का विवाहोत्सव आयोजित किया गया। इसमें गणेश पूजन, तुलसी अर्चना व गीत-संगीत के आयोजन किए गए। भगवान की शोभायात्रा भी निकाली गई। इसमें माहेश्वरी समाज के सभी सदस्यों ने अपना योगदान दिया और महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में माहेश्वरी सखी मंडल की सदस्या पूजा बियाणी, प्रिया मेहता, रोशनी मेहता, गायत्री राठी, पूर्णिमा गुप्ता, निशा काबरा, हितैषा राठी व अर्चना मालीवाल ने विशेष रूप से योगदान दिया।

## जिला महिला संगठन की बैठक सम्पन्न



**रतलाम.** जिला माहेश्वरी संगठन का द्वितीय सत्र की बैठक 2 जनवरी को ढोढर में अभा कार्यकारिणी सदस्य एवं जिलाध्यक्ष चंदा भंसाली की अध्यक्षता व प्रदेश उपाध्यक्ष सुधा महेश के सान्निध्य में सम्पन्न हुई। अतिथियों ने प्रश्न मंच आयोजित कर कार्यकर्ताओं को समाज के प्रति दायित्व समझाया। 8 अक्टूबर को जिला संगठन द्वारा प्रायोजित 150 महिलाओं एवं कन्याओं की भागीदारी में सम्पन्न प्रशिक्षण तथा डॉ. महाशब्दे द्वारा इंदौर क्लॉथ मार्केट हास्पिटल में 5 मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा शिविर सुधा मेहरा के आतिथ्य में निःशुल्क आयोजित करने की जानकारी उपस्थितों को प्रदान की। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने मृत्युभोज के परित्याग का संकल्प भी लिया।

> हो सके तो दिलों में रहना सीखो
> गुरूर में तो हर कोई रहता है।

## बसंत पंचमी उत्सव का आयोजन




**बरेली.** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा बसंत पंचमी उत्सव सचिन माहेश्वरी के निवास पर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभा के अध्यक्ष शिवकुमार माहेश्वरी के द्वारा की गई। महामंत्री अजय माहेश्वरी, सचिन माहेश्वरी, सताक्षी शारदा, ममतेश माहेश्वरी आदि ने इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। मनोरंजक कार्यक्रम के साथ सुरुचि भोज का आनंद भी लिया गया। कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री ममतेश माहेश्वरी ने किया। प्रियंका माहेश्वरी, मंजू माहेश्वरी, रुचि माहेश्वरी, तृप्ति चांडक, राधिका माहेश्वरी, नीता माहेश्वरी, विनय माहेश्वरी, सुनील बियाणी, निकुंज माहेश्वरी, सुनील चेचाणी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## महाराष्ट्र की लोकधारा का हुआ आयोजन



**लातूर.** लातूर जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेशाध्यक्ष ज्योत्सना लाहोटी जलगांव का सत्कार एवं जिलास्तरीय 'महाराष्ट्र की लोकधारा' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख अतिथि डॉ. सुधा सोमाणी थीं। कार्यक्रम की प्रकल्प प्रमुख निर्मला सोमाणी एवं वीणा मालू थीं। विभा गिलड़ा, अनुराधा करवा, वंदना दरक, अनीता मालू, मेघा कलंत्री, शोभा मंत्री, शोभा मालू, ललिता राठी, मंगल लड्ढा, कांता हेड़ा सहित सभी सदस्याओं ने योगदान दिया।

## दरक दम्पत्ति का किया स्वागत



**हनुमानगढ़( राजस्थान ).** समाज सदस्य किशन-कमला दरक (माहेश्वरी) ने कुछ वर्ष पहले जवान बेटे को खोने के बाद आदर्श स्थापित करते हुए बहू का पुनर्विवाह कर फिर से घर बसाया। माहेश्वरी सेवा समिति हनुमानगढ़अध्यक्ष कृष्ण चांडक ने बताया किशन व कमला दरक ने बहू को बेटी मान कर उसका पुनर्विवाह भिवानी (हरियाणा) के भुराड़िया परिवार में रीति-रिवाज से किया। माहेश्वरी समाज द्वारा दरक युगल को इस सामाजिक पावन दायित्व निर्वहन पर सम्मानित किया गया।

## मकर संक्रांति पर्व का रंगारंग आयोजन



स्थानीय माहेश्वरी मंडल ने इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व पर हल्दी-कुमकुम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हल्दी-कुमकुम जोड़ी, महाराष्ट्रीयन श्रृंगार व पतंग डेकोरेशन स्पर्धा रखी गई। समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। तंबोला खेल भी महिलाओं ने उत्साह से खेला। कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्मला जाजू की अध्यक्षता में कार्यकारिणी सदस्य श्याम जाजू, दुर्गा सारड़ा, शीला राठी, किरण चांडक, राधिका सोमानी, पायल सारड़ा, तृप्ता बजाज, दीपा जाजू, आरती चांडक आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हल्दी-कुमकुम उत्सव का हुआ आयोजन

**सनावद.** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा संक्रांति पर्व पर हल्दी-कुमकुम उत्सव मनाया गया। इसमें तंबोला व खेलकूद स्पर्धा मंत्री परिसर में आयोजित की गई। साथ ही सामूहिक भोज भी हुआ। इसके पूर्व एक माह तक मुरलीमनोहर मंदिर में मंडल द्वारा रोज गोदा रंगनाथ भगवान का उत्सव संगीतमय समधुर भजन के साथ उत्साह से मनाया गया। रोज प्रसादी का वितरण भी किया गया। सभी कार्यक्रम में समस्त पदाधिकारियों सहित महिला मंडल का सराहनीय योगदान रहा।

## मकर संक्रांति पर समाजसेवा



**सूरत.** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में माहेश्वरी महिला मंडल, सूरत द्वारा 50 कुष्ठ रोगी और 150 गरीब बच्चों को फल, खाना, मिठाई, चप्पल इत्यादि का वितरण किया गया।

> "न जाने खौफ क्या है आसमां को जमी से फासला रखा हुआ है।"

## महिलाओं को सिखाया टू व्हीलर चलाना




**गुलबर्ग.** स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा तीसरी बार टू व्हीलर ड्राइविंग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षक लातुर के दीपक मंत्री तथा जयप्रकाश मंत्री ने सुरक्षित तरीके से वाहन चलाना सभी उम्र की 50 महिलाओं को लर्निंग लाइसेंस के साथ सिखाया। मंडल अध्यक्ष पुष्पा मालू व सचिव सरला काबरा के मार्गदर्शन में समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## माहेश्वरी विद्यालय ने मनाया वार्षिकोत्सव



**इंदौर.** माहेश्वरी समाज द्वारा 96 वर्ष पूर्व स्थापित श्री माहेश्वरी उमावि छत्रीबाग में 68वें वार्षिकोत्सव का आयोजन मुख्य अतिथि समाजसेवी चंद्रप्रकाश हेड़ा (मंत्री पूर्वी क्षेत्र माहेश्वरी समाज), कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी डॉ. हनीष अजमेरा एवं विशेष अतिथि समाजसेवी श्रीनिवास सोनी की उपस्थिति में हुआ। विद्यालय अध्यक्ष अजय सोडानी, मंत्री लीलाधर मानधन्या तथा विद्यालय प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्मृति चिह्न विद्यालय के सहमंत्री श्याम सारडा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सोमानी, नवीन धूत व श्याम सिंगी ने प्रदान किये। स्कूल ट्रस्ट के मंत्री पवन लड्ढा के साथ देवेंद्र बाहेती, मनोज कुइया, गिरीश परवाल, रमेशचंद्र दाड़ आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन नितिन माहेश्वरी एवं संध्या राठौर ने किया। इसी प्रकार गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाजसेवी नंदलाल बाहेती एवं विजय राठी द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

## नवनिर्वाचित सदस्यों का किया सम्मान




**मालेगांव.** गत 4 दिसंबर को श्री माहेश्वरी प्रगति मंडल और श्री महेश वरिष्ठ नागरिक सभा ने माहेश्वरी सभा के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों का सत्कार समारोह आयोजित किया। इसमें नासिक जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष उमेश मूंधड़ा, सटाना से अध्यक्ष प्रदीप सोनी, नांदगांव से अध्यक्ष प्रकाश कलंत्री, जिला उपाध्यक्ष रमेश करवा, ऊगांव से जिला सहमंत्री मनोज राठी, मालेगांव से जिला कोषाध्यक्ष गोकुल तापड़िया, मालेगांव से जिला संगठन मंत्री ओमप्रकाश सारड़ा, चुनाव समिति अध्यक्ष हीरालाल डागा, जिला सहमंत्री पन्नालाल भांगड़िया, जिला मानद मंत्री संतोष जाजू एवं जिला चुनाव समिति सदस्य संतोष धूत को शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सभा में रमेश झंवर, रमेश मूंधड़ा, गंगाविशन कलंत्री, गिरीराज खटौड़, श्यामसुंदर लाखोटिया, श्रीनिवास काकाणी, रामरतन काबरा, द्वारकदास मारू, वल्लभदास जाखोटिया सहित कई समाजजन मौजूद थे। समारोह का संपूर्ण विवरण सुमिता मूंधड़ा ने संकलित किया।

## तृतीय निःशुल्क सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन




**इंदौर.** जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा श्री बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन के आतिथ्य में तृतीय सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिला संगठन की अध्यक्ष प्रमिला भूतड़ा व सचिव सुमन सारड़ा ने बताया कि बसंत पंचमी 1 फरवरी को इंदौर में 4 माहेश्वरी जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम प्रभारी शांता मंत्री थीं। युवराज स्वामीजी श्री प्रपन्नाचार्यजी महाराज (उज्जैन) का सान्निध्य प्राप्त हुआ। प्रत्येक जोड़े को संगठन की ओर से मुख्यतः गृहस्थी की पूर्ण सामग्री के साथ फ्रीज, कूलर, पलंग, ड्रेसिंग टेबल, मंगलसूत्र, स्वर्ण व रजत के आभूषण प्रदान किये गए। साथ ही वर-वधू को कपड़े आदि भी दानदाताओं के सहयोग से प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्याणमल मंत्री व विशेष अतिथि कमलादेवी भूतड़ा तथा सुरेश राठी थे। महासभा कार्यसमिति सदस्य भरत सारड़ा, प्रकाश बाहेती, प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र ईनानी, पुष्पा माहेश्वरी, प्रदेशाध्यक्ष अरुणा बाहेती, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष बंशीलाल भूतड़ा, जनकल्याण ट्रस्ट अध्यक्ष रामेश्वरदयाल असावा, अभा पूर्व अध्यक्ष सुशीला काबरा व अभा माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट पूर्व अध्यक्ष गीता मूंदड़ा सहित कई गणमान्यजन आशीवार्ददाता के रूप में उपस्थित थे।

## आचार संहिता के अनुसार विवाह पर सम्मान



**नासिक.** समाज सदस्य सीमा कैलाश राठी की सुपुत्री करिश्मा का विवाह अकोला निवासी स्व. श्री वसंत-हेमादेवी खटौड़ के सुपुत्र अनिरुद्ध के साथ नासिक जिला माहेश्वरी समाज द्वारा पारित आचार संहिता का पालन करते हुए सम्पन्न हुआ। प्रगति मंडल उपाध्यक्ष कल्पेश हेड़ा ने श्री खटौड़ को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

## स्वतंत्रता सेनानियों का किया सम्मान



**इंदौर.** श्री बिजासन क्षेत्र माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा 'एक शाम, देश के नाम' का आयोजन गणतंत्र दिवस पर किया गया। इसमें स्वतत्रंता संग्राम सेनानी स्व. श्री रामेश्वरदयाल तोतला एवं दत्तूलाल मालू का मरणोपरांत सम्मान किया गया। अध्यक्षता रवींद्र राठी ने की। विशेष अतिथि जयनारायण दम्माणी, अशोक चितलांगिया एवं दिनेश सारडा थे। जानकारी संस्था अध्यक्ष आशीष बाहेती ने दी। आभार संस्था सचिव विजय चित्तलांग्या ने माना।

## चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक सम्पन्न




**निजामाबाद.** माहेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट (माहेश्वरी भवन) प्रबंध समिति की साधारण सभा की बैठक गत 15 दिसंबर को सत्यनारायण गिलड़ा सभापति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम महेश वंदना व इस सत्र में जो महानुभाव दिवंगत हो गए हैं, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आय-व्यय का लेखा-जोखा भवन के कोषाध्यक्ष राजाराम सारडा एवं न्यास के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश बजाज ने प्रस्तुत किया। माहेश्वरी भवन के द्वितीय भाग के निर्माण हेतु गठित धन संग्रहण समिति के संयोजक ओमप्रकाश अट्टल ने सभी दानदाताओं को न्यास की ओर से धन्यवाद दिया। भवन के द्वितीय भाग के निर्माण की जानकारी भवन निर्माण समिति के संयोजक सतीश अट्टल ने प्रस्तुत की। संस्थापक प्रबंध न्यासी ओमप्रकाश मोदानी ने माहेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट (माहेश्वरी भवन) के वर्ष 1998 प्रारंभ से आज तक के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। अंत में न्यास के सभापति श्री गिलड़ा, उपसभापति सम्पतलाल बंग, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश बजाज, भवन के मंत्री रामनिवास राठी, कोषाध्यक्ष राजाराम सारडा, धन संग्रह समिति संयोजक ओमनारायण अट्टल, भवन निर्माण समिति संयोजक सतीश अट्टल तथा न्यास मंडल सदस्यों प्रबंध समिति के सदस्यों को साधुवाद दिया, जिनके कारण भवन विकास की ओर अग्रसर हैं।


## शहीद निधि में आर्थिक सहयोग



**सोलापुर.** संस्था श्री रामकृष्ण सेवा प्रतिष्ठान की ओर से शहीद निधि के अंतर्गत 7 जनवरी को सशस्त्र झंडा दिवस पर सैनिक कल्याण कार्यालय के अधीक्षक को 35 हजार रुपए की राशि भेंट की। इस निधि का चेक संस्था अध्यक्ष गणेशलाल मानधनिया, वेणुगोपाल तापड़िया, श्यामसुंदर बल्दवा, जवाहर जाजू, गोपाल सोमानी, श्रीकांत भूतड़ा ने सौंपा।

> मैं दीया हूँ, मेरी दुश्मनी तो सिर्फ अँधेरे से है,
> हवा तो बेवजह ही मेरे खिलाफ है।

## नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सम्पन्न



**नासिक.** जिला माहेश्वरी सभा की नूतन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक माहेश्वरी प्रगति मंडल के आतिथ्य में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। अतिथि के रूप में उपस्थित अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के दक्षिणांचल उपसभापति अशोक बंग, महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा अध्यक्ष मधुसूदन गाँधी, महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा महिला संगठन अध्यक्ष ज्योत्सना लाहोटी एवं अखिल भारतवर्षीय महिला संगठन की उपसभापति शैला कलंत्री का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष उमेश मूंधड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष रामविलास बूब, आचार संहिता समिति प्रमुख वीरेंद्र सोनी, जिला मानद मंत्री संतोष जाजू, मुंबई प्रदेशाध्यक्ष मानक काबरा, संगठन मंत्री ओमप्रकाश सारड़ा, कोषाध्यक्ष गोकुल तापड़िया आदि उपस्थित थे। माहेश्वरी प्रगति मंडल अध्यक्ष आशीष झँवर ने कार्यक्रम का संचालन किया। त्रिवेणी नाशिक जिला माहेश्वरी सभा, प्रदेश सभा, माहेश्वरी युवा संगठन व माहेश्वरी महिला संगठन' के सदस्य मौजूद थे। बैठक में समाज सुधार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## डॉ. चांडक का किया अभिनंदन



**धामणगांव रेलवे.** चिंचपुर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. खुशाल चांडक को समाजसेवा के लिये लांयस क्लब एलीट संस्था द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष डॉ.विनायकराव त्रिपत्तीवर ने की। प्रमुख अतिथि मधुकरराव चतारे थे।

॥ जय श्री कृष्णा॥
*हमारे प्रेरणास्त्रोत*


स्व. श्री अनिल राठी


स्व. श्री मोहनलालजी - स्व. श्रीमती कमलादेवी राठी

**राठी परिवार** की ओर से
**नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ**



**घनश्याम राठी**
- सचिव- माहेश्वरी समाज नागदा
- अध्यक्ष- किराना व्यापारी संघ नागदा
- सदस्य- पश्चिमांचलमाहेश्वरी महासभा
- उपाध्यक्ष- लायन्स क्लब नागदा

*प्रतिष्ठान*
- **शिवनारायण दामोदरदास राठी** (एशियन पेन्ट डीलर)
- **माहेश्वरी ट्रेडर्स किराना एवं होलसेलर,** **राठी एजेन्सी**
- **कमला कृषि फार्म हॉउस,** ग्राम-हताई पालकी
- **मोहन राठी मांगलिक परिसर**

प्रोप्राइटर : मुरलीधर राठी, अजय राठी, रेयांश राठी, नागदा, मो-9826047139

## मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ आयोजित हुई नवम सभा



**इंदौर.** माहेश्वरी मीत परिवार की इस सत्र की अंतिम नवम सभा का आयोजन संस्थाध्यक्ष रूपेश-डॉ. दीप्ति भूतड़ा के समन्वयन तथा मनीष-सोनाली लाठी एवं नवीन-अन्नपूर्णा माहेश्वरी के संयोजन में राउ स्थित नखराली ढाणी पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ओमप्रकाश-शोभा भूतड़ा, डॉ. हनीष-नीलू अजमेरा एवं समाजसेवी अजय-सरिता सोडानी द्वारा की गई। कार्यक्रम में अधिकतर सदस्य राजस्थानी/राजपूतानी वेशभूषा में शामिल हुए। आयोजन में समन्वयक व संयोजकों द्वारा विभिन्न प्रकार के गेम्स खिलाए गए, जिसमें नखराली ट्रेजर हंट भी शामिल हैं, साथ ही कपल गेम्स का भी सभी सदस्यों ने साथ मिलकर लुफ्त उठाया। इस कार्यक्रम में बेस्ट राजस्थानी मेल, बेस्ट राजस्थानी फीमेल, बेस्ट राजस्थानी परिवार सहित कई प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। सहसचिव संजय-रश्मि मुछाल, संगठन मंत्री आशीष-भावना बाहेती, कोषाध्यक्ष राजकुमार-सीमा मालाणी, संपादक रितेश-रूपम काकानी, प्रचार मंत्री नीरज-संजना जाखेटिया, मधुसूदन-शिखा भलिका, मुकेश-विनीत सारडा, अनिल-अनीता मंत्री, राकेश सुनीता माहेश्वरी, नितिनराज कमल माहेश्वरी, चेतन सरिता बियानी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। अंत में सभी सदस्यों द्वारा राजस्थानी गीतों पर जोरदार नृत्य किया गया एवं राजस्थानी स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ लिया गया।

## मकर संक्रांति पर बाल आश्रम में सेवा



**रायपुर.** मकर संक्रांति के अवसर पर स्थानीय माहेश्वरी महिला समिति के द्वारा बाल आश्रम में जाकर वहां के बच्चों के लिये भोजन की व्यवस्था की गई। बाल आश्रम में बच्चों के साथ महिला समिति की सदस्यों ने कुछ समय बिताया तथा बिस्किट, टॉफी, मेवों का वितरण किया। अध्यक्ष शशि बागड़ी, सचिव नंदा भट्टर, प्रतिभा नत्थानी, मधुरिका नत्थानी, सुनीता लड्ढा, कांता कोठारी, रमा मल्ल, कल्पना राठी, भावना मर्दा, गीता गोयदानी, मंजू राठी, शशि रोहित मोहता, किरण बाहेती, रेखा कारवां आदि का सहयोग मिला।

## शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**जोधपुर.** डॉ. फुलकौर मूंदड़ा की अध्यक्षता में जिला माहेश्वरी एवं स्थानीय संगठनों का शपथ ग्रहण समारोह गत 3 जनवरी को माहेश्वरी जनुपयोगी भवन रातानाड़ा में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष उमा बिड़ला ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रभा वैद्य, सचिव अरुणा तापड़िया, कोषाध्यक्ष शिवकन्या धूत व संगठन मंत्री आशा फोफलिया को शपथ दिलाई। स्थानीय अध्यक्ष पूर्णिमा काबरा ने नवनिर्वाचित स्थानीय अध्यक्ष रीना राठी, सुशीला बजाज, नीलम भूतड़ा, मधु समदानी व नीना साबू को पद की शपथ दिलाई गई। माहेश्वरी समाज जोधपुर के अध्यक्ष दामोदरलाल बंग ने अभा महासभा के महामंत्री संदीप काबरा का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। उमा बिड़ला एवं प्रभा वैद्य द्वारा अभा महिला संगठन की संयुक्त मंत्री डॉ. फुलकौर मूंदड़ा का स्वागत किया गया। जुगलकिशोर सोमानी अभा संयुक्त मंत्री का भी स्वागत किया गया।

## जिला संगठन ने किया ओसिया भ्रमण



**जोधपुर.** जिला माहेश्वरी महिला संगठन की ओर से ओसिया भ्रमण किया गया। इसमें ओसिया माहेश्वरी भवन में 700 ब्राह्मणों की भोजन प्रसादी के साथ भजन कीर्तन, किशोरी बाल विकास पर सेमिनार तथा स्थानीय ओसिया महिला संगठन के चुनाव सम्पन्न कराये गये। इसमें नवनियुक्त अध्यक्ष पूनम चांडक व सचिव मंजू सोनी को चुना गया। अभा माहेश्वरी महिला संगठन की संयुक्त मंत्री डॉ. फुलकौर मूंदड़ा ने समाज में घटती बालिकाओं की संख्या पर चिंता व्यक्त की। जिलाध्यक्ष प्रभा वैद्य ने समाज में घट रहे संस्कारों पर विचार रखे। जिला सचिव अरुणा तापड़िया ने भी विचार व्यक्त किये। जिला उपाध्यक्ष ललिता सोनी के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष उमा बिड़ला, कोषाध्यक्ष शिवकन्या धूत, संगठन मंत्री आशा फोफलिया, उपाध्यक्ष उषा बंग, ललिता सोनी, मधु मूंदड़ा आदि का सहयोग रहा।

## वन्य जीव संरक्षण के लिये प्रयास

**भीलवाड़ा** पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने अजमेर जिले के मसूदा थाना क्षेत्र में 9 मोर, भीलवाड़ा की जहाजपुर तहसील के पलासिया गांव में 1 मोर, श्रीगंगानगर जिले में 1 हिरण तथा नागौर जिले के कुचेरा क्षेत्र की बाजियों की ढाणी में 1 चिंकारे की हत्या की प्राथमिकी पुलिस अधीक्षक अजमेर, भीलवाड़ा, श्रीगंगानगर व नागौर को ई-मेल व रजिस्टर्ड डाक से दर्ज करवाई है। इसमें शिकारियों के विरुद्ध वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972 के तहत कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। इसी प्रकार श्री जाजू ने राजस्थान में दो व चारपहिया वाहनों से बढ़ते वायु प्रदूषण को दृष्टिगत रखते हुए राजस्थान के सभी जिलों में साइकिल चलाने को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण व अच्छे स्वास्थ्य के लिए साइकिल ट्रैक बनाने हेतु प्रदेश की मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को भी पत्र लिखा।

## माहेश्वरी रॉयल्स ने ली शपथ



**इंदौर.** श्री माहेश्वरी रॉयल्स इंदौर का सप्तम शपथ ग्रहण समारोह गत 29 जनवरी को मारवाड़ी थीम के साथ जाल सभागृह में संपन्न हुआ। इसमें नये अध्यक्ष ओम-स्वाति टावरी एवं सचिव शरद-सरला साबू के साथ सभी पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। अतिथि के रूप में चंद्रमोहन नागौरी (ग्वालियर), कल्याण-शांता मंत्री व अशोक ईनानी मौजूद थे। संस्थापक मुनीष-किरण मालानी, कमलेश-सीमा गगरानी, ओमप्रकाश-सुनीता मालपानी, सुरेश-सुषमा चिंचाणी, अशोक-आशा अजमेरा, प्रो. बालकृष्ण-सरिता राठी, सागरमल-उषा खटौड़ विशेष रूप से मौजूद थे। समन्वयक श्रवण-रेखा सोमानी, संयोजक अशोक-उषा काबरा एवं उमेश-मंजू सोमानी थे। सभी का साफा बँधवाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति से ओत-प्रोत नगमों की प्रस्तुति ऑर्केस्ट्रा ग्रुप द्वारा दी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम-स्वाति टावरी ने रॉयल्स क्लब द्वारा प्रकाशित वर्ष 2017 के कैलेंडर के बारे में जानकारी भी दी। यह कैलेंडर किसी क्लब ने पहली बार प्रकाशित किया है। अंत में सचिव शरद-सरला साबू द्वारा आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश सारडा एवं अनिता (जलगाँव) ने किया।

हमारे अति प्रिय भाई



# श्री रमेश जी तापड़िया

को समाज की शीर्षथ संस्था
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के
गरिमामय उपसभा (पूर्वांचल) पद पर निर्वाचित होने पर

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

चन्दा चकोरी
Chanda Chakori
Baidya Arcade, Makhan Tole, Kathmandu
Ph. 4244374

*House of Exclusive Sarees, Lehanga, Kurta Salwar*

## नववर्ष के अवसर पर खुशियों की बहार




**पुणे.** स्थानीय श्री साईं नागरी सहकारी पत संस्था मर्यादित की ओर से नववर्ष तथा संक्रांति पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। संस्था की ओर से सभी सदस्यों के लिए 21 जनवरी को स्नेह भोज तथा 22 जनवरी को श्री संत गाडगे महाराज धर्मशाला कार्यालय के हॉल में सभी सदस्यों के लिए सुबह 9 बजे से लोकमत सखी मंच के सौजन्य से तिल गुड़, हल्दी-कुमकुम समारोह तथा लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष श्रीनिवास काबरा, उपाध्यक्ष जगदीश आगरवाल, प्रमुख संचालक सपना सोमाणी, सचिव कविता भूतड़ा, संचालक सुरेश नावंदर, रतनलाल चांडक, सुनील सोमानी आदि मौजूद थे। सुरेश नावंदर ने संस्था के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में दोपहर 2 बजे पाक कला विशेषज्ञ शोभा इंद्राणी का कुकरी शो आयोजित किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर पौधारोपण

**हापुड़.** गणतंत्र दिवस पर्व के उपलक्ष्य में स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा राजधानी पब्लिक स्कूल एवं अक्षय वेलफेयर सोसायटी के बच्चों के साथ ध्वजारोहण कर पौधारोपण किया गया। बच्चों के बीच मिठाई, बिस्किट और टॉफी बांटी गई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कांताजी, नगर अध्यक्ष साधना जी, सचिव आशा तापड़िया, पश्चिमी उत्तरप्रदेश उपाध्यक्ष आशा सोमानी, सीमा तापड़िया, मधु माहेश्वरी, मधु मालू, पूजा महेश, श्री तापड़िया, अलका खटौड़ और चित्रा राठी आदि मौजूद थे।

## पश्चिमी उप्र महिला संगठन के चुनाव सम्पन्न



**अलीगढ़.** पश्चिमी उत्तरप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की सत्र समापन बैठक गत 29 जनवरी को माहेश्वरी मांटेसरी बाल मंदिर अलीगढ़में संपन्न हुई। इसमें पूर्व प्रदेशाध्यक्ष उर्मिल चांडक कासगंज ने सभी पदाधिकारियों को उनके योगदान के लिये पुरस्कृत किया। इसी अवसर पर नवीन सत्र के लिये चुनाव करवाया गया। इसमें प्रदेशाध्यक्ष ज्योत्सना कोठारी, मंत्री रूबीना माहेश्वरी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी माहेश्वरी, संगठन मंत्री अरुणा लाहोटी, प्रकल्प प्रमुख मंत्री रेखा माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष मधु शारदा व सत्र संयोजिका मंजू दरक सर्वसम्मति से चुनी गईं।

> "इंसान को इंसान
> धोखा नहीं देता है
> बल्कि वो उम्मीदें धोखा दे जाती हैं
> जो वो दूसरों से रखता है।"

## साबू का किया सम्मान



**इंदौर.** गत गणतंत्र दिवस 8 वर्षों से एमवाय अस्पताल में गरीब मरीजों की सेवा में संलग्न वरिष्ठ समाजसेवी राधेश्याम साबू को अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनकी उत्कृष्ठ सेवा व चिकित्सा कार्यों में दिए गए योगदान हेतु सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि 8 वर्षों से सतत सहायता एवं परपीड़ा हर समिति के माध्यम से श्री साबू इंदौर एवं अन्य स्थानों के दानदाताओं के सहयोग से हजारों गरीब मरीजों की सहायता कर चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल प्रशासन को वेंटिलेटर, सी पेप, इंडोस्कोपिक जैसी लाखों रुपए मूल्य की कई जीवनरक्षक मशीनें भेंटकर अनेक मरीजों की जान बचाने में सहयोग दिया। मुख्यमंत्री, लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन व विभिन्न संस्थाओं से सम्मानित श्री साबू अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 8 घंटों से भी ज्यादा समय तक उपस्थित रहकर सेवा कार्यों का संपादन करते हैं। जनसहयोग से मुफ्त दूध व पौष्टिक आहार वितरण, महंगे इलाज में सहयोग तथा नेत्रदान में आदि प्रकल्पों का आयोजन भी हो चुका है।

## पश्चिमी उप्र महिला संगठन के चुनाव सम्पन्न



**अलीगढ़.** पश्चिमी उत्तरप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की सत्र समापन बैठक गत 29 जनवरी को माहेश्वरी मांटेसरी बाल मंदिर अलीगढ़ में संपन्न हुई। इसमें पूर्व प्रदेशाध्यक्ष उर्मिल चांडक कासगंज ने सभी पदाधिकारियों को उनके योगदान के लिये पुरस्कृत किया। इसी अवसर पर नवीन सत्र के लिये चुनाव करवाया गया। इसमें प्रदेशाध्यक्ष ज्योत्सना कोठारी, मंत्री रूबीना माहेश्वरी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी माहेश्वरी, संगठन मंत्री अरुणा लाहोटी, प्रकल्प प्रमुख मंत्री रेखा माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष मधु शारदा व सत्र संयोजिका मंजू दरक सर्वसम्मति से चुनी गईं।

## विशेषज्ञों ने बताए कॅरियर के गुर




**भीलवाड़ा.** सफलता हासिल करने के लिए जीवन में क्या मुकिश्लें आती हैं और उनसे कैसे निपटा जा सकता है? इन सभी सवालों के जवाब नगर परिषद सभागार में श्री नगर माहेश्वरी प्रोफेशनल्स फोरम की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने अलग-अलग सत्रों में दिए। इसमें कक्षा 10 और 12वीं तक के 700 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी, उपसभापति पश्मिांचल देवकरण गगरानी, पुष्कर महासभा के उपाध्यक्ष कैलाश मूंदड़ा व नगर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष केदारमल जागेटिया ने किया। फोरम के मुख्य प्रभारी प्रदीप लाठी ने बताया कि प्रारंभ में 30 मिनट की टेलेंट सर्च परीक्षा रखी गई। इसके टॉप टेन को 500-500 रुपए नकद तथा बाकी को भी उपहार दिए गए। अतिथियों ने विवरणिका 2017 का विमोचन भी किया। प्रथम सत्र में सीए प्रमोद बूब व दूसरे सत्र में यूपीएससी टॉपर गौरव अग्रवाल तथा सीएमए विवेक लड्ढा ने मार्गदर्शन दिया।

## संगम यूनिवर्सिटी ने खोली बालवाड़ी

**भीलवाड़ा.** स्थानीय संगम यूनिवर्सिटी भीलवाड़ा के सहयोग से निर्मित गठिला खेड़ा ग्राम में आंगनवाड़ी केंद्र पर बालवाड़ी का शुभारंभ रंगारंग कार्यक्रम के साथ अतिरिक्त जिला कलेक्टर निमिषा गुप्ता के हाथों किया गया। इस बालवाड़ी में अध्यापन की मूलभूत सुविधाएँ आवश्यक भवन व्यवस्था, पुस्तकें, खेलकूद की सामग्री, खिलौने आदि संगम यूनिवर्सिटी द्वारा उपलब्ध करवाए गए। इस अवसर पर संगम उद्योग समूह के प्रबंध निदेशक एस.एन. मोदानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश गुप्ता, कंचन देवी कॉलेज की निदेशक शिखा भदादा, नवीन भदादा, संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की निदेशक ममता मोदानी, मायसिटी एप की निदेशक नम्रता वैद्य, संगम यूनिवर्सिटी के कुलसचिव शरद मंत्री आदि मौजूद थे।

## श्री बागड़ी का सत्कार



**नागपुर.** कलादालन संस्था द्वारा वरिष्ठ समाजसेवक शरद बागड़ी के 61वें वर्ष में पदार्पण पर मदनमोहन व एआर रहमान के गीतों की प्रस्तुति के साथ अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया। इसमें कांचन ताई गडकरी मुख्य अतिथि थीं। श्री बागड़ी को संस्था का मार्गदर्शक भी बनाया गया, ताकि संस्था को उनके अनुभवों का लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि श्री बागड़ी को अभी हाल ही में भाजपा सांस्कृतिक आघाड़ी व कलादालन गीत गायन प्रोग्राम में भाजपा शहर महामंत्री संदीप जोशी, भोजराज डुंबे, किशोर पालंदुरकर व देवेंद्र दस्तूर के हाथों 'समाजसेवा गौरव' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके पहले श्री बागड़ी को मुख्यमंत्री, लायंस व रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, पुलिस हेडक्वाटर में एसीपी, कमिश्नर आदि पुरस्कृत कर चुके हैं। श्री बागड़ी के सामाजिक कार्यों व उपलब्धियों को देखते हुए केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितीन गडकरी ने भी शॉल-श्रीफल व पुष्पगुच्छ से सत्कार किया। कलादालन संस्था अध्यक्ष माधवी पांडे, सचिव कुणाल गडेकर जैन आदि भी उपस्थित थे।

"मैं सब का दिल रखता हूँ
और सुनो।
मैं भी एक दिल रखता हूँ"

## रामचरित मानस का हुआ पारायण



**वरंगल.** श्रीरामचरित्र मानस पारायण का नौ दिवसीय कार्यक्रम ब्रह्मलीन संतश्री रामसुखदासजी महाराज की अनुकंपा से आयोजित हुआ। कार्यक्रम आयोजक रामप्रसाद ओमप्रकाश लोया परिवार था। 1 से 9 फरवरी तक संतश्री रामसुखदासजी महाराज के अन्यन्य साधकों में से एक श्री शक्तिराम जी महाराज (वृंदावन निवासी) ने व्यासपीठ से नवपारायण का रसपान कराया। अंतिम दिवस दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक भंडारा महाप्रसादी हुई।

## पारिवारिक मिलन मेले का हुआ आयोजन



**खंडवा.** जिला माहेश्वरी संगठन एवं खंडवा महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में गत 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की थीम लेते पर स्थानीय गांधी भवन में पारिवारिक मिलन मेले का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिमी मप्र की महिला संगठन अध्यक्ष अरुणा बाहेती, विशेष अतिथि निवृतमान प्रदेशाध्यक्ष निर्मला बाहेती, वर्तमान प्रदेश सचिव श्रीमती वीणा सोमानी उपस्थित थीं। अतिथि स्वागत खंडवा जिलाध्यक्ष किरण मंत्री एवं स्थानीय अध्यक्ष रत्ना राठी द्वारा किया गया। मेले की संयोजिका उषा परवाल व वीणा भदादा थीं। इस मेले में विभिन्न तरह के व्यंजन, साड़ियाँ, ज्वेलरी, लेंगिग कुरता और कई ख्या कंपनियों ने भी अपने स्टॉल लगाए। कई तरह की प्रतियोगिताएँ जैसे बेस्ट गर्ल, बेस्ट कपल आदि व इनामी लक्की ड्रॉ का आयोजन हुआ। आभार जिला सचिव रेखा मंत्री ने माना।

## पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर सम्पन्न

**पुणे.** स्व. श्री मुरलीधर नावंदर तथा स्व. श्री अशोक नावंदर की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर गत 8 जनवरी को संत तुकाराम उद्यान के श्री विठ्ठल रखुमाई मंदिर में नावंदर परिवार द्वारा सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया गया। शुभारंभ सुभाष राठी तथा महेश सांस्कृतिक मंडल के अध्यक्ष पांडुलाल सोनी ने किया। इस शिविर में 235 बोतल रक्त संग्रह हुआ, जो आधार ब्लड बैंक को प्रदान किया गया। शिविर में पार्षद नंदा ताकवणे, शैलजा मोरे आदि जनप्रतिनिधियों के साथ महेश बैंक के संचालक अजय लड्डा, पूणे जिला मा. प्रगति मंडल के भूतपूर्व सचिव अनिल बिहाणी भी उपस्थित थे। इस शिविर में नावंदर परिवार की ओर से सुभाष, सुरेश, गोवर्धन, नीलेश, सचिन, मनीष आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदित्य नहार, मुरली सारडा, अशोक जाखेटे, सीता सोनी, श्रीमती सारडा आदि का विशेष योगदान रहा।

## युवा संगठन ने किया भजन संध्या का आयोजन



**अहमदाबाद.** माहेश्वरी युवा संगठन ने पिकनिक हाउस में संगठन सदस्यों के लिए भजन संध्या का आयोजन रखा। भजन सम्राट विजय सोनी ने सुरमयी भजनों की प्रस्तुति दी। इसमें 600 से ज्यादा श्रद्धालु उपस्थित थे। अध्यक्ष विकास मुंधरा और मंत्री अशोक झंवर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक दिनेश भूतड़ा, नंदकिशोर भांगड़िया, सुनील मणियार, कमल सिकची सहित सभी सदस्यों ने सहयोग दिया।

## सुरल्या माताजी का वार्षिकोत्सव संपन्न



**डीडवाना (राजस्थान).** मानधना-भराड़िया परिवार की कुलदेवी सुरल्या माताजी का सप्तम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें लगभग 300 सदस्यों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर देवास से आये नारायणदास चौधरी (मानधना) दम्पत्ति का शॉल-श्रीफल व पुष्पमाला से सम्मान किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष लक्ष्मण माहेश्वरी ने की। संस्था के मंत्री लीलाधर मानधन्या ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए आभार माना।

## रक्तदान के लिए माहेश्वरी सम्मानित



**शाजापुर.** गणतंत्र दिवस के अवसर पर ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय शाजापुर द्वारा रक्त संग्रहण व इस क्षेत्र में योगदान के लिये सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें 10 रक्तदान शिविर आयोजित करने व 351 यूनिट रक्त संग्रहण के लिये मप्र राज्य एड्स नियंत्रण समिति सिविल अस्पताल शाजापुर की परामर्शदात्री जया माहेश्वरी को पुरस्कृत किया गया।

## स्पर्धा का हुआ आयोजन



**मालेगांव.** श्री महालक्ष्मी माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा "Grand story telling competition" गत 5 फरवरी को आयोजित की गई। इसमें 75 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। नर्सरी से चौथी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे वस्त्र परिधान पहनकर और प्रॉप्स का इस्तेमाल करके कहानियां सुनाईं। परीक्षक सावित्री जाजू और निशा थीं।

# बेटी का जन्म हो तो बजें बैंड बाजे




**भीलवाड़ा.** बेटा होने पर थाली बजाने का रिवाज है, तो कन्या होने पर बैंड बाजे बजाना चाहिए। उक्त विचार अखिल भारतीय माहेश्वरी संगठन की कोषाध्यक्ष कौशल्या गट्टाणी ने माहेश्वरी भवन में दक्षिण राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन एवं जिला माहेश्वरी संगठन के पदस्थापना कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में व्यक्त किये। प्रदेशाध्यक्ष शिखा भदादा ने बताया कि पदस्थापना अधिकारी पश्चिमांचल उपाध्यक्ष ममता मोदानी ने प्रदेश व जिला संगठन के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई। मुख्य अतिथि पूर्व सभापति अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा रामपाल सोनी ने सेवा, शिक्षा व विधवा पेंशन ट्रस्ट की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष अनिला अजमेरा ने बताया कि प्रथम अतिथि कौशल्या गट्टाणी, ममता मोदानी, शोभा भदादा, पुष्पा राठी, सुमन सोनी तथा मधु काबरा का सम्मान किया गया। प्रदेश सचिव कुंतल तोषनीवाल ने बताया कि राष्ट्रीय युवा संगठन अध्यक्ष राजकुमार काल्या, पुष्कर सेवा समिति उपाध्यक्ष कैलाश मूंदड़ा, देवकरण गग्गड़, जिलाध्यक्ष कैलाश कोठारी, देवेंद्र सोमानी आदि कई गणमान्यजन मौजूद थे।

# जूनियर्स के लिए हुईं प्रतियोगिताएँ



**वरंगल.** स्थानीय माहेश्वरी समाज की ओर से खेलकूद स्पर्धाओं का आयोजन हुवा। महेश नवमी के उपलक्ष्य में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जूनियर्स तथा सीनियर्स की 6 टीमों ने क्रिकेट स्पर्धा में भाग लिया। सभी के लिए शटल काक, टेबल टेनिस आदि स्पर्धाओं का आयोजन काकतीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। महिलाओं व सभी के लिए इनडोर गेम्स मार्च में आयोजित होंगे।

# अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में एमडीएस के विद्यार्थी

**उदयपुर.** एमडीएस (मोहनदेवी सोमानी) स्कूल के 51 मेधावी विद्यार्थियों ने एसओएफ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पर एसओएफ की तरफ से 25 को स्वर्ण, 19 को रजत व 19 विद्यार्थियों को कांस्य पदक प्रदान किये गये। जानकारी संस्था निदेशक शैलेंद्र सोमानी ने दी।

# युवा संगठन ने आयोजित किया फैमिली स्पोर्ट्स डे




**अहमदाबाद.** सामाजिक संस्था अहमदाबाद माहेश्वरी युवा संगठन ने वीर सावरकर कॉम्प्लेक्स में फैमिली स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया। इस स्पोर्ट्स डे का मुख्य आकर्षण था 'बॉक्स क्रिकेट लीग'। इस लीग को प्रथम बार लाने में मुख्य भूमिका निभाई अध्यक्ष विकास मूंधरा ने, जिन्होंने इस वर्ष का नारा दिया है, "सबको जोड़ें, सबसे जुड़ें"। इस लीग को लाने का कारण था, पूरे परिवार का इस स्पोर्ट्स इवेंट में भाग लेना। इसमें 16 टीम शामिल थीं। इसमें महिलाओं ने भी बराबर भागीदार की। कार्यक्रम में सुबह नाश्ता, दोपहर में स्वरुचि भोज और शाम को हाइटी का आयोजन किया गया। अध्यक्ष विकास मूंधरा, मंत्री अशोक झँवर ने कार्यक्रम संयोजक मनीष चांडक, अभिषेक मालपानी, राम झँवर, आशीष माहेश्वरी का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

> मैं बहुत सीमित हूँ अपने शब्दों में
> लेकिन, बहुत विस्तृत हूँ, अपने अर्थों में

# समृद्ध विरासत ही हमारी पहचान




**भीलवाड़ा.** राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश सोमानी ने कहा कि राजस्थान की समृद्ध विरासत ही हमारी पहचान है। ऐतिहासिक, नैसर्गिक एवं सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए हमें संकल्पबद्ध होकर रचनात्मक प्रयास करने होंगे। श्री सोमानी इण्डियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल हेरिटेज (इन्टेक) के हेरिटेज शिक्षा एवं संचार सेवा तथा भीलवाड़ा चेप्टर के तत्वावधान में 'हेरिटेज एवं गुड सिटीजनशिप' विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धरोहर संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयासों से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। विशिष्ट अतिथि आर.एल. दरगड़, समाजसेवी ओ.पी. हिंगड आदि ने संबोधित किया। कार्यशाला में वरिष्ठ कवि नरेंद्र दाधीच ने विरासत संरक्षण पर काव्यपाठ किया। प्रारंभ में इन्टेक के संयोजक बाबूलाल जाजू एवं सह संयोजक श्यामसुंदर जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया।

# गणतंत्र दिवस का हुआ आयोजन



**वरंगल.** स्थानीय महेश कला समिति द्वारा प्रगतिशील मारवाड़ी समाज भवन में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में झंडावंदन समारोह का आयोजन किया गया। प्रगतिशील मारवाड़ी समाज अध्यक्ष वेणुगोपाल मूंदड़ा एवं माहेश्वरी समाज अध्यक्ष प्रहलाद सोनी ने ध्वजारोहण किया। महेश कला समिति के अध्यक्ष दामोदर जाखोटिया की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में समाज के कई गणमान्य सदस्य एवं समिति सदस्य मौजूद थे। महेश कला समिति के मंत्री अशोककुमार बंग ने उक्त जानकारी दी।



**बरेली.** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा राष्ट्रीय पर्व "६८वाँ गणतंत्र दिवस" शशांक चांडक के निवास स्थान पर धूमधाम से मनाया गया। सताक्षी शारदा, सुनील बियाणी, सुमन चांडक, सचिन माहेवरी आदि ने विचार रखे। अध्यक्ष शिवकुमार माहेश्वरी ने गणतंत्र दिवस पर होने वाले सांस्कृतिक क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला। मीडिया प्रभारी सचिन माहेश्वरी ने राष्ट्रीय ध्वज के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अजय माहेश्वरी ने किया। धर्मेंद्र माहेश्वरी, रवींद्र बियाणी, विनय माहेश्वरी, समीर माहेश्वरी, संदीप माहेश्वरी, सताक्षी शारदा, निकुंज माहेश्वरी सहित समस्त सदस्यों का योगदान रहा।



**बीकानेर.** मुरलीधर व्यास नगर रोड स्थित विवेक बाल निकेतन सीनियर सेकंडरी स्कूल में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस उल्लासपूर्ण वातावरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। शाला के अध्यापक व समाज के मीडिया प्रभारी पवन राठी ने बताया कि मुख्य अतिथि वार्ड ५ के पार्षद अजयसिंह राजपुरोहित व पूर्व पार्षद मांगीलाल विश्नोई तथा शाला प्रधानाचार्य किशनचंद्र अनेजा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ तथा स्वच्छ भारत निर्माण नाटक की प्रस्तुति भी दी गई। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लक्की ड्रॉ का पुरस्कार गणित के व्याख्याता को दिया गया।



**आगरा.** जिला माहेश्वरी सभा आगरा एवं माहेश्वरी महिला मंडल व माहेश्वरी युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में २६ जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण व राष्ट्रीय गान किया गया। गणतंत्र दिवस पर माहेश्वरी महिला मंडल के सहयोग से पौधारोपण भी किया गया। अध्यक्ष-महेंद्र डागा, मंत्री-रमेश भट्टर, अनिल चांडक, अजय सांवल, हरिकिशन चांडक, मनोज दुजारी, पवन गुप्ता, गोपाल गोदानी, विकास मोलसरिया, संजय काहल्या, अशोक चांडक, गिरधर राठी, कुंजबिहारी काहल्या, अमित राठी, डॉ. बी.बी. माहेश्वरी, सुधीर चोला, दिनेश माहेश्वरी (हप्पन भाई), चंदर गगरानी, अनुज राठी, अंकुर काबरा, अनिल गाँधी, लक्ष्मीनारायण भूतड़ा, कुसुम सांवल, रजनी डागा, बेला भट्टर, रमा गगरानी, राजरानी गांधी आदि मौजूद थीं।



**हैदराबाद.** माहेश्वरी महिला समिति, हैदराबाद (उत्तर) द्वारा संक्रांति और गणतंत्र दिवस उत्सव का आयोजन २४ जनवरी को अमीरपेट स्थित श्री बालाजी राजस्थानी भवन में किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका सुनीता मंत्री, सरिता सोनी, ममता सोनी व आशा चांडक ने महिलाओं के लिए स्पेशल तिरंगा तंबोला, पतंग सजावट प्रतियोगिता, गेम्स, प्रश्नोत्तरी, देशभक्ति गीत, नृत्य (डांस) और राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सुनीता मंत्री, सरिता सोनी, ममता सोनी, आशा चांडक, महिला समिति की अध्यक्षा सुमित्रा बियानी, मंजू सारड़ा, लक्ष्मी भक्कड़, संगीता सोमानी, नंदा चांडक, श्रुति भक्कड़, छाया झंवर, सुमन सोनी, इंदिरा बजाज, मंजू डागा आदि का विशेष सहयोग रहा।



**नीमच.** संविधान पर्व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में २६ जनवरी को सुबह वीरपार्क रोड स्थित माहेश्वरी समाज भवन पर ध्वजारोहण समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश मंत्री के करकमलों से किया गया। प्रवक्ता कमलेश मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर समाज के बच्चों द्वारा विभिन्न देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर सुरेश सोडानी, परमेश्वर नवाल, रमेश सोनी सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बधर माता का सातवां विशाल जागरण संपन्न



**हैदराबाद.** सोमाणी, मर्दा, छापरवाल, बागड़ी, थीरानी आदि माहेश्वरी खापों की कुलदेवी श्री बधर माता का सातवां विशाल जागरण माहेश्वरी भवन बेगम बाजार में सम्पन्न हुआ। बधर माता माहेश्वरी सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नगर एवं प्रदेश के अन्य स्थानों से भी श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक राजेश सोमाणी, रमेश मर्दा ने बताया कि गोविंद सोमाणी, रमेश मर्दा, हनुमान सोमाणी, रमेश सोमाणी, पवन सोमाणी, सचिन सोमाणी और पंढरपुर से आए प्रदीप मर्दा आदि ने कुलदेवी का पूजन किया। आरती के पश्चात माता के दरबार में नव कन्याओं का पूजन किया गया। श्रीरामदेव भक्त संगम हैदराबाद के गायक सुशील गोपाल बजाज ने भजन सुनाये। विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित पुरुषोत्तम मानधना- चेयरमैन महेश बैंक, चैनसुख काबरा, पवन कुमार लोहिया बालाजी राजस्थान मंडल के सचिव का सम्मान समिति के परामर्शदाता सत्यनारायण सोमाणी(सोमाणी इस्पात), राजेश सोमाणी, लक्ष्मीकांत सोमाणी (तांडूर), ओमप्रकाश सोमाणी तांडूर, सत्यनारायण मर्दा उपस्थित थे। सीए में उत्तीर्ण होने वाले विजय कुमार रमेश कुमार मर्दा (अमीरपेट) तथा डॉक्टर सुचिता सोमाणी (मियांपुर) का स्वागत किया गया। सत्यनारायण सोमाणी, सत्यनारायण मर्दा, लक्ष्मीकांत सोमाणी (तांडूर), हंसराज सोमाणी, पुरुषोत्तम सोमाणी (झंडा वाला), गोविंदलाल मर्दा, श्यामसुंदर मर्दा सहित कई गणमान्यजनों का योगदान रहा।

## हरकुट को पीएच.डी. उपाधि



**अमरावती.** स्थानीय प्रो. राम मेघे अभियांत्रिकी व व्यवस्थापन महाविद्यालय के संगणक विभाग में कार्यरत प्रो. दिनेश गोकुलदास हरकुट को संत गाडगे बाबा अमरावती विवि द्वारा कम्प्यूटर इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी के अंतर्गत 'हार्डवेयर इम्पलेमेंटेशन फॉर टास्क शेड्यूलिंग इन रिअल टाइम ऑपरेटिंग सिस्टम' विषय पर प्रस्तुत किये गये शोध प्रबंध पर पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है। यह प्रो. हरकुट की दूसरी आचार्य पदवी है। इससे पूर्व सन् 2013 में उन्हें मैनेजमेंट शाखा में 'इलेक्ट्रॉनिक कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट यूजिंग अडापट्व्ह नूएरो फझी मॉडल' विषय पर भी संत गाडगे बाबा अमरावती विवि अमरावती द्वारा पीएच.डी. उपाधि प्रदान की गई थी। प्रो. हरकुट समाज सदस्य रत्नप्रभा-गोकुलदास हरकुट के सुपुत्र हैं।

## कार्यशाला के साथ ''शुचिता'' की प्रथम सम्पन्न



**आगरा.** अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन के अंतर्गत आध्यात्मिक समिति ''शुचिता'' की प्रथम बैठक समिति प्रभारी कलावती जाजू (हैदराबाद) के निर्देशन में आगरा में सम्पन्न हुई। समिति संयोजिका शोभा गाँधी ने मेजबान की भूमिका निभायी। श्रीमती जाजू ने अपनी कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं से संवाद किया व प्रश्नों के जरिए आध्यात्म के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि कांता माहेश्वरी (उत्तरांचल उपाध्यक्ष) ने भी युवा पीढ़ी को आध्यात्म व संस्कृति से जुड़ने के लिये प्रेरित किया। शोभा गाँधी ने स्वास्तिक चिह्न तथा ॐ का महत्व बताते हुए उन्हें सही तरीके से प्रयोग करने की जानकारी दी। कार्यक्रम में पश्चिमी उप्र की कोषाध्यक्ष मंजू चांडक भी विशेष रूप से उपस्थिति थीं।

# अवैधानिक रूप से की वसूली

**पाली (राज.).** पश्चिमी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश लड्ढा ने अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन के गत सत्र के आय-व्यय पत्रक में अनियमितता के साथ ही चुनाव के दौरान अवैधानिक वसूली के आरोप लगाये हैं। इस संबंध में सूचना के अधिकार के तहत श्री लड्ढा ने जानकारी भी मांगी। श्री लड्ढा ने आरोप लगाया कि अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन के चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर 50 रुपये की रसीद कटवाने के बाद मतदान की अनुमती दी गई, जो अवैधानिक है।

## धर्मशाला में निर्मित स्मृति भवन लोकार्पित



**सिंगोली**/चारभुजा. श्री माहेश्वरी धर्मशाला समिति सिंगोली चारभुजा में नवनिर्मित स्मृति भवन (प्रथम मंजिल) का लोकार्पण कार्यक्रम गत 12 फरवरी को आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि रामपाल सोनी पूर्व सभापति अभा माहेश्वरी महासभा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएल नौलखा पूर्व उपसभापति पश्चिमांचल ने की। लोकार्पणकर्ता अतिसम्मानित अतिथि नवनिर्वाचित महासभा सभापति राजकुमार काल्या तथा देवकरण गग्गड़ उपसभापति पश्चिमांचल थे। राधेश्याम सोमानी अध्यक्ष प्रदेश सभा, विशिष्ट अतिथि राधेश्याम चेचाणी अर्थ मंत्री प्रदेश सभा, अशोक बाहेती समाजसेवी व केदार जागेटिया नगर अध्यक्ष भीलवाड़ा थे। धर्मशाला अध्यक्ष मुकेश सोमानी ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि स्मृति भवन में लगभग 27 लाख रुपए खर्च हुए हैं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश सोमानी, समाजसेवी उदयलाल समदानी, जिला मंत्री देवेंद्र सोमानी, गोपाल नराणीवाल, मानकंवर झँवर, गोवर्धनलाल झँवर, मुरलीमनोहर गट्टानी, ओमप्रकाश मूंदड़ा, दिनेश सोमानी, महेश नराणीवाल, जितेंद्र मूंदड़ा आदि मौजूद थे। इस अवसर पर स्मृति भवन निर्माण में सहयोगी बनने के लिए भामाशाओं का अतिथियों द्वारा शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। अंत में मंत्री रामस्वरूप सोमानी ने आभार प्रकट किया।

## प्रीति क्लब की बैठक सम्पन्न

**बीकानेर.** प्रीति कल्ब के कार्यालय "कल्याणी प्रिटिंग प्रेस" में एक साधारण सभा का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष घनश्याम कल्याणी व मीडिया प्रभारी पवन राठी ने बताया कि सभा की अध्यक्षता सचिव नारायणदास दम्माणी ने की। सचिव श्री दम्माणी ने बताया कि इस संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के त्यौहार से पूर्व संस्था की ओर से एक स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा। इस बार यह कार्यक्रम मुरलीधर व्यास नगर रोड़ स्थित "दम्माणी हैरिटेज" पर 9 मार्च को सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जाऐगा। इस अवसर पर "राठी एण्ड पार्टी" द्वारा रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक होली के मधुर गीतों का कार्यक्रम तथा इस अवसर पर सहभोज का आयोजन भी रहेगा। इस अवसर पर याज्ञवल्क्य दम्माणी, अशोक बागड़ी, रघुवीर झंवर, नारायण डागा, किशन मूंधड़ा, नारायणदास दम्माणी आदि कई सदस्य उपस्थित थे।

## महिला गौरव ने सेवा के साथ किया यात्रा भ्रमण



**उदयपुर.** माहेश्वरी महिला गौरव की संरक्षक कौशल्या गट्टानी के नेतृत्व में महिलाओं ने क्रिसमस डे मनाया एवं दो दिवसीय यात्रा में मथुरा-वृंदावन की यात्रा की। जनवरी माह में जिला वैश्य महासभा सम्मेलन में अ.भा. महिला संगठन की कोषाध्यक्ष कौशल्या गट्टानी को राजस्थान माहेश्वरी समाज में समाज सेवा, शिक्षा एवं व्यवसायिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर वैश्य नारी गौरव अलंकरण से नवाजा गया। संस्था द्वारा मकर संक्रांति एवं बाल-दिवस के उपलक्ष्य में रा.उ.मा. विद्यालय चावण्ड सराडा (उदयपुर) में विविध प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गई। फरवरी माह में युवा संगठन, जिला व स्थानीय संगठनों के साथ मिलकर दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें महिलाओं का गायनीक व बच्चों के जनरल चेकअप के साथ बड़ों को शुगर, ब्लडप्रेशर एवं अनेक बीमारियों के बारे में अवगत कराया एवं समाधान किया गया।

## आपणी संस्कृति आपणी धरोहर



**अमरावती.** विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा सुरभि समिति के अंतर्गत अपनी संस्कृति से जुड़े त्यौहारों को उद्देश्यपूर्ण ढंग से दर्शाने हेतु "आपनी संस्कृति आपनी धरोहर" प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विदर्भ के ग्यारह जिलों द्वारा अलग-अलग त्यौहारों को सामाजिक संदेशों के साथ नृत्य नाटिकाओं के रूप में प्रदर्शित किया गया। प्रमुख अतिथि के रूप में वंदना गोविंद दम्माणी, रेखा-दीपक हेडा, लता-संतोष कासट व किरण-गोपाल राठी उपस्थित थीं। निर्णायक के रूप में शोभा सादाणी (कोलकाता) एवं ज्योति राठी (रायपुर) ने अपनी भूमिका निभाई। प्रदेश अध्यक्षा उषा करवा, सरिता सोनी, आशा लड्ढा, भारती राठी, ज्योत्सना तापडिया, शशि मूंदड़ा, मालती राठी, रेणु काला द्वारा सभी का सत्कार पुष्प एवं स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरिता सोनी, जया राठी, शीतल पनपालिया, स्वाति राठी एवं अर्चना कोठारी ने विशेष योगदान दिया।

## मध्यांचल महिला संगठन ने ली शपथ



**गुना.** माहेश्वरी महिला मंडल की मध्यांचल इकाई का शपथविधि समारोह व संगठन की कार्यकारिणी की बैठक 15 फरवरी को आयोजित हुई। इस दौरान महिलाओं ने पतंग बनाकर देशभक्ति के साथ समाज की संस्कृति को भी जोड़ा। कार्यक्रम का शुभारंभ महेश वंदना से किया गया। स्वागत गीत की प्रस्तुति गुना इकाई के द्वारा की गई। कार्यक्रम में आशा माहेश्वरी कोटा, सुशीला काबरा इंदौर, मनोरमा लड्ढा ग्वालियर, लता मालपानी इंदौर, प्रतिभा झंवर सीहोर अतिथि के रूप में शामिल हुई।

## पदग्रहण के साथ कार्यकर्ता प्रशिक्षण आयोजित



**अमरावती.** विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के अष्टम सत्र का शुभारंभ समारोह स्थानीय महेश भवन में विदर्भ के ग्यारह जिलों की 400 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटक के रूप में डॉ. लक्ष्मीकांत राठी, प्रमुख अतिथि के रूप में आदित्य एज्युकेशन सोसायटी बीड की चेअरमैन सविता सुभाष सारड़ा, मुख्य अतिथि के रूप में मध्यांचल उपाध्यक्षा ज्योति राठी रायपुर, कमलकिशोर राठी व पद्मादेवी मूंदड़ा उपस्थित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा शोभा सादाणी कोलकाता ने की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष उषा करवा, पूर्व अध्यक्ष ज्योति बाहेती, सचिव भारती राठी, प्रकल्प प्रमुख आशा लड्ढा, उपाध्यक्ष सरिता सोनी, संयोजिका संध्या केला, जिला अध्यक्ष मालती सिकची एवं स्थानीय अध्यक्ष सरला जाजू मंचासीन थीं। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पदग्रहण समारोह भी आयोजित हुआ। सर्वप्रथम पूर्व टीम का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्षा उषा करवा, सचिव भारती राठी, प्रकल्प प्रमुख आशा लड्ढा, कोषाध्यक्ष शीला टावरी, संगठन मंत्री ज्योत्सना तापडिया, प्रचारमंत्री प्रेमा बियानी, प्रेमा बंग, कांता चांडक, सुनिता मल्ल सहित समस्त समिति प्रभारियों ने भी पद की शपथ ली।कार्यकर्ताओं के लिये प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित हुए।

# महिला मंडल की कार्यकारिणी ने ली पद की शपथ



**बागली.** स्थानीय जटाशंकर तीर्थ पर माहेश्वरी जिला महिला संगठन की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इसमें बागली निवासी राजकुमारी ईनाणी ने संगठन की जिलाध्यक्ष व सोनकच्छ निवासी अरुणा भूतड़ा ने सचिव पद की शपथ ली। जटाशंकर सेवा समिति के सदस्यों ने महंत बद्रीदासजी के मार्गदर्शन में नवीन कार्यकारिणी व माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों को शाल-श्रीफल, स्मृति चित्र, श्रीमद्भागवत गीता भेंटकर सम्मानित भी किया। श्रीमती ईनाणी ने कुरूतियों को दूर करने समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, बालिका शिक्षा के महत्व आदि विषयों पर अपने विचार प्रकट किए।

इस अवसर पर अभा महिला महासभा की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशीला काबरा, पश्चिमी मप्र प्रादेशिक महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष अरुणा बाहेती, निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष निर्मला बाहेती, निवर्तमान जिलाध्यक्ष मंगला सिंगी, निवर्तमान अध्यक्ष पश्चिमी मप्र प्रादेशिक संगठन महेश तोतला, वर्तमान प्रदेशाध्यक्ष अधिवक्ता राजेंद्र ईनाणी, जिला अध्यक्ष राजेश धूत, निवर्तमान जिला अध्यक्ष मुरलीधर मानधन्या, निवर्तमान जिला सचिव विनोद राठी व विनोद भूतड़ा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व एल्डरमैन कैलाश कांकाणी ने किया। आभार माहेश्वरी महिला संगठन की अरुणा भूतड़ा ने माना।

## शिकारियों के खिलाफ करवाया प्रकरण दर्ज

**भीलवाड़ा.** पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने बीकानेर जिले की लुणकरणसर तहसील के छीछोलाव ढुलमेड़ा गांव में 12 हिरणों व टोंक जिले के टोडा रायसिंह तहसील के छीछोलाव व गंगलाव के बीच जंगल में 17 मोरों की हत्या की प्राथमिकी पुलिस अधीक्षक बीकानेर एवं टोंक को रजिस्टर्ड डाक व ई-मेल से दर्ज कराते हुए शिकारियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। श्री जाजू ने उक्त घटनाओं से केन्द्रीय मंत्री एवं संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्षा पीपुल फॉर एनीमल्स मेनका गांधी एवं केन्द्रीय क्राईम कन्ट्रोल ब्यूरो के एडिशनल डायरेक्टर को भी अवगत कराया।

## नगर परिषद उपाध्यक्ष बने आशीष गांधी



**पुलगांव.** नगर परिषद चुनाव में प्रभाग क्रमांक 6 से विक्रमी मतों से विजयी होने पर पुलगांव नगर परिषद में आशीष मधुसूदन गांधी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। आप अनेक सालों से भारतीय जनता पार्टी में अनेक पदों पर काम किया है। वर्तमान में आप पर शहर महासचिव पद की जवाबदारी है। आपकी रुचि सामाजिक कार्यों में भी अधिक रहती है।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न



**राजसमंद.** अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन नाथद्वारा में राजसमंद जिला माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात एवं राजस्थान के विभिन्न शहरों से आए समाज बंधु एवं युवक-युवती सम्मिलित हुए। सम्मेलन में कुल 270 युवक-युवतियों के पंजीयन हुए तथा 170 प्रत्याशियों ने अपना परिचय दिया। मुख्य अतिथि रमेशचंद्र छापरवाल (महामंत्री सेवासदन) थे। अध्यक्षता इंदरलाल छापरवाल ने की। जिला अध्यक्ष नवनीतलाल मंत्री, सहप्रभारी सत्यप्रकाश काबरा, संयोजक विष्णुगोपाल सोमानी, ओम बिड़ला, कैलाशचंद्र मूंदड़ा आदि कई गणमान्यजन उपस्थित थे।


## श्री माहेश्वरी टाईम्स के स्वामित्व के बारे में जानकारी देखें

नियम-4

| | |
|---|---|
| प्रकाशक का नाम | श्री माहेश्वरी टाईम्स (मासिक) |
| भाषा | हिंदी |
| प्रकाश की अवधि | 2 तारीख (हर माह की अंग्रेजी) |
| प्रकाशक का नाम | सरिता बाहेती |
| मुद्रक का नाम | सरिता बाहेती |
| संपादक का नाम | पुष्कर बाहेती |
| क्या भारत का नागरिक है? | हां |
| मुद्रक | ऋषि ऑफसेट, माहेश्वरी भवन गोलामंडी, उज्जैन (मप्र) |
| प्रकाशन का स्थान | माहेश्वरी भवन, गोलामंडी, उज्जैन (मप्र) |
| उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा पंजी के एक प्रतिशत से अधिक के हिस्सेदार हो। | सरिता बाहेती |

मैं सरिता बाहेती एतद् द्वारा घोषित करती हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए विवरण सत्य हैं।

उज्जैन


"इंसा के साथ रहके हवा भी जहरीली हो गई है।
दुनिया में देखिये तो ये कैसी तब्दीली हो गई है।"

"अगर नीयत अच्छी हो तो,
नसीब कभी बुरा नहीं होता"

## पल्लवी बनी सीए



समाज के वरिष्ठ सदस्य तुलसीराम सारडा की पौत्री तथा रामरतन सारडा की सुपुत्री पल्लवी सारडा ने सीए फायनल की परीक्षा उत्तीर्ण की। इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## रोहित बने सीए



**धामनगाँव रेलवे (अमरावती).** जयश्री कृषि सेवा केंद्र संचालक नंदकिशोर राठी के सुपुत्र रोहित ने मात्र 23 वर्ष की अवस्था में सीए की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण करने का गौरव प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## वैशाली को पी.एचडी



**उदयपुर.** समाज की प्रतिभा वैशाली माहेश्वरी (सोडाणी) को महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के तकनीकी एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय ने ऊर्जा कुशल नेटवर्क चीप पर शोध हेतु पीएच.डी की उपाधि प्रदान की है। डॉ. वैशाली ने पूर्व में कम्प्युटर विज्ञान में बी.ई. एवं एम.टेक. किया है।

## हिमांशु एमबीबीएस उत्तीर्ण



**खामगाँव.** स्थानीय समाज के पूर्व अध्यक्ष तथा व्यवसायी रामचंद्र राठी के सुपौत्र तथा समाज अध्यक्ष प्रकाश राठी (बबलू राठी) के सुपुत्र हिमांशु ने एमबीबीएस की उपाधि प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। समस्त स्नेहीजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।


> 'चंदन' से 'वंदन'
> ज्यादा शीतल होता है,
> 'योगी' होने के बजाय
> 'उपयोगी' होना ज्यादा अच्छा है,
> 'प्रभाव अच्छा होने के बजाय
> 'स्वभाव' अच्छा होना
> ज्यादा जरूरी है।

## दुजारी बने सीए



**आगरा.** जिला माहेश्वरी सभा उपाध्यक्ष मनोजकुमार दुजारी के सुपुत्र विशाल दुजारी ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस उपलब्धि पर समाजबंधुओं सहित परिजनों ने हर्ष जताया है।

## राहुल का लंदन गमन



**रतलाम.** नगर की यशस्वी सॉफ्टवेयर प्रतिभा हैदराबाद में एसएसबीसी में उच्च पद पर सेवारत राहुल राठी (बंटी भैया) एक पक्ष के प्रवास पर लंदन गये। गत दिनों पुनः प्रवास समाप्त कर लौट आए। सॉफ्टवेयर इंजीनियर श्री राठी का विमानतल पर पुष्पहारों से सत्कार सभी सहकर्मी व स्नेहीजनों ने किया।

## कीर्ति बनीं सीए



**आगरा.** समाज की प्रतिभा कीर्ति राठी सुपुत्री बल्लभ राठी ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। समस्त स्नेहीजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

## अंकित को 99.50 पर्सेंटाइल

**नागपुर.** आईआईएम सहित राष्ट्रीय स्तर के समकक्ष मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट में प्रवेश के लिए ली गई प्रवेश परीक्षा कैट में समाज की प्रतिभा अंकित बाहेती ने 99.50 पर्सेंटाइल प्रतिशत अंक प्राप्त कर नागपुर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। अंकित अशोक बाहेती के पुत्र एवं चतुर्भुज बाहेती के प्रपौत्र हैं। अंकित ने 2014 में एनआईटी दुर्गापुर से बीटेक की उपाधि प्राप्त कर अपने स्वयं का ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया।





हार्दिक शुभकामनाओं सहित ...
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन
माहेश्वरी महिला संगठन वाराणसी
सेवा त्याग सदाचार
संजीव चाण्डक
निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष
अ. भा. माहेश्वरी युवा संगठन
संयुक्त मंत्री
अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट
कार्यकारी मण्डल सदस्य
संयोजक विधान संशोधन समिति-28 वाँ सत्र
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा
9696965655
Email- ipnp.abmys@gmail.com
इन्दू चाण्डक
निवर्तमान मंत्री
माहेश्वरी महिला संगठन
9236124999
Email- induchandakvns@gmail.com
9839043935 / 9235506555
0542-2392256 (O) 2360035 (R)
myagevns@gmail.com
माहेश्वरी यार्न एजेन्सीज
काटन यार्न डीलर
C.K.23/28 JAWAHAR MARKET, CHOWK, VARANASI - 221001 (UP)

## माहेश्वरी युवाओं की संगठित शक्ति

# अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन

**युवा ही किसी भी राष्ट्र या समाज की वह शक्ति है, जिसके कंधों पर उस राष्ट्र या समाज के विकास की जिम्मेदारी होती है। बस इसके लिये जरूरी होता है, इस शक्ति को संगठित करना व इस संगठित शक्ति का सकारात्मक उपयोग करना। माहेश्वरी समाज में इसी उद्देश्य की पूर्ति कर रहा है, अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन।**

माहेश्वरी समाज का शीर्ष संगठन अ.भा. माहेश्वरी महासभा 100 वर्ष से भी अधिक समय से समाज व राष्ट्र की सेवा कर रहा है। इसके स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान तथा समाज सुधारों से इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठ सृजित हैं। इसके बावजूद बदलती परिस्थितियों व चुनौतियों के अनुरूप समाज के युवाओं को तैयार करने तथा संगठित करने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी। इसी सोच को मूर्तरूप देते हुए अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा की एक सशक्त भुजा के रूप में युवा संगठन का उद्‌गम सन् 1972 में कलकत्ता अधिवेशन के समय हुआ। इसे प्रथम सत्र का दर्जा दिया गया। जिसके अध्यक्ष बसंत कुमार बांगड़ (दिल्ली) व महामंत्री रामकृष्ण बजाज (जयपुर) चुने गये। इस संगठन का नाम संस्था के रूप में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन रखा गया, जो माहेश्वरी महासभा की एक ईकाई के रूप में, उसी के अंतर्गत कार्यरत है। इस संगठन का कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारत वर्ष व अन्य क्षेत्र रखे गये, जहां माहेश्वरी परिवार निवास करते हैं।

### हर क्षेत्र तक बनाई पहुँच

युवा संगठन के प्रथम सत्र की शुरुआत तो मात्र केंद्रीय संगठन की स्थापना के साथ ही हुई लेकिन फिर शनैः-शनैः संगठन अपना विस्तार करता चला गया। तृतीय सत्र में 300 से अधिक स्थानीय युवा संगठनों का गठन कर संगठन के सम्पर्कों का विस्तार किया गया। चतुर्थ सत्र में 6 प्रादेशिक संगठनों का गठन कर संगठनात्मक व्यवस्था को मजबूत किया गया। इसके पश्चात संगठन ने अपने सप्तम सत्र में 26 दिसम्बर 1998 को विधान संशोधन कर इसे और अधिक सुगठित कर दिया। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय संगठन के अंतर्गत चार आंचलिक, प्रत्येक अंचल में प्रादेशिक संगठन और इनके अंतर्गत जिला संगठनों का गठन किया गया। वर्तमान में गत 11 वें सत्र में महासभा की तरह ही युवा संगठन के अंचलों का भी पुनर्गठन किया गया है। अब इसमें मध्यांचल के रूप में नये अंचल की स्थापना की गई, जिसके बाद अंचलों की कुल संख्या 4 के स्थान पर 5 हो गई। केंद्रीय संगठन की व्यवस्था भारतीय शासन व्यवस्था की तरह द्विसदनीय है। जिसमें कार्य समिति तथा कार्यकारिणी शामिल हैं।

### ऐसी है राष्ट्रीय युवा संगठन की वर्तमान व्यवस्था

वर्तमान में युवा संगठन की केंद्रीय व्यवस्था में राष्ट्रीय स्तर पर अध्यक्ष, महामंत्री, अर्थमंत्री, संगठन मंत्री, क्रीड़ा मंत्री तथा सांस्कृतिक मंत्री का एक-एक पद है। उपाध्यक्ष व संयुक्त मंत्री के पदों पर प्रत्येक अंचल से पृथक-पृथक निर्वाचन होता है। अतः इनकी पद संख्या वर्तमान में 5-5 है। आंचलिक व्यवस्था के अंतर्गत पूर्वांचल में कोलकाता, पश्चिम बंगाल, बिहार, आसाम व समीपस्थ क्षेत्र, नेपाल, सिक्किम, मेघालय व उड़ीसा शामिल हैं। पश्चिमांचल में बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, जयपुर, उदयपुर व कोटा शामिल हैं। उत्तरांचल में पूर्वी उ.प्र., मध्य उ.प्र., पश्चिमी उ.प्र., दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, कश्मीर व हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। नवगठित मध्यांचल में गुजरात, मध्य म.प्र., पश्चिमी म.प्र., विदर्भ व छत्तीसगढ़ शामिल हैं। अंतिम व पांचवें अंचल दक्षिणांचल में मुंबई, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश व तेलंगाना, तमिलनाडु व केरला, कर्नाटक व गोवा शामिल हैं।

### संगठन की 12 सूत्रीय शपथ

- मैं अपना न्यूनतम एक प्रतिशत समय समाज के कार्यों हेतु अर्पित करुंगा।
- मैं अपनी आय का एक निश्चित अंश परहित कार्यों के लिए व्यय करूंगा।
- मैं अपने या अपने परिवार में विवाह में दहेज नहीं लूंगा, दिखावा, फिजूलखर्ची का हर स्तर पर विरोध करूंगा।
- मैं अपने सामाजिक आचार में सदैव सादगीपूर्ण व्यवहार करूंगा।
- मैं अपने जीवन-साथी को पूर्ण संरक्षण, प्रेम-आदर दूंगा।
- मैं अपने जीवन में विनम्रता-श्रद्धा-प्रेम एवं अनुशासन का पालन करूंगा।
- मैं संकट में पड़े समाजजनों की सहायता तत्परता से करूंगा।
- मैं राष्ट्र और समाज के गौरव को क्षति पहुंचाने वाले कार्य से स्वयं तो अलग रहूंगा ही,अन्य लोगों को भी इसके लिये हतोत्साहित करता रहूँगा।
- मैं हर क्षण-हर पल महासभा की आचरण संहिता का पालन करूंगा।
- मैं अपनी कथनी और करनी में अंतर नहीं रखूंगा।



# सत्र दर सत्र चली सेवा यात्रा. . .

**अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन वर्ष १९७७ में अ.भा. माहेश्वरी महासभा के सहयोगी संगठन के रूप में स्थापित हुआ। इसके बाद यह सत्र दर सत्र अपनी सेवाओं से नये सौपान तय करता ही चला गया। १२ वें सत्र में अब बन चुका है, महासभा की एक सशक्त "भुजा"।**

## 1 सत्र संगठन की स्थापना

अ.भा. माहेश्वरी महासभा में युवाओं को संगठन से जोड़ने पर सतत रूप से चिंतन चल रहा था। इस चिंतन की साकार रूप से में परिणीति वर्ष 1972 में महासभा के कोलकाता अधिवेशन के दौरान अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन की स्थापना के साथ हुई। इसमें श्री देवप्रकाश माहेश्वरी तथा पत्रकार स्व. श्री मधुश्री काबरा का विशेष योगदान रहा। इसे ही प्रथम सत्र का दर्जा प्रदान करते हुए संगठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत कुमार बांगड़ (दिल्ली) व महामंत्री रामकृष्ण बजाज (जयपुर) चुने गये। उनकी इस प्रथम कार्यकारिणी मनमोहन बागड़ी - उपाध्यक्ष, सुरेश सोमानी (कोटा) कोषाध्यक्ष, आनंद साबू (रांची) - संयुक्त मंत्री, नरेन्द्र कलंत्री (लखनऊ) - संयुक्त मंत्री आदि सम्बद्ध हुए। ये आंकड़े श्री बागड़ी की याददाश्त के अनुसार है। संगठन के लिए सहयोग, सेवा, संकल्प, संस्कृति, संयम, समर्पण, सादगी, अनुशासन व सुधार मुख्य सिद्धांत निर्धारित किये गये। इन सिद्धांतों का माहेश्वरी युवक-युवतियों में प्रचार-प्रसार करके पालन कराना व समस्त भारतवासियों की प्रगति के व्यापक दृष्टिकोण के साथ माहेश्वरी समाज की समयानुकूल सर्वांगीण उन्नति कराना, जिससे माहेश्वरी समाज राष्ट्र का एक प्रगतिशील घटक बना रहे। इस सत्र में आगरा व रांची में युवा सम्मेलन बुलाए। कार्य समिति की बैठकें सम्पन्न हुई। प्रमुख कार्य रूप में औद्योगिक भ्रमण का व्यापक आयोजन किया गया। जिससे अनुभव प्राप्त करके अनेक युवाओं ने लघु उद्योगों की स्थापना की। आर्थिक विकास व कुरीतियों के उन्मूलन हेतु विशेष कार्यक्रम किये गये।

## संस्थापक अध्यक्ष-बसंत कुमार बांगड़



*दिल्ली में 21 नवमबर 1934 को स्व. सेठ* श्री पन्नालालजी व स्व. श्रीमती गोपीदेवी के यहाँ जन्मे बसंत कुमार बांगड़ ने दिल्ली युनिवर्सिटी से देश के टॉपर्स के रूप में में कामर्स विषय के साथ बी.ए.(आनर्स) की उपाधि प्राप्त की थी। शिक्षा प्राप्ति के बाद भी श्री बांगड़ ने नौकरी न करते हुए अपने पैतृक ज्वेलरी व्यवसाय को विस्तारित किया। श्री बांगड़ अपनी व्यावसायिक व्यस्तता के बावजूद सन 1961 में मात्र 27 वर्ष की अवस्था में एक सामान्य कार्यकर्ता की तरह स्थानीय समाज संगठन से सम्बद्ध हुए। सन 1963 में उनकी सेवाओं को देखते हुए श्री बांगड़ को स्थानीय युवक संगठन "माहेश्वरी नवयुवक सभा" में मंत्री निर्वाचित किया गया। इस पद पर उनकी समर्पित सेवा को देखते हुए अ.भा. माहेश्वरी महासभा ने युवा संगठन के गठन की सोच को क्रियान्वित करने के लिए श्री बांगड़ को युवा टीम *तैयार करने के लिये कहा। अथक प्रयत्नों से अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन जब बना तो 1972 में* श्री बांगड़ को संस्थापक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। महासभा के जोधपुर अधिवेशन के दौरान श्री बांगड़ महामंत्री पद के तीन दावेदारों में से एक थे लेकिन आपने समाजहित में अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद आप अ.भा. माहेश्वरी महासभा के संयुक्त मंत्री, दिल्ली प्रदेश माहेश्वरी सभा अध्यक्ष भी रहे हैं। न सिर्फ युवा संगठन बल्कि इन्टरनेशनल माहेश्वरी फोरम तथा माहेश्वरी सभा दिल्ली ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं। मारवाड़ी महासभा दिल्ली प्रदेश संरक्षक अ.भा. माहेश्वरी महासभा के कार्यकारी मंडल के आजीवन सदस्य तथा माहेश्वरी इन्टरनेशनल (त्रैवार्षिक) को आप प्रधान सम्पादक के रूप में सेवा दे रहे हैं। व्यवसायिक रूप से आप दिल्ली ज्वेलर्स एसोसिएशन के संयुक्त मंत्री भी रहे है।

## 2-3 सत्र
## विधान निर्माण व स्थानीय संगठनों की स्थापना

सन् 1976 में नागपुर अधिवेशन से द्वितीय सत्र आरंभ हुआ। जिसमें अध्यक्ष नरेंद्र कलंत्री (लखनऊ) व महामंत्री अरविंद बियाणि (दिल्ली) चुने गये। दिल्ली व ग्वालियर में बैठके सम्पन्न हुई। आपसी सामंजस्य के अभाव में आशातीत प्रगति नहीं हो पाई। अतः महासभा की जलगांव बैठक में नये पदाधिकारियों को मनोनीत करने का निश्चय किया गया। तदुपरांत पुना बैठक में चंद्रमोहन नागोरी (ग्वालियर) अध्यक्ष एवं महामंत्री पुरुषोत्तम लड्ढा (कानपुर) शेष सत्र हेतु मनोनीत किये गये। समिति ने संगठन को मजबूत करने का सार्थक एवं सफल प्रयास किया, जिससे सम्पूर्ण भारतवर्ष के माहेश्वरी युवाओं में सामाजिक कार्य के प्रति नई उमंग-चेतना जागृत हुई। इस सत्र में सबसे बड़ी उपलब्धि आम युवाओं तक युवा संगठन को पहुचाना रहा। इसके लिये युवा वर्ग में सतत सम्पर्क किया गया। संगठन में व्याप्त असामंजस्य की समस्या को भी इसमें दूर कर सम्पूर्ण संगठन के गतिरोध को दूर किया गया। यदि यह कहा जाएं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इस सत्र ने युवा संगठन की वह मजबूत नींव रखी, जिस पर वर्तमान का युवा संगठन अपने वृहद आयाम के साथ सुस्थापित है।

तृतीय सत्र के लिये सन् 1982 में अलीगढ़ बैठक में पुनः चंद्रमोहन नागोरी-ग्वालियर -अध्यक्ष, पुरुषोत्तम लड्ढा - कानपुर महामंत्री व श्यामसुंदर सोनी नागपुर-कोषाध्यक्ष निर्वाचित किये गये। इस सत्र में अलीगढ़, जयपुर, अमरावती, कलकत्ता, भोपाल, पुणे, पंचमढ़ी, नागपुर में बैठकों का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। संगठन द्वारा अगस्त 1982 में आयोजित जयपुर बैठक में विधान का निर्माण किया गया। 29 अगस्त 1982, में तपोधन कृष्णदास जाजू जन्म शताब्दी के अवसर पर संगठन के आह्वान पर हजारों युवाओं ने रक्तदान दिया। मई 1983 से "युवा माहेश्वरी" मासिक पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। वर्ष 1984 में उद्योगरत्न आ. घनश्यामदास बिड़ला के जन्मदिवस राम-नवमी पर आत्मनिर्भरता दिवस मनाया गया, जिसके तहत स्थानीय संगठनों का निर्माण किया गया। लगभग 300 से अधिक युवा संगठनों का सीधा और प्रभावी संपर्क केंद्रीय संगठन से बना।

यह सत्र वह सत्र था जिसने अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन की वृहद संरचना सुनिश्चित की। अन्यथा इसके पूर्व तो युवा संगठन मात्र एक छोटी सी संस्था ही था। युवा संगठन का विधान इसी सत्र में सुचारू रूप से तैयार हुआ और इसी विधान के अनुरूप संगठन का स्थानीय स्तर तक गठन हुआ। इसी विधान में आगे जाकर समयानुकूल परिवर्तन होते रहे और युवा संगठन की सेवा यात्रा सतत् रूप से चलती ही चली गई।

## अध्यक्ष - चन्द्रमोहन नागोरी



श्री चन्द्रमोहन नागोरी का जन्म 16 जनवरी 1946 को ग्वालियर के प्रमुख व्यावसायिक एवं औद्योगिक घराने के श्री दामोदरदास नागोरी के यहां हुआ। बचपन से ही शरारती चन्द्रमोहन अपनी टोली के नायक हो गए। वे अध्ययनकाल में ही स्कूली छात्रसंघ के महामंत्री व अध्यक्ष रहे। प्रदेश के प्रमुख महाविद्यालय महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज छात्रसंघ में पत्रिका के संपादक व फिर सचिव और फिर अध्यक्ष चुने गए। वे विद्यार्थी कांग्रेस की म.प्र. शाखा के अध्यक्ष एवं म.प्र. हिन्दी सेना के अधिनायक रहे। अपने छात्र जीवन में ही वे एक प्रभावी वक्ता के रूप में स्थापित हो गए थे। वे जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के लगातार श्रेष्ठ वक्ता के रूप में सम्मानित हुए।

21 वर्ष की आयु से वे व्यावसायिक क्षेत्र में पारिवारिक संस्थान दैनिक नवप्रभात के प्रधान संपादक के रूप में सेवारत हैं। श्री नागोरी राजनैतिक क्षेत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े हैं और जिला कांग्रेस अध्यक्ष रहने के अलावा ग्वालियर विकास प्राधिकरण के भी सफलतम अध्यक्ष रहे। वे पार्टी उम्मीदवार के रूप में 1980 में विधानसभा और 1999 में लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। सामाजिक क्षेत्र में प्रारंभ से ही सक्रिय रहे, 1964 में 18 वर्ष की आयु में उन्होंने युवा संगठन की कल्पना की व ग्वालियर में देश का पहला माहेश्वरी युवा संगठन स्थापित किया। ग्वालियर में बृहत्तर ग्वालियर माहेश्वरी समाज एवं महिला मण्डल के सूत्रपात का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। 1978 में वे अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन के तीसरे राष्ट्रीय अध्यक्ष बने अलीगढ़अधिवेशन (1980) में फिर से अध्यक्ष बनाये गये। इन दिनों वे मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्रीय प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष हैं। 1967 के बीकानेर अधिवेशन से वे महासभा कार्यकारी मण्डल के सतत सदस्य हैं। चार बार वे महासभा कार्यसमिति के सदस्य रह चुके हैं। श्री नागोरी ने प्रथम स्थान के साथ विधि स्नातक तक शिक्षा प्राप्त की है। पिछली पीढ़ी की सुप्रसिद्ध हिन्दी लेखिका श्रीमती मंजू नागोरी उनकी सर्वथा योग्य सहधर्मिणी हैं।

# 4 सत्र विधवा विवाह के प्रति जागृति

चतुर्थ सत्र के लिये दिसम्बर 1985 में इंदौर बैठक में श्यामसुंदर सोनी नागपुर (अध्यक्ष) किशन अजमेरा-जयपुर (महामंत्री) एवं पुरुषोत्तम सिंगी-मुंबई (कोषाध्यक्ष) निर्वाचित / मनोनीत किये गए। नए विधानानुसार कार्यकारी मंडल व कार्यसमिति का गठन किया गया। इस सत्र में इंदौर, जालना, ग्वालियर, हैदराबाद, आगरा, कलकत्ता, श्रीनगर, कानपुर में बैठकें आयोजित की गईं। उल्लेखनीय कार्यों के रूप में समाज की विधवा बहनों के पुनर्विवाह हेतु वातावरण का निर्माण किया गया। प्रेरणा स्वरूप संगठन के 10 अविवाहित सदस्यों द्वारा विधवा युवतियों से आदर्श विवाह किये गए। विवाह योग्य युवक/युवतियों के परिचय सम्मेलन अनेक स्थानों पर सफलतापूर्वक आयोजित किए गये। भूतपूर्व महामंत्री पुरुषोत्तम लड्ढा के संपादन में संगठन के मुख पत्र युवा माहेश्वरी का प्रकाशन प्रतिमाह निरंतर होता रहा है। इसकी प्रसार संख्या 500 से बढ़ाकर 1000 की गई। इस सत्र में लगभग 50 नये स्थानीय संगठन एवं 6 प्रादेशिक संगठन और सैकड़ों सहयोगी सदस्य बनाए गए। यह वह सत्र है, जिसने समाज के युवाओं को एक सूत्र में बांधने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि आधुनिक सोच वाले युवा वर्ग को संगठन से जोड़कर समाज की युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देना था। स्वयं श्री सोनी के आईटी के विशेषज्ञ होने से उन्होंने नई तकनीकों का विस्तार समाजहित में भी किया। इस सत्र में संगठन ने सघन जनसम्पर्क एक अभियान की तरह चलाया। श्री सोनी वैसे ही एक प्रखर वक्ता है। उनकी आवाज का जादू इस तरह छाया कि जहाँ भी उन्होंने सम्बोधन दिया, वहाँ के युवा, संगठन से जुड़े बिना नहीं रहे। यदि यह कहें कि वास्तव में इस सत्र में संगठन समाज के द्वार-द्वार तक जा पहुँचा था, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। संगठन का इस सत्र में प्रमुख लक्ष्य कुरूति उन्मूलन था। अतः दहेज प्रथा, विधवा विवाह, दिखावा आदि कई कुरीतियों के खिलाफ व्यापक जन जागरण किया गया। इसका असर भी वृहद रूप से नजर आया। इनका परिणाम यह रहा कि श्री सोनी की छवि समाज में एक जननायक की तरह बन गई।

## अध्यक्ष - श्यामसुन्दर सोनी



अ.भा.माहेश्वरी महासभा के सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित सभापति नागपुर निवासी श्यामसुन्दर सोनी अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन के चतुर्थ सत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। उनके कार्यकाल में संगठन ने सेवा के नये कीर्तिमान लिखे। गोल्ड मेडल के साथ बी.टेक. (केमिकल) में उपाधि प्राप्त वर्तमान में 63 वर्षीय नागपुर निवासी श्री श्यामसुंदर सोनी एक ख्यात उद्यमी तो हैं ही, साथ ही आईटी विशेष भी। कई शहरों में फैले अपने वृहद व्यवसाय को उन्होंने संचारक्रांति से अत्यंत व्यवस्थित रूप से संवारा है और इसी का उपयोग वे समाजहित में भी करते रहे हैं। प्रारंभ में युवा संगठन से 18 वर्ष की अवस्था में कार्य समिति सदस्य के रूप में जुड़े तो फिर युवा संगठन विदर्भ प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष, राष्ट्रीय अर्थमंत्री तथा चौथे सत्र में अध्यक्ष रहे। इसके पश्चात महासभा से भी जुड़े और 21 वें सत्र में विदर्भ प्रादेशिक सचिव, 22 वें सत्र में महासभा के कार्य समिति सदस्य, 23 वें सत्र में संगठन मंत्री तथा गत 26 वें सत्र में महामंत्री रहे। युवा संगठन से जुड़ाव के कारण श्री सोनी की प्रतिष्ठा युवा वर्ग के प्रतिनिधि के रूप में रही है। उनकी योग्यता के भी सभी कायल रहे हैं। वर्तमान में यदि अ.भा. माहेश्वरी महासभा में सर्वसम्मति से निर्वाचित सभापति का गौरव श्री सोनी को प्राप्त हुआ है, तो इसमें उनकी इन सेवाओं का योगदान भी है।





# 5-6 सत्र
## सम्पर्क बढ़ाओं संगठन बढ़ाओं

पंचम सत्र हेतु 1989 में तिरुपति बैठक में रमेश मरदा (मुंबई) अध्यक्ष, राजन झंवर (फरुखाबाद) महामंत्री, मधुसुदन सारड़ा (नागपुर) कोषाध्यक्ष निर्वाचित/मनोनीत किये गये। संपर्क बढ़ाओ-संगठन बनाओ के प्रेरणा वाक्य के साथ कार्य शुरू किया गया। जिसके तहत पत्राचार व भ्रमण पर विशेष जोर दिया गया। अध्यक्षीय कार्यालय से करीब 11 हजार व महामंत्री कार्यालय से 18000 पत्र प्रेषित किये गये। समय-समय पर व्यापक रूप से परिपत्र भी भेजे गये। अध्यक्ष श्री मर्दा द्वारा 83 स्थानों का भ्रमण किया गया एवं महामंत्री व अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने अंचल में अच्छे रूप से भ्रमण किया। युवा माहेश्वरी संदेश पत्रिका का विधिवत पंजीयन मदनगोपाल तापड़िया के प्रयासों से सम्पन्न हुआ। इसकी प्रसार संख्या 1200 के करीब की गई। प्रादेशिक संगठनों के मॉडल विधान का निर्माण किया गया। अखिल भारतीय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता के साथ अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम खेलकूद प्रतियोगिताएँ जनवरी 1991 में मद्रास शहर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुईं। इसमें 17 प्रदेशों के सैकड़ों युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। 2 अक्टूबर 1991 को संपूर्ण भारत वर्ष में स्थानीय संगठनों द्वारा उद्देश्य पूर्ण रूप में एक ही दिन में अनेक स्थानों पर कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये गये। दिसम्बर 1991 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम बार साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का हैदराबाद में व्यापक रूप से आयोजन किया गया।

षष्ठम् सत्र के लिये वर्ष 1994 में जैसलमेर महाधिवेशन के अवसर पर पुनः सर्वानुमति से रमेश मरदा (मुंबई) अध्यक्ष व राजन झंवर (फरुखाबाद) महामंत्री एवं गोविंद सारडा (नागपुर) कोषाध्यक्ष निर्वाचित/मनोनीत किये गये। अपरिहार्य कारणों से महामंत्री राजन झंवर व अर्थमंत्री गोविंद सारड़ा के त्याग पत्र देने के कारण संगठन की विराटनगर बैठक (अप्रैल 95) में अनिल मानधनी-गोरखपुर महामंत्री व संगठन की अक्टूबर 95 में सम्पन्न प्रयाग बैठक में गोवर्धन करनानी-कानपुर अर्थमंत्री चयनित किये गये। इस सत्र में "आचार विचार सुधारेंगे-समाज को संवारेंगे" के प्रेरणा वाक्य के साथ कार्य किया गया। युवा माहेश्वरी संदेश में अध्यक्षीय कालम का नवीन प्रयोग किया गया। इस कालम के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मरदा ने 21 अध्यक्षीय कालम लिखे। इनमें विभिन्न सामाजिक बातों पर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिये गये हैं। 14 दिसम्बर 1995 को सामाजिक समन्वय समिति के अंतर्गत महिला संगठन के साथ व्यापक रूप से संपूर्ण भारतवर्ष में चिंतन दिवस का आयोजन विषय "बढ़ते अंतर्जातीय विवाह कारण व निवारण" एवं "विभिन्न आयोजनों में बढ़ता दिखावा, प्रदर्शन व अपव्यय" पर किया गया। विभिन्न सामाजिक संदर्भों को ध्यान में रखते हुए मनासा (पश्चिम म.प्र.), गुलबर्गा (कर्नाटक), नोखा (राज.) मुंबई में विस्तृत रूप से युवा सम्मेलनों के आयोजन किये गये। सांस्कृतिक समिति के राष्ट्रीय संयोजक तरुण कुमार झँवर "तरुण" (युवा संगठन) व श्रीमती लीला सारड़ा (महिला संगठन) के संयुक्त प्रयासों से 26 से 28 जुलाई 96 को आपणो उत्सव-96 के नाम से युवा संगठन एवं महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में अत्यंत व्यापक रूप से साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में नेपाल के कलाकारों ने भी भाग लिया। इस सत्र के अंत में अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कलकत्ता में युवा अधिवेशन का आयोजन दिनांक 26 से 28 दिसम्बर तक कलकत्ता के बिन्नानी भवन में विभिन्न आयोजनों के साथ सम्पन्न हुआ।

## अध्यक्ष - रमेश मर्दा



समाज में प्रखर वक्ता व प्रेरक गुरु के रूप में ख्यात रमेश मरदा (मुंबई) का जन्म राजस्थान के चूरू नामक शहर में ख्याति प्राप्त स्वतंत्रता सेनानी व शिक्षाविद् स्व. श्री भागीरथप्रसाद मरदा के यहाँ हुआ। बी.कॉम. व एल.एल.बी. की शिक्षा पूरे राजस्थान में तीसरा स्थान प्राप्त कर पूर्ण की। शिक्षा के दौरान बेस्ट स्काउट ऑफ बीकानेर डिवीजन चुने जाने पर तत्कालीन राष्ट्रपति वी.वी. गिरी द्वारा सम्मानित किये गये। छात्र युनियन के अध्यक्ष के रूप में अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। आप माहेश्वरी प्रगति मंडल मुंबई के अध्यक्ष रह चुके हैं। निष्ठा के साथ आपने माहेश्वरी युवा संगठन को लगातार दो सत्र में 8 वर्ष तक राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सेवा देकर अपनी संगठन दक्षता एवम् विशिष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए युवाओं में नई जागृति का संचार किया। आप गुरुकुल विद्यालय, चूरू के ट्रस्टी तथा नवजागृति संस्था, मुंबई के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं। सामाजिक क्षेत्र में पिछले 35 वर्षों से लगातार कार्यशील हैं व इस दौरान आपने सैकड़ों व्याख्यान, विचार गोष्ठी, सेमिनार व टॉक शोक प्रस्तुत किये हैं। इस संदर्भ में आपकी दो पुस्तकें मंथन और उड़ान अत्यंत लोकप्रिय व सराहनीय रही। आपके प्रखर सामाजिक चिंतन एवं स्नेहिल वाणी के पूरे देश में अनेकानेक प्रशंसक हैं। 'लाईफ ट्रांसफार्मिंग' क्षेत्र में सामाजिक संदर्भों के साथ "सपने और अपने" वर्कशॉप भी प्रस्तुत करते रहे। परिवार में जीवन संगीनी श्रीमती रेशमा दो पुत्रियाँ व एक पुत्र है। आजीविका के तौर पर पारिवारिक व्यवसाय से सम्बद्ध है। अ.भा. माहेश्वरी महासभा के लगातार 33 वर्ष से कार्यकारी मंडल सदस्य हैं। इस दौरान वे दो बार कार्य समिति के पदेन सदस्य रहे। महासभा विधान संशोधन समिति के संयोजक व महासभा चुनाव समिति के मुख्य चुनाव अधिकारी भी रहे।

# 7 सत्र
## प्रथम युवा महाधिवेशन व विधान संशोधन

26 दिसम्बर 1997 को कलकत्ता में हुए युवा महाधिवेशन में रमेश तापड़िया (काठमांडु) को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का पदभार सौंपा गया। तत्पश्चात इचलकरंजी में 6-7 मार्च को आयोजित महासभा के कार्यकारी मंडल अधिवेशन के अवसर पर युवा संगठन के सप्तम सत्र के पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें उपाध्यक्ष बसंतकुमार मोहता-हावड़ा, प्रदीप बाहेती-जयपुर, अनिल मानधनी-गोरखपुर एवं अजय मंत्री मुंबई, महामंत्री तरुण कुमार झंवर "तरुण" हैदराबाद, अर्थमंत्री विष्णुकुमार भुराडिया-कानपुर, संयुक्त मंत्री सम्पत मानधन्या-कोलकाता, शरद काबरा-जबलपुर, राजीव चांडक-सहारनपुर एवं प्रदीप धूत लातूर चुने गए। राष्ट्रीय स्तर पर संगठन ने गौरव एवं गरिमा के अनुरूप कार्य करते हुए 26 से 28 दिसम्बर 1997 तक कोलकाता प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के आतिथ्य में रजत जयंती के अवसर पर एक नया इतिहास लिखते हुए प्रथम बार युवा महाधिवेशन आयोजित किया, जो एक अमिट छाप छोड़ गया। इस त्रिदिवसीय महाधिवेशन में सम्पूर्ण भारतवर्ष सहित पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से लगभग एक हजार युवाओं ने अपनी उत्साह जनक उपस्थिति दर्ज करवाई। अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा गठित विधान संशोधन समिति द्वारा सदस्यों से विधान संबंधी सुझाव आमंत्रित किये गये, तत्पश्चात समिति की बैठक में विस्तृत चर्चा कर एक प्रारूप तैयार करके सभी सदस्यों को भेजा गया व रायपुर में 26 दिसम्बर 98 को सम्पन्न कार्यकारी मंडल की बैठक में प्रस्तुत कर पारित करवाया गया। इसे विधान संशोधन समिति द्वारा लिपिबद्ध करके मध्य उत्तर प्रदेश माहेश्वरी युवा संगठन के मध्यम से प्रिंट करवाकर सभी सदस्यों को भेजा गया। इसके साथ वृहद उद्यमी मेला, आपणो उत्सव, व्यक्तित्व विकास शिविर, जनजागरण अभियान, हिपेटाइटिस शिविर, स्व. श्री रामगोपाल माहेश्वरी की पुण्य स्मृति में ज्ञान गंगा प्रतियोगिता आदि कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गुजरात के भूकम्प से अति प्रभावित 70 माहेश्वरी परिवारों को आवास उपलब्ध करवाये गये।

युवा उद्यमियों को नये अवसर एवं मार्केट उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से वृहत युवा उद्यमी मेला 22, 23 एवं 24 मई को इन्दौर 1999 में म.प्र. पश्चिमांचल माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में आयोजित किये गये, जिसमें देशभर के 95 माहेश्वरी युवा उद्यमियों ने अपने उत्पादों का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस मेले के उद्घाटनकर्ता गोपालकृष्ण छापरवाल, मुम्बई ने स्वजातीय युवा साथियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाले इस प्रकार के मेलों की आवश्यकता बताते हुए सतत आयोजित कराने का आव्हान किया। 13, 14 एवं 15 अगस्त 99 को जयपुर जिला माहेश्वरी युवा संगठन के आतिथ्य में 'आपणो उत्सव 99' सम्पन्न हुआ, जिसकी गूंज भारत सहित नेपाल में भी हुई। इसका कारण श्रेष्ठ प्रतियोगी एवं श्रेष्ठ व्यवस्था भी रही। तीन दिवसीय आपणो उत्सव में भाषण, गायन वाद्य यंत्र एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 146 प्रतियोगियों ने अपनी कला का प्रस्तुतिकरण किया। इस अवसर पर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भैरोसिंह शेखावत भी उपस्थित थे। सत्र में द्वितीय युवा महाधिवेशन का आयोजन 23-24 एवं 25 दिसम्बर 2000 को हावड़ा में किया गया। युवा महाधिवेशन का आतिथ्य किया माहेश्वरी युवा मंच हावड़ा ने। इस त्रिदिवसीय अधिवेशन में भारत वर्ष सहित नेपाल से लगभग 400 प्रतिनिधियों ने अपनी हिस्सेदारी निभाई। महाधिवेशन के उदघाटन के अवसर पर संगठन की वेबसाइट का लोकार्पण किया गया, वहीं अद्वितीय माहेश्वरी प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। साथ ही संयुक्त विवाह प्रणाली के अन्तर्गत विवाहित आदर्श-माहेश्वरी दम्पत्ति का सम्मान किया गया।

### अध्यक्ष - रमेश तापड़िया



अभा माहेश्वरी युवा संगठन के सप्तम सत्र में अध्यक्ष रहे एवं अभा माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट को अध्यक्ष के रूप में सेवा देने वाले रमेश तापड़िया चाहे ज्ञानेश्वर काठमांडू नेपाल में निवास कर रहे हों, लेकिन देश का सम्पूर्ण समाज भी उनकी सेवा भावना से अच्छी तरह परिचित है। स्व. श्री घासीराम तापड़िया के यहाँ जन्मे रमेश तापड़िया को पैतृक रूप से सेवा के संस्कार मिले और फिर समाज के अग्रजों के साथ ने इन्हें परवान चढ़ा दिया। उनका परिवार श्री बालाजी जिला नागौर का मूल निवासी है। यहाँ उनका पैतृक मकान है। अतः देश के समाज में भी उनका सदैव जीवंत सम्पर्क रहा है। व्यावसायिक रूप से श्री तापड़िया साबुन निर्माण, डेयर उद्योग, प्रापर्टी व्यवसाय आदि से सम्बद्ध है। बी.कॉम. तक शिक्षित श्री तापड़िया लंबे समय से समाज संगठन में सक्रिय हैं। वे अ.भा. माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष के रूप में सेवा दे रहे हैं। इसके साथ अध्यक्ष अभा माहेश्वरी सेवा संगठन सलाहकार नेपाल माहेश्वरी परिषद नेपाल, सचिव माहेश्वरी कुंज (न्यास), वृंदावन (यूपी) आदि के रूप में सेवा दे चुके हैं। वर्ष 2015 में नेपाल में आये महाप्रलयंकारी भूकंप में माहेश्वरी समाज काठमांडू द्वारा गठित भूकंप राहत एवं पुनर्स्थापना समिति द्वारा किये गये सेवा कार्यों में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा भी कई संस्थाओं द्वारा किये गये सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। श्री तापड़िया सिर्फ समाज की संस्थाओं तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि अन्य कई धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक संस्थाओं में भी अपनी सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं। इसके अंतर्गत वे संस्थापक अध्यक्ष बिहार प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन, अध्यक्ष बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी युवा मंच, महामंत्री नेपाल राष्ट्रीय मारवाड़ी परिषद, अध्यक्ष आमाको माया छात्रावास (जनजाति कल्याण आश्रम काठमांडू) आदि के रूप में भी अपनी सेवा दे चुके हैं। उनकी विशेषता ही यही है कि हर जरूरतमंद की सेवा के लिये सदैव अग्रसर रहना।

# 8 सत्र युवाओं का समग्र विकास

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के अष्टम् सत्र जुलाई 2002 से उदयपुर में सम्पन्न अ.भा. माहेश्वरी महासभा के महाधिवेशन के अवसर पर नवनिर्वाचित /मनोनीत पदाधिकारियों के पदभार ग्रहण करने के साथ ही प्रारंभ हुआ। इसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल मानधनी की अनुशंसा के आधार पर राष्ट्रीय महामंत्री अशोक ईनानी-इंदौर एवं उपाध्यक्ष बसंत मोहता-हावड़ा, शरद गट्टानी-अहमदाबाद, राजीव चांडक-सहारनपुर, रमेश बंग-हैदराबाद, अर्थमंत्री नंदकिशोर मालानी-पुणे, संगठन मंत्री बृजमोहन बाहेती-इंदौर, क्रीड़ामंत्री डॉ. रवि राठी-रायपुर, संयुक्त मंत्री रमेश चांडक-गोवाहाटी, अर्जुन मूंदड़ा-चित्तौड़गढ़, संजीव चांडक-वाराणसी, शशिकांत जाजू-अकोला चयनित किये गये। ''संगठन का आधार-सहज आचार-सुनियोजित सुधार'' के प्रेरणा वाक्य के साथ युवाओं के समग्र विकास एवं संगठनात्मक दृढ़ता हेतु विभिन्न कार्य योजनाएँ निर्धारित की गई। यह सत्र विशेष रूप से युवाओं की प्रतिभा के विकास का सत्र रहा। इसमें राष्ट्रीय स्तर पर क्रीड़ा, ज्ञानगंगा, निबंध, पटकथा लेखन, साहित्यिक-सांस्कृतिक प्रतियोगिता आपणो उत्सव तथा प्रशिक्षण कार्यशाला आदि के आयोजन के साथ भ्रूण हत्या सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जनजागरण अभियान चलाये गये। कार्यसमिति के इस सत्र में 8 बैठकें आयोजित हुईं।

इस सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें मंच प्रदान करना था। इसी शृंखला में प्रथम राष्ट्रीय आयोजन में क्रीड़ा प्रतियोगिता के अन्तर्गत बैडमिन्टन, शतरंज, टेबल-टेनिस एवं कैरम प्रतियोगिता का आयोजन वाराणसी में 27, 28 एवं 29 दिसम्बर 2002 को माहेश्वरी क्लब, वाराणसी के आतिथ्य में किया गया। प्रथम चरण में इस प्रतियोगिता को विभिन्न प्रदेशों में स्थानीय स्तर पर तथा प्रदेश स्तर पर आयोजित किया गया। प्रदेश के विजेता खिलाड़ियों को वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी होने का अवसर प्राप्त हुआ। 19 प्रदेशों से 103 युवक तथा 31 युवतियों ने माहेश्वरी क्लब वाराणसी के आतिथ्य में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया। इस आयोजन के अवसर पर सभी प्रतिभागियों द्वारा आवास स्थल से उद्घाटन स्थल तक निकाली गयी शोभायात्रा अविस्मरणीय रही। भीषण ठण्ड होने के उपरान्त भी माहेश्वरी क्लब के साथियों एवं माहेश्वरी परिषद वाराणसी के अग्रजो द्वारा प्रतियोगियों, अभिभावको, सदस्यों एवं अतिथियों की आवश्यकताओं का समुचित ध्यान रखा गया। इसके साथ कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जनजागरण किया गया।

इस सत्र में अत्यंत संवेदनशील एवं ज्वलंत सामाजिक समस्या कन्या भ्रूण हत्या के विरोध में जागृति बाबत पूरे भारतवर्ष में परिपत्रों एवं विभिन्न स्लोगन्स के स्टीकर्स के माध्यम से अभियान चलाया गया। विषय से संबंधित तकरीबन 27 पोस्टर्स भी तैयार किये। इनका युवा संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों तथा अन्य सामाजिक आयोजनों में प्रदर्शन किया गया, जिसको समाज के सभी वर्गों से अत्यंत सराहना प्राप्त हुई। इस समस्या पर आयोजित पटकथा लेखन प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता की पटकथाओं में समन्वय करते हुए माहेश्वरी प्रगति मंडल, मुम्बई के वार्षिक समारोह के अवसर पर आयोजित नवरस कार्यक्रम के अन्तर्गत करूण रस मे नाटक का मंचन भी किया गया। विभिन्न स्लोगन्स, पोस्टर्स तथा मुम्बई में मंचित नाटक की सीडी सभी प्रदेशों को प्रेषित की गई तथा महेश नवमी पर कई जगह आयोजनों में इनका प्रदर्शन किया गया।

## अध्यक्ष - अनिल मानधनी



वाराणसी (उ.प्र.) में श्री सत्यनारायण-श्रीमती सुशीलादेवी मानधनी के यहाँ 16 जुलाई 1965 को जन्में अनिल मानधनी एक ऐसे समाजसेवी है, जो न सिर्फ अपने इसी कार्यकाल में सक्रिय रहे, बल्कि उनकी समाजसेवा की यात्रा अनवरत जारी रही और अभी भी है। श्री मानधनी के बड़े भाई महेन्द्र मानधनी गोरखपुर में व्यवसाय करते थे। अतः श्री मानधनी भी यहीं आ गये। यही से बी.कॉम. तक शिक्षा ग्रहण की लेकिन अपने जातिगत संस्कारों के कारण नौकरी न करते हुए स्व-व्यवसाय का मार्ग चुन लिया। कॅरियर की शुरूआत फूड ग्रेन के व्यवसाय से की और वर्तमान में एल्युमिनियम प्रोडक्ट के सुस्थापित व्यवसाय का संचालन कर रहे हैं। समाजसेवा के क्षेत्र में अ.भा. युवा संगठन के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रमोहन नागोरी की प्रेरणा से वर्ष 1984 में मात्र 19 वर्ष की अवस्था में ही एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय योगदान देने लग गये। पिताजी से मिले सेवा के संस्कारों ने उन्हें इस सेवापथ की ओर प्रेरित किया। पिताजी स्व.श्री सत्यनारायण मानधनी पूर्वी उ.प्र. माहेश्वरी सभा के संस्थापक सचिव तथा फिर अध्यक्ष रहे थे। इसके साथ ही वे श्रीकृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट के संयोजक व ट्रस्टी भी रहे।

श्री मानधनी को एक कार्यकर्ता के रूप में दी जाने वाली उनकी समर्पित सेवा के कारण वर्ष 1988 में पूर्वी उ.प्र. माहेश्वरी युवा संगठन में संस्थापक उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वर्ष 1990-93 तक अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन के संयुक्त सचिव व वर्ष 1994 में उपाध्यक्ष मनोनीत हुए। इसी सत्र में महामंत्री श्री राजन जी झंवर के त्यागपत्र के कारण विराटनगर बैठक में महामंत्री निर्वाचित हुए। वर्ष 1998-2001 तक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा वर्ष 2001-05 तक राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। इसके बाद आप महासभा से सम्बद्ध हो गये। वर्ष 2005 से श्री रामपाल सोनी के सभापति काल के दोनों सत्रों में महासभा कार्यसमिति द्वारा सहबरित कार्यसमिति सदस्य रहे। गत 27वें सत्र में पूर्वी उ.प्र. की ओर से महासभा के निर्वाचित कार्यसमिति सदस्य रहे। वर्ष 2005-08 तक विधान संशोधन समिति के अंचल संयोजक रहे। महासभा की द्वितीय विधान संशोधन समिति के सदस्य भी रहे। राष्ट्रीय चुनाव समिति के संयोजक भी रहे हैं तथा सदस्य के रूप में भी सेवा दे रहे हैं।

# 9 सत्र लोहार्गलधाम प्रकल्प का शुभारंभ

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के नवम सत्र का आगाज 8 जनवरी 2006 को औरंगाबाद में सम्पन्न अ.भा. माहेश्वरी महासभा के अधिवेशन के अवसर पर नवम सत्र के पदाधिकारियों की उद्घोषणा संगठन के सर्वसहमति से चयनित राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक ईनानी की अनुशंसा पर महासभा के सभापति द्वारा किये जाने के पश्चात हुआ। इसमें संजीव चांडक-वाराणसी महामंत्री, उपाध्यक्ष सुशील कालानी-जोरहाट (आसाम), पंकज गांधी-आगरा, अजय राठी-जगदलपुर, संयुक्त मंत्री सत्यनारायण बाहेती-कोलकाता, सतीश करनानी-कानपुर, मधुसूदन भलिका-इंदौर तथा क्रीड़ा मंत्री मनोज सोमानी-अहमदाबाद को मनोनीत किया गया। इस सत्र का सूत्र वाक्य "मधुर वाणी-उच्च विचार-समर्थ संगठन" था। सत्र के प्रारंभ से ही प्रादेशिक व जिला संगठनों के माध्यम से कई स्थानों पर देश के श्रेष्ठ काउंसलरों द्वारा युवाओं को कॅरियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा रोजगार मेला भी आयोजित किया गया, जहाँ एक साथ लगभग 1100 युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ। इस सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि समाज के उत्पत्ति स्थल लोहार्गल के विकास की रूपरेखा बनाना है। लोहार्गल धाम पर भव्य मंदिर व भवन निर्माण की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ईनानी द्वारा संगठन की दार्जिलिंग बैठक के अवसर पर की गई एवं कार्य समिति बैठक में इस बाबत प्रारूप तैयार करने एवं वस्तुस्थिति जानने लोहार्गल जाने हेतु समिति का गठन किया गया। समिति सदस्यों एवं समाज के वरिष्ठों द्वारा लोहार्गल जाकर वहां की वस्तुस्थिति को जाना गया और भवन व मंदिर निर्माण संबंधित रिपोर्ट संगठन को सौंपी गई। समाज बंधुओं के ठहरने हेतु समुचित व्यवस्थायुक्त सुंदर भवन एवं भव्य मंदिर निर्माण हेतु 62000 स्क्वेयर फीट जमीन 29 अगस्त 2008 को भव्य एवं गरिमामयी आयोजन के साथ क्रय की गई। भूमि पर प्रस्तावित भवन व मंदिर निर्माण हेतु अ.भा. माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति बंशीलाल राठी-चैन्नई, चुन्नीलाल सोमानी-कोलकाता, अ.भा. माहेश्वरी महासभा के पूर्व उपसभापति आर.डी. बाहेती-जयपुर एवं युवा उद्योगपति राजकुमार मानधनी-चैन्नई के आतिथ्य में भूमिपूजन राजकुमार मानधनी द्वारा सपत्नीक किया गया। लोहार्गल धाम पर निर्मित इस प्रकल्प हेतु देशभर में निवासरत माहेश्वरी बंधुओं से सहयोग राशि प्रदान करने की भावना रही है, जिससे समाज का प्रत्येक परिवार भावनात्मक रूप से जुड़ सके। इस हेतु 100-100 रुपये की सहयोग राशि के कूपन जारी किये गये। इसके साथ ही युवाओं की प्रतिभा के विकास के लिये गत सत्र की तरह विभिन्न स्पर्धाओं और कार्यकर्ताओं के लिये प्रशिक्षण सत्र का तो आयोजन होता ही रहा है। केन्टन फेयर के नाम से इस सत्र में चायना में ट्रेड फेयर का आयोजन भी किया गया।

## अध्यक्ष - अशोक ईनानी



माहेश्वरी समा के उत्पत्ति स्थल लोहार्गलधाम पर भव्य समाज भवन के निर्माण के द्वारा समाज को गौरवान्वित किये जाने में भवन निर्माण ट्रस्ट के सचिव के रूप में अपना अति महत्वपूर्ण योगदान देने वाले इन्दौर निवासी अशोक ईनानी अ.भा. युवा संगठन के नवम सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। इन्दौर में 15 अगस्त 1966 को श्री सूरजमल ईनानी तथा श्रीमती रामकन्या ईनानी के यहाँ जन्में श्री ईनानी ने बी.कॉम. तक शिक्षा ग्रहण की लेकिन नौकरी की राह न पकड़ते हुए स्व व्यवसाय को ही अपना कॅरियर बनाया। वर्तमान में आप केबल नेटवर्किंग तथा प्रिंटिंग व्यवसाय से सम्बद्ध हैं। समाज सेवा के अन्तर्गत श्री ईनानी वर्ष 1982 मे सर्वप्रथम बार मात्र 16 वर्ष की अवस्था में युवा संगठन से सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में सम्बद्ध हुए। वर्ष 1987 में जिला युवा संगठन के सचिव, वर्ष 1989 में प्रदेश संगठन के सांस्कृतिक मंत्री, वर्ष 1993 में प्रदेश सचिव एवं वर्ष 1996 में प्रदेश अध्यक्ष चुने गये। प्रदेश सचिव के कार्यकाल के दौरान उन्हें राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री के रूप में दोहरी जिम्मेदारी भी सौंपी गई, जिनका उन्होंने सफलतापूर्वक निर्वहन किया। प्रदेश के सचिव तथा अध्यक्ष दोनों पदों पर श्री ईनानी राष्ट्रीय संगठन द्वारा सर्वश्रेष्ठ पदाधिकारी के रूप में अपने कार्यों के कारण सम्मानित हुए। इसके बाद वर्ष 2002 में अ.भा. युवा संगठन में राष्ट्रीय महामंत्री तथा वर्ष 2006 में राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये। इसके पश्चात अ.भा. माहेश्वरी महासभा में वर्ष 2009 में संगठन मंत्री बने। इसके बाद युवा संगठन के अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में लिये गये लोहार्गल भवन के संकल्प की पूर्ति के लिये लोहार्गल भवन निर्माण ट्रस्ट के सचिव के रूप में समर्पित हो गये। युवा संगठन को श्री ईनानी चुनाव अधिकारी के रूप में भी सेवा दे चुके हैं। महासभा की विधान समिति संशोधन समिति के सदस्य के रूप में वर्तमान में भी सेवा दे रहे हैं।

# 10 सत्र
# द्वितीय संविधान संशोधन

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के दशम सत्र का शुभारंभ 3 व 4 जनवरी 2010 को अहमदाबाद में आहूत महासभा की कार्यकारी मण्डल बैठक के अवसर पर हुआ। इस दिन जब महासभा के 26वें सत्र के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जा रही थी, उसी के साथ-साथ नवनिर्वाचित युवा संगठन अध्यक्ष संजीव चाण्डक ने अपने पदाधिकारी मण्डल की घोषणा मंच से की। इसमें महामंत्री नारायण मालपानी, कोषाध्यक्ष राजकुमार काल्या, संगठन मंत्री जगदीश बंग, क्रीड़ा मंत्री शैलेन्द्र करवा व युवा माहेश्वरी के सम्पादक के रूप में मधुसूदन भलिका को शामिल किया गया। सूरज बागड़ी पूर्वांचल, राजकुमार धूत पश्चिमांचल, प्रकाश डागा उत्तरांचल तथा गौरीशंकर सारड़ा दक्षिणांचल उपसभापति चुने गये। संयुक्त मंत्री पूर्वांचल में महेश हेड़ा, पश्चिमांचल में सुनील थेपड़िया, उत्तरांचल में गौरव गोदानी तथा दक्षिणांचल में दत्तप्रसाद तोतला चुने गये। इस सत्र के दौरान 4 कार्यकारी मंडल बैठक सीकर, नागपुर, रायपुर व बहादुरगढ़ में आयोजित हुई। इसके साथ 10 कार्यसमिति बैठक भी आयोजित हुई।

यह सत्र उद्योग-व्यवसाय के विकास तथा युवाओं के उत्साहवर्धन पर केन्द्रीत रहा। इसके अन्तर्गत 6-9 जनवरी 2011 तक महिला संगठन के साथ मिलकर नागपुर में "माहेश्वरी इंडस्ट्रीयल एण्ड ट्रेड एक्सपो" का महत्वपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें विश्व स्तरीय विशेषज्ञों को शामिल किया गया। 7-10 सितम्बर 2012 में इन्दौर में राष्ट्रीय युवा महाधिवेशन आयोजित हुआ। औद्योगिक विकास के लिये जनवरी 2011 में ही "माहेश्वरी इंडस्ट्रीयल एंड ट्रेड फोरम" की स्थापना भी की गई, जिसका अप्रैल 2013 में मुम्बई में कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। इसमें वर्ष 1998 में संशोधित हुए विधान को सामाजिक परिवेश के अनुरूप सभी राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के सुझाव से समसामयिक व विधि सम्मत किया गया। इसके साथ ही प्रदेश और जिला/स्थानीय संगठनों के लिये भी अलग-अलग मॉडल विधान पारित किये गये, जिनकी मान्यता की बाध्यता सभी प्रदेशों में आगामी सत्र में होनी निर्धारित हुई। इसके साथ संगठन ने लोहार्गल भवन के निर्माण की शुरूआत 28 अगस्त 2009 को कर दी। इसके लिये ट्रस्ट बोर्ड बनाया गया। इसके अन्तर्गत प्रदीप बाहेती जयपुर की अध्यक्षता में भवन निर्माण समिति भी बनाई गई। इनके साथ ही राष्ट्रीय खेल, सांस्कृतिक व साहित्यिक स्पर्धा आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम तो सतत रूप से चलते ही रहे। संगठन की वेबसाईट को अपडेट किया गया तथा टेलेंट सर्च ऑनलाइन परीक्षा (METS) के आयोजन की शुरूआत भी हुई।

## अध्यक्ष - संजीव चाँडक



दशम सत्र में युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे संजीव चाँडक एक ऐसे समाजसेवी हैं, जो अपनी व्यावसायिक व्यस्तता के बावजूद 19 वर्ष की अवस्था से अपना कर्तव्य मानकर समाज को अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। 14 सितम्बर 1971 को श्री ब्रजमोहन चाँडक तथा पूर्वी उ.प्र. महिला संगठन की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सरिता चाँडक के यहाँ जन्में श्री चाँडक ने बनारस हिन्दू वि.वि. से बी.कॉम. आनर्स की उपाधि प्राप्त की और नौकरी की राह न चुनते हुए पैतृक व्यवसाय से सम्बद्ध हो गये। वर्तमान में श्री चाँडक "कॉटन यार्न ट्रेडिंग" व्यवसाय से सम्बद्ध हैं। 13 मार्च 1994 को परिणय सूत्र में बंधे। धर्मपत्नी इन्दू चाँडक भी उन्हीं का अनुसरण करते हुए समाज सेवा में अपना योगदान दे रही हैं। वे माहेश्वरी महिला संगठन वाराणसी की कोषाध्यक्ष तथा मंत्री रही हैं। छात्र जीवन के दौरान विवि. छात्र संघ साहित्य मंत्री तथा काशी जूनियर जेसीस से सम्बद्ध रहे। अप्रेल 1990 में माहेश्वरी क्लब की सदस्यता के साथ समाज संगठन से सम्बद्ध हुए। वर्ष 1992-93 में मंत्री, 1993-94 में क्लब अध्यक्ष तथा 1996-97 में काशी युगल जूनियर चैम्बर के संस्थापक अध्यक्ष रहे। वर्ष 1994-2001 में प्रदेश मंत्री तथा 2001-2005 में प्रदेश अध्यक्ष रहे। राष्ट्रीय युवा संगठन में उनकी सेवा यात्रा वर्ष 1994-97 में राष्ट्रीय कार्यकारी मण्डल तथा 1998-2001 में राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य के रूप में प्रारंभ हुई। दिसम्बर 2002 में वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय इनडोर गेम्स में मुख्य संयोजक की जिम्मेदारी निभाई। युवा संगठन के अष्टम सत्र में उत्तरांचल संयुक्त मंत्री तथा नवम में राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में सेवा प्रदान की। वर्तमान में अ.भा. माहेश्वरी महासभा के वर्ष 2006 से आजीवन प्रदेश कार्यकारी मंडल सदस्य हैं तथा 28 वें सत्र में गठित विधान संशोधन समिति के सदस्य भी हैं।





With Best Compliments From

**Orient press limited**

**An ISO 9001:2008 Company**

**A TRUSTED NAME IN**
**Commercial, Security Printing, Books & Stationery, Flexible Packaging & Printed Carton**

## FACTORIES



Tarapur Unit - 1 (Commercial & Security Printing)



Tarapur Unit - 2 (Flexible Packaging)



Silvassa Unit - 1 (Printed Carton Division)



Silvassa Unit - 2 (Books & Stationery Printing)

**BRANCH OFFICES & TEL. NOS.**

**Bangalore** : 09845062360
**Chennai** : 044 - 65556155
**Delhi** : 011 - 23631930
**Kolkata** : 033 - 24763096

**CORPORATE OFFICE**

20, Pragati Industrial Estate, N. M. Joshi Marg, Mumbai - 400 011.
**Tel.** : 91-22-4028 5888 / 2306 1251 ❖ **Fax** : 91-22-2309 0265 ❖ **Email** : printing@orientpressltd.com
**Email** - Flexible : flexible@orientpressltd.com **Email** - Carton : paperboard@orientpressltd.com

## युवा संगठन विशेष




**११वें सत्र में अपने कार्यकाल में शिक्षा, कॅरियर, प्रतिभा विकास तथा औद्योगिक विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल भूतड़ा अब पद से विदा लेने वाले हैं। आगामी २५ मार्च को वे अपने कार्यकाल की समाप्ति कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार काल्या को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंप देंगे। अध्यक्ष पद से तो उनकी विदाई हो जाऐगी लेकिन उनकी सेवा यात्रा इसी तरह जारी रहेगी।**

# विदाई–अलविदा नहीं
# कमल भूतड़ा

12 नवम्बर 1976 को आर.आर. ग्रुप के ख्यात उद्यमी श्री रामरतन-सुशीला भूतड़ा के यहाँ जन्मे श्री भूतड़ा ने बी.कॉम. तक शिक्षा ग्रहण की और अपने पैतृक उद्योग में संलग्न हो गये। वर्तमान में श्री भूतड़ा आर.आर. ग्रुप के मेनेजिंग डायरेक्टर हैं और टेक्सटाईल एवं लेमिनेट उद्योगों का संचालन कर रहे हैं। औद्योगिक संस्थाओं के अन्तर्गत दी सर्दन गुजरात चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, दी साउथ टेक्सटाईल प्रोसेसर्स एसोसिएशन तथा दी सचिन इण्डस्ट्रीज कोआपरेटिव सोसायटी लि. के सदस्य हैं। श्री भूतड़ा अपने सेवा के पारिवारिक संस्कारों के कारण वर्ष 1993 से ही लियो क्लब के माध्यम से समाजसेवा से सम्बद्ध हो गये थे, लेकिन समाज संगठन में शुरुआत वर्ष 1995 से हुई।

### परिवारिक संस्कारों में समाजसेवा

समाजसेवा की भावना भूतड़ा परिवार के पारिवारिक संस्कारों में ही शामिल है। श्री भूतड़ा के दादाजी स्व. सेठ श्री शिवनारायण भूतड़ा न सिर्फ बीकानेर (राज.) के ग्राम गाड़िवाला के सम्पन्न व्यवसायी ही थे, बल्कि उनकी प्रतिष्ठा एक ऐसे समाजसेवी के रूप में भी थी, जो गाँव व क्षेत्र के हर सुख-दुःखी में सहयोगी बने। इस कारण उनकी प्रतिष्ठा इतनी थी कि क्षेत्र का कोई विवाद ही क्यों न हो उनका निर्णय सर्वमान्य ही होता था। इन संस्कारों ने पूरे परिवार में इन्हीं आदर्शों को इस तरह रोपित कर दिया कि वे सेवा के वट-वृक्ष के रूप में आज भी सतत पल्लवित हो रहे हैं।

### विरासत में मिली समाजसेवा

बचपन से श्री भूतड़ा को पिता श्री रामरतन भूतड़ा के साथ ताऊजी श्री छगनलाल व श्री मोहनलाल भूतड़ा का सान्निध्य प्राप्त हुआ। इससे बचपन से ही समाजसेवा उनके अन्तर्मन में रच बस गई। पिता श्री रामरतन भूतड़ा न सिर्फ देश के ख्यात उद्यमियों में ही शामिल है, बल्कि उनकी सेवा भावना से कई संस्थाऐं सतत पोषित हुई हैं। सूरत से जुड़ाव हुआ तो यहाँ के ही होकर नहीं रहे, आपने यहाँ की हर समाज सेवी गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से अपना सहयोग दिया। आप गत दो सत्रों से अ.भा. माहेश्वरी महासभा के कार्यकारी मंडल सदस्य हैं। वर्ष 2009 से 2014 तक श्री माहेश्वरी भवन समिति, सूरत के सफल अध्यक्ष रहे। इसके साथ ही आप श्रीकृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट, श्री आदित्य विक्रम बिड़ला मेमोरियल व्यापार सहयोग केन्द्र, माहेश्वरी विद्यापीठ, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, अ.भा. माहेश्वरी एजुकेशन एवं चेरिटेबल ट्रस्ट (माहेश्वरी हॉस्टल कोटा, भिलाई, इन्दौर) अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन (पुष्कर), श्री माहेश्वरी सेवा कुंज (द्वारिका), श्री माहेश्वरी समाज अतिथि गृह (सोमनाथ), श्री माहेश्वरी भवन बालासोर (उड़ीसा), अ.भा. माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट (लोहार्गल भवन), वैश्य महासम्मेलन, राजस्थान चेरिटेबल ट्रस्ट, श्री श्यामबाबा मंदिर (सूरत), सिविल हास्पिटल, सूरत के साथ ही भारत भर की सैकड़ों समाज सेवा व लोक कल्याण संस्थाओं के ट्रस्टी रूप में सेवायें दे रहे हैं। बीकानेर के रोग निदान सेवा ट्रस्ट से अध्यक्ष के रूप में सम्बद्ध होकर श्री भूतड़ा सरकारी अस्पतालों में आने वाले रोगियों की

सेवा के प्रति तन-मन-धन से समर्पित है। इस ट्रस्ट के द्वारा रोगियों व उनके परिवारजनों को मात्र 5 रूपये में भर पेट शुद्ध सात्विक भोजन उपलब्ध करवाया जाता है।

## विवाह में भी सेतु बनी सेवा

कमल भूतड़ा का विवाह वर्ष 1999 मे नोखा के श्री हीरालाल भट्टड़ की सुपौत्री व श्री हनुमान भट्टड़ की सुपुत्री संगीता के साथ हुआ। उनके विवाह में भी समाजसेवा ही सेतु बनी। श्रीमती भूतड़ा के काका स्व. श्री रामगोपाल भट्टड़ उस समय युवा संगठन के संगठन मंत्री थे। उन्होंने श्री भूतड़ा की युवा संगठन में सक्रियता को देखा तो प्रभावित हुए बिना न रहे। बस यही समाजसेवा नये रिश्ते को जोड़ने में सेतु बन गई। वर्तमान में श्री भूतड़ा के परिवार में दो पुत्री तथा एक पुत्र है। व्यावसायिक व पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद यदि श्री भूतड़ा युवा संगठन को सफल अध्यक्ष के रूप में सेवा दे पाये, तो इसमें उनकी धर्मपत्नी श्रीमती संगीता भूतड़ा का भी अहम योगदान है। उन्होंने परिवार की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्भालते हुए श्री भूतड़ा को प्रेरित भी किया। स्वयं श्री भूतड़ा अपनी सफलता में श्रीमती भूतड़ा का बराबरी का योगदान मानते हैं। उनके अनुज भाई जुगल भूतड़ा का भी विशेष योगदान रहा है। वे अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद व मार्गदर्शन को देते है।

## मिला सभी का साथ-सभी का मार्गदर्शन



यदि सभी मेरे इस कार्यकाल को एक सफल कार्यकाल मानते हैं तो इसका श्रेय मेरी टीम के समस्त साथियों, सहयोगियों व मार्गदर्शकों को जाता है। उनके बिना लक्ष्यों को हासिल करना सम्भवन नहीं था। मेरा सौभाग्य है कि मुझे अपने कार्यकाल में युवा संगठन के पूर्व अध्यक्ष सर्वश्री श्याम सोनी, रमेश मर्दा, रमेश तापड़िया, अनिल मानधनी, अशोक ईनानी, संजीव चाण्डक निवर्तमान महामंत्री नारायण मालपानी जैसी विभूतियों का सतत् मार्गदर्शन मिला। सूरत के सभी समाजजनों व मित्रों का भी विशेष सहयोग रहा। मैं सभी साथियों, सहयोगियों व मार्गदर्शकों का हृदय से आभारी हूँ।

## ऐसे चली उनकी सेवा यात्रा

वर्ष 1996 में संस्थापक अध्यक्ष के रूप में माहेश्वरी क्लब सूरत की शुरुआत की। प्रारंभ में उसके मात्र 10-15 सदस्य ही थे। श्री भूतड़ा ने इसके लिये सघन जनसम्पर्क किया। इसका परिणाम यह रहा कि धीरे-धीरे लोग जुड़ते चले गये और कारवां बढ़ता ही चला गया। बाबरी मस्जिद काँड के बाद उन्होंने देश की अखंडता के लिये भव्य साईकिल रैली निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में आम नगरवासी शामिल हुए। वर्ष 2006-09 तक गुजरात प्रांतीय माहेश्वरी युवा संगठन के उपाध्यक्ष तथा वर्ष 2009-12 तक अध्यक्ष रहे। उनके उपाध्यक्षीय कार्यकाल में संगठन ने कच्छ में आये भूकंप के पीड़ितों के पुनर्वास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अध्यक्षीय कार्यकाल में युवा संगठन द्वारा आयोजित अ.भा.क्रीड़ा प्रतियोगिता की मेजबानी की। अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन को सातवें सत्र से राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य के रूप में सतत् सेवा दे रहे हैं। दसवे सत्र में राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री के रूप में भी अपना योगदान दिया। इसके पश्चात अब सर्वसम्मति से अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

## ये बने उनके सहयोगी

अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन के 11वें सत्र के लिये 28 जून 2013 को कमल भूतड़ा सूरत राष्ट्रीय अध्यक्ष चयनित किये गये। श्री भूतड़ा ने 26-27 अक्टूबर 2013 को आयोजित कार्य समिति की बैठक में अपनी कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों के साथ अपना पदभार ग्रहण किया। उनकी केन्द्रीय टीम युवा में महामंत्री राजकुमार काल्या (भीलवाड़ा), कोषाध्यक्ष दत्तप्रसाद तोतला (बीड़), संगठन मंत्री विवेक मोहता (बुलढ़ाणा), क्रीड़ा सचिव हरिकिशन मूंदड़ा (चैन्नई), सांस्कृतिक सचिव संदीप करनानी (सिलीगुड़ी) तथा पत्रिका 'युवा माहेश्वरी संदेश' सम्पादक श्याम सारड़ा (इन्दौर) शामिल हैं। अंचल की ओर से इस टीम में उपाध्यक्ष के रूप में पूर्वांचल से अमित राठी (विराटनगर, नेपाल), पश्चिमांचल से घनश्याम भट्टड़ (नोखा), मध्यांचल से मधुसुदन भलिका (इन्दौर), उत्तरांचल से श्रीराम खटोड़ (बहादुरगढ़) तथा दक्षिणांचल से प्रवीण सोमानी (अंधेरी वे. मुम्बई) शामिल हैं। संयुक्त मंत्री के रूप में पूर्वांचल से उमाशंकर बाहेती (कटक-उड़ीसा), पश्चिमांचल से जुगलकिशोर झंवर (जोधपुर), मध्यांचल से राकेश झंवर (धमतरी छ.ग) उत्तरांचल आशीष टावरी (नोएडा) तथा दक्षिणांचल से विनोद कुमार सारड़ा (गुलबर्गा) शामिल हैं। निर्वत्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में संजीव चांडक बनारस तथा निर्वत्तमान महामंत्री के रूप में नारायण मालपानी अपनी सेवा दे रहे हैं। आई.टी. प्रमुख रूप में अक्षय सारड़ा व संयुक्त मंत्री अध्यक्ष कार्यालय के रूप में जुगल चाँडक (सूरत) सेवा दे रहे हैं।





# युवा शक्ति को शाईनिंग स्टार्ज बनाने की कोशिश



11 सत्र उपलब्धियाँ

**युवाओं का सर्वांगीण विकास ही कमल भूतड़ा के नेतृत्व में अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन के ११वें सत्र का लक्ष्य रहा। इसके लिये आर्थिक विकास के क्षेत्र में तो प्रतिभा विकास का प्रयास हुआ ही लेकिन लक्ष्य बस यही रहा कि इस आर्थिक विकास में कही हमारी गौरवशाली संस्कृति व संस्कार भी पीछे न छूट जाऐं।**

▸▸ इस सत्र में 'नई सोच.. नई शुरुआत.. नई दिशा' का घोष वाक्य दिया गया व सभी उत्साही युवाओं को एक ऊर्जावान टीम युवा मंत्र दिया गया। "I am Nothing but I can do anything..." । इसके साथ ही देशभर के युवाओं को स्वच्छ व दोस्ताना माहौल पैदा करके जोड़ा गया।

▸▸ मीटिंग का स्वरूप आज के युग हिसाब से कार्पोरेट परिवेश में रखा गया। राउंड टेबल व्यवस्था से लेकर पावर पाईट प्रजेंटेशन तक हर कार्यक्रम को आज के आधुनिक युग व युवाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। हर मीटिंग के साथ युवा संगठन के ''मंत्र'' योजना के तहत ट्रेनिंग वर्कशॉप, सेमीनार व टॉक-शो का आयोजन किया गया।

▸▸ संगठन को हाईटेक करते हुए लगभग पेपरलेस संगठन बना दिया। लक्ष्य था, पर्यावरण संरक्षण के लिये कागज के उपयोग को कम करना। संगठन की वेबसाइट को भी आज के युग को देखते हुए अपटेड किया गया।

▸▸ सामाजिक उत्पत्ति स्थल लोहार्गल में युवा संगठन के महत्वाकांक्षी प्रकल्प ''श्री माहेश्वरी भवन'' के निर्माण को तीव्र गति दी गई व भवन अब लोकार्पण के लिये तैयार है।

▸▸ जनसम्पर्क के लिये देशभर के 21 प्रदेशों का भ्रमण किया गया। भ्रमण में हवाई जहाज द्वारा 42883 कि.मी. ट्रेन द्वारा 34967 कि.मी. व रोड द्वारा 8473 कि.मी. की यात्रा की गई।

▸▸ **सीडी में महेश वंदना -** 5-6 अप्रैल 2014 को 'समागम' दूसरी कार्यसमिति एवं पहली कार्यकारी बैठक के साथ युवा संगठन द्वारा गठित 'मंत्र' योजना अंतर्गत कार्यशाला, सेमीनार, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वभर में 'श्री महेश वंदना' को एक सुर व ताल में गाया जाए, इस उद्देश्य से 'श्री महेश वंदना' ऑडिया सीडी का यशराज स्टूडियों में निर्माण किया गया। 'श्री महेश वंदना' की हर मोबाइल कंपनी से कॉलर ट्यून, रिंग टोन बनाकर समाज को लोकार्पण किया गया।

▸▸ **एक सूरताल में समाज -** 1-7 जून 2014 तक श्री महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत देशभर में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजन हेतु आव्हान किया गया तथा 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' के तहत विश्वभर में एक दिन - एक समय - एक साथ - एक सुर - एक ताल में 'श्री महेश वंदना' के गायन का ऐतिहासिक एवं यादगार आयोजन किया गया। यह भारत, नेपाल, दुबई, सिंगापुर, अमेरिका, केनेडा में एक साथ गाया गया और इसमें लगभग 3 लाख लोगों ने भाग लिया।

▸▸ **पारिवारिक टूर -** विश्वभर में युवाओं के बीच पारिवारिक संबंध स्थापित हों इस उद्देश्य से 22 से 25 अगस्त 2014 तक 'युवा इन गोवा' पारिवारिक टूर का आयोजन किया गया। जिसमें 100 कपल व बच्चों सहित 240 लोग सम्मिलित हुए।

▸▸ **नेपाल में 'विराट ऊर्जा' -** तीसरी कार्यसमिति एवं दूसरी कार्यकारी मंडल की बैठक 'विराट ऊर्जा' का शानदार आयोजन विराटनगर (नेपाल) में 10 व 11 जनवरी 2015 को किया गया। नेपाल के उपराष्ट्रपति परमानंद झा की गौरवमयी उपस्थिति भी कार्यक्रम में रही। 'मंत्र' के तहत सेमिनार, टॉक-शोक का आयोजन भी किया गया।

▸▸ **विकास का 'युवा संकल्प' -** लेखन में रूचि रखने वाले समाज बंधुओं के प्रोत्साहन हेतु अखिल भारतीय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 20 जुलाई 2015 को किया गया। चौथी कार्यसमिति बैठक










'युवा संकल्प' का आयोजन 20-21 जून को जबलपुर (मध्यप्रदेश) में किया गया। इस बैठक में एबीएमवायएस शाइनिंग स्टार्ज के मेसकोट 'युवान' को समाजबंधुओं के समक्ष प्रस्तुत किया गया व 20 अगस्त 2015 को महाराष्ट्र के राज्यपाल विद्यासागर राव से मुलाकात कर युवा संगठन के आगामी कार्यक्रम में पधारने हेतु आमंत्रण दिया।

**▸▸ पुणे ने देखे 'शाईनिंग स्टार्ज' -** त्रिदिवसीय अंतराष्ट्रीय यूथ फेस्टिवल 'ABMYSशाइनिंग स्टार्ज' पुणे (महाराष्ट्र) में 11 से 13 सितम्बर तक आयोजित किया गया। इसमें देश-विदेश से करीब 350 प्रतियोगियों समेत कुल 825 लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम का स्वरूप पूरी तरह से बदल कर हाईटेक कर दिया गया। इस कार्यक्रम के लिए खास 'ABMYS शाइनिंग स्टार्ज' के थीम सॉग का निर्माण सूरत में किया गया व देश-विदेश में भी इसकी प्रशंसा हुई। सम्पूर्ण पुणे शहर माहेश्वरी युवा के इस गौरवशाली आयोजन का साक्षी बना।

**▸▸ प्रतिभा विकास को मूर्तरूप -** संगठन की पांचवी कार्यसमिति एवं तीसरी कार्यकारी मंडल बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान 'ABMYS खेल महोत्सव' के मेस्कोट 'तंबी' का लाँचिग कर समाज को प्रस्तुत किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में अनूठे प्रयास के अन्तर्गत 1 से 27 दिसम्बर तक 'ब्रेन हंट' ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन तथा 13 से 16 मार्च 2016 तक अंतराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कार्निवाल 'ABMYS खेल महोत्सव' का आयोजन चेन्नई तमिलनाडु में किया गया। इसमें देश-विदेश से करीब 275 खिलाडियों समेत 450 लोग उपस्थित थे।

**▸▸ समाज व परिवार की चिंता-** छटी कार्यसमिति बैठक के दौरान पारिवारिक कार्यक्रम तय किये गये। इसमें 11 से 17 मई 2016 तक सामाजिक रिश्तों को मजबूत करने के साथ पारिवारिक रिश्ते भी मजबूत हों, इसी उद्देश्य से अंतराष्ट्रीय पारिवारिक यात्रा 'ABMYS हांगकांग मकाउ टूर'' का आयोजन किया गया। 13 जून 2016 को श्री महेश वंदना का योग एवं ध्यान हेतु खास इंस्टुमेंटल वर्जन लांच किया गया। 13 जून 2016 को सूरत माहेश्वरी समाज को सर्वोच्च सम्मान 'महेश रत्न' से सम्मानित किया गया। 4 सितम्बर 2016 की कार्यसमिति बैठक का आयोजन मुंबई (महाराष्ट्र) तथा 18 जनवरी 2017 आठवां आयोजन चित्तौडगढ़(राज.) में किया गया। 20 जनवरी 2017 को ''माहेश्वरी हैं हम'' आडिया विडियों की लांचिंग की गई। जोधपुर बैठक में ''धन्यवाद दिवस'' मनाया गया। जिसमें सभी उपस्थितों के चरण स्पर्श कर पुष्प भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

चैन्नई बैठक के दौरान महिला सम्मान रखा गया जिसमें सभी महिलाओं का पुष्प भेंट कर सम्मान किया गया। स्क्रीन पर विडियों दिखाते हुए संगठन की भावनाएं व्यक्त की गई। संदेश था ''माँ-बहन, बेटी, पत्नी सभी रुपों में नारी है सम्मानीय''। इस सत्र का समापन नौवी व अंतिम कार्यसमिति बैठक में 25-26 मार्च 2017 में सूरत (गुजरात) में होगा।

MAHESHWARI ONE
Our Own Helpline
an initiative by AKHIL BHARATVARSHIYA MAHESHWARI YUVA SANGATHAN
1800 3002 8800

**▸▸ हेल्प लाईन 'माहेश्वरी वन' -** नवरात्रि व गांधी जयंती के उपलक्ष्य में माहेश्वरी समाज की हर जिज्ञासा एवं समस्या के हल व निराकरण हेतु 'माहेश्वरी वन' टोल फ्री हेल्प लाईन सेवा की शुरूआत 2 अक्टूबर 2014 को की गई। यह अपने आप में किसी भी समाज संगठन द्वारा शुरू की गई ऐसी पहली सेवा है।










# 12वें सत्र के युवा नेतृत्व राजकुमार काल्या

**गत १८ जनवरी को चित्तौड़गढ़ में आयोजित अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन की बैठक में ११ वें सत्र के महामंत्री राजकुमार काल्या सर्वसम्मति से आगामी १२वें सत्र के लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये। श्री काल्या आगामी २५ मार्च को आयोजित ९वीं कार्यसमिति की बैठक में अपनी कार्यकारिणी के साथ अपना पदभार ग्रहण करेंगे।**

अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलाबपुरा (भीलवाड़ा) निवासी राजकुमार काल्या समाज के लिये एक ख्यात नाम हैं। श्री काल्या ने अपनी तीक्ष्ण बौद्धिक क्षमता व समर्पित भाव से उद्योग व्यवसाय में तो सफलता का शिखर छुआ ही, समाज सेवा में भी एक कीर्तिमान स्थापित किया। उनकी युवा संगठन में सेवा यात्रा उनके व्यावसायिक कैरियर के साथ ही प्रारंभ हो गई थी। व्यवसाय व समाजसेवा उचित तालमेल से किस तरह सफलतापूर्वक साथ-साथ चल सकती है, उसका आदर्श श्री काल्या का जीवन स्वयं है। उन्होंने बिना किसी बाधा के दोनों ही क्षेत्रों में शिखर की ऊँचाई प्राप्त की। यह सब उनके उचित तालमेल का सुपरिणाम ही है। अध्यक्ष के रूप में प्राप्त हुआ विश्वास, श्री काल्या की सेवाओं का प्रतिफल ही है।

## समाज का उच्च शिक्षा के बाद भी स्व-व्यवसाय

भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा नगर के ख्यात व्यवसायी एवं वरिष्ठ समाजसेवी बसंतीलाल काल्या के यहां 1 नवम्बर 1979 को श्री काल्या का जन्म हुआ। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गुलाबपुरा से ही प्राप्त की। इसके पश्चात मास्टर डिग्री वाणिज्य संकाय व तदुपरांत एम.बी.ए. की शिक्षा ग्रहण की। शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात भी नौकरी की राह न चुनते हुए अपने पैतृक एक्सप्लोसिव व्यवसाय को ही चुना। कर्तव्य परायणता एवं कार्य कुशलता का परिचय देते हुए इसको तो शिखर पर पहुँचाया ही, साथ ही रियल एस्टेट व्यवसाय में भी प्रवेश कर लिया। अपने कुशल प्रबंधन के परिणामस्वरूप श्री काल्या ने इस व्यवसाय में अनेक शिखरतम सफलताएँ अर्जित कीं। इसके तहत श्री काल्या कई शहरों में अनेक आवासीय / वाणिज्यिक/इंडस्ट्रीयल टाउनशिप प्रोजेक्ट विकसित कर रहे हैं। इसके साथ कम उम्र में ही एग्रो फार्मिंग, माईनिंग, फाइनेंस व मीडिया संबंधित व्यापार व्यवसाय में भी उन्होंने अपनी अमिट छाप छोड़ी है। श्री काल्या की कारोबारी कंपनियां आईएसओ 9001-2000 से प्रमाणित हैं।



चेयरपर्सन - आदित्य बिड़ला ग्रुप राजश्री बिड़ला के साथ



कुमार मंगलम बिड़ला के साथ



वेदान्ता ग्रुप के चेयरमेन अनिल अग्रवाल के साथ

परिवार के साथ



## विरासत में मिली समाजसेवा

समाजसेवा की प्रेरणा श्री काल्या को पैतृक रूप से विरासत में ही प्राप्त हुई। श्री काल्या के पिता श्री बसंतीलाल काल्या एवं माता श्रीमती मनोरमादेवी काल्या भी समाज के विभिन्न पदों पर रहते हुए समाज की सेवा में लगे हुए हैं। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के तात्कालीन अध्यक्ष अशोक इनाणी के गुलाबपुरा के अल्प प्रवास के दौरान ही उनकी निगाहें श्री काल्या के समाज प्रेम एवं कर्तव्य निष्ठा पर पड़ी। फलस्वरूप श्री इनाणी ने इनको अपने संगठन की कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया। बैठकों में इनकी नियमित उपस्थिति एवं समयबद्धता ने सभी को आकर्षित किया। अपनी व्यावसायिक व्यस्तता के बावजूद भी समाज संगठन की बैठकों में उनकी यह उपस्थिति अपने आप में उनके समाज प्रेम को व्यक्त करती है। उनकी इन सेवाओं ने युवा संगठन ही नहीं बल्कि समाज के लगभग सभी संगठनों में उनकी एक प्रतिष्ठित पहचान बना दी।

## इस तरह चली सेवा यात्रा

वर्ष 06 में अहमदाबाद में आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिता में तत्कालीन महासभा सभापति रामपाल सोनी की उपस्थिति में श्री काल्या को अ.भा.माहेश्वरी युवा संगठन के नवम् सत्र का सांस्कृतिक मंत्री नियुक्त किया गया। इस प्रकार श्री काल्या ने यह ऊँचाइयां अपनी शादी से पूर्व अल्पायु में ही प्राप्त कर लीं। 6 फरवरी 07 को भीलवाड़ा निवासी राधेश्याम कचौलिया की पुत्री दिव्या कचौलिया के साथ परिणय सूत्र में बंधे। श्री काल्या के दो पुत्र रचित ओर रिषित हैं। अ. भा. माहेश्वरी युवा संगठन के दशम सत्र में आपने कुशलतापूर्व कोषाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन किया। समाप्त हो रहे इस 11वें सत्र में राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में समाज और संगठन को एक नई दिशा देते हुए सफलतापूर्वक दायित्वों का निवर्हन किया। इनकी कार्यकुशलता एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए ही गत दिनों चित्तौड़गढ़ में आयोजित अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन की कार्यसमिति की बैठक में श्री काल्या को आगामी 12वें सत्र के लिये निर्विरोध रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है।

# सामंजस्य से बनेगी विकास की कार्ययोजना



**अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या के नेतृत्व में न सिर्फ युवा बल्कि सम्पूर्ण समाज के विकास की भी कार्ययोजना तैयार की है। इस १२वें सत्र में जो नया होने जा रहा है, वह यह कि इस बार महासभा के मार्गदर्शन में तीनों संगठन महासभा, महिला व युवा संगठन सामंजस्य के साथ विकास के सोपान तय करेंगे। युवा संगठन इसके लिये अपनी कार्ययोजनाओं के साथ तैयार हैं। आईये देखें १२वें सत्र में क्या-क्या करना चाहता है, युवा संगठन।**

## सामंजस्य से लगाएंगे सपनों को पंख

वर्तमान परिपेक्ष में युवाओं की आशाओं, अपेक्षाओं, उनके सपनों उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महासभा और महिला संगठन के साथ मिलकर कार्ययोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे समाज के नये युवा व युवतियों का भी संगठन से जुड़ाव हो और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ें। परंपरागत कार्ययोजनाओं के अतिरिक्त आज के समयानुसार नई कार्ययोजनाएँ बनाकर उन पर कार्य भी किया जाएगा। लक्ष्य रहेगा कि संगठन के महत्वपूर्ण प्रकल्प लोहार्गल धाम वास्तु को जल्द ही समाज को समर्पित किया जाए।

## संगठन के लिये ''आपके द्वार''

संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जिला संगठनों को और अधिक मजबूत करते हुए प्रदेशों के माध्यम से राष्ट्रीय कड़ी से जोड़ते हुए संगठनात्मक मजबूती प्रदान की जाएगी। इसके लिए महासभा द्वारा पूर्व में चलाए गए ''संगठन आपके द्वार'' कार्यक्रम की तर्ज पर कार्ययोजना क्रियान्वित की जाएगी। भारत वर्ष के प्रत्येक प्रदेश में अधिकाधिक सतत भ्रमण कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यशाला तथा महाअधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान परिपेक्ष में ''डिजिटल इंडिया'' की तर्ज पर डिजिटल माहेश्वरी' के सपने को मोबाइल एप और वेबसाइट इत्यादि के माध्यम से साकार करने का प्रयास किया जाएगा।

## सहयोग, काउंसलिंग व गाइडेंस

जरूरतमंद परिवारों के आठवीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी हॉस्टल फीस, स्कूल फीस, ड्रेस, बेग, आने-जाने के साधन के रूप में साइकिल आदि संगठन के माध्यम से स्थानीय भामाशाहों के सहयोग से उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें कॅरियर काउंसलिंग एवं कैरियर गाइडेंस के रूप में निरंतर प्रक्रिया के तहत









शिविर लगाए जाएंगे। विद्यार्थियों की रुचि की जानकारी का पता लगाकर रुचिनुसार विषय चुनने में मदद के साथ ही चयनित विषय पर उन्हें गाइड भी किया जाएगा। कॅरियर गाइडेंस में जरूरी नहीं कि शिक्षा का क्षेत्र ही हो, विद्यार्थी में जो भी प्रतिभा हो उसको उभरने के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे।

## समयानुसार उद्योग व्यवसाय की तैयारी

प्रदेशों के विभिन्न जिलों में अधिक से अधिक माहेश्वरी इंडस्ट्रियल ट्रेड फोरम के तहत सेमिनारों का आयोजन किया जाएगा तथा युवा साथियों को उद्यमिता विकास संबंधित जानकारियां दी जाएंगी। जिस रूप में आज नोटबंदी और जीएसटी लागू होने से व्यापार और व्यवसाय में वृहद रूप से बदलाव होने वाले हैं, उन बदलाओं और समस्याओं के समाधान हेतु प्रोफेशनल ट्रेनर से सेमिनार के माध्यम से युवा साथियों एवं समाजबंधुओं को जानकारी दी जाएगी कि कैसे आज के कम्पीटिशन युग में भी समाजजन आगे बढ़कर अपने व्यापार व्यवसाय को चला सकें। हालांकि यह हम सभी जानते हैं कि माहेश्वरी समाज व्यापार में अग्रणी रहा है, फिर भी युवाओं को व्यापार-व्यवसाय और प्रोफेशनल सर्विसेज के लिए प्रोत्साहन देकर अधिक से अधिक लाभ पहुंचा कर उन्हें अग्रणी रखना ही लक्ष्य होगा। ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से अधिक से अधिक युवा साथियों का संगठन से जुड़ाव भी होगा।

## विवाह संबंधों के लिये मार्गदर्शन

समय पर विवाह हो सके इसके लिये महासभा के मार्गदर्शन में वरिष्ठ साथियों के सहयोग से एक फोरम का निर्माण किया जाएगा। यह फोरम समय-समय पर परिचय सम्मेलन, विवाह सम्मेलन और एक मेट्रीमोनियल साइट महासभा के माध्यम से बनाकर उसमें सहयोग करके समय पर युवाओं का विवाह हो ऐसा प्रयास करेगी। युवाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिये अधिक से अधिक रोजगार मेलों एवं उद्योग मेलों का आयोजन कर जरूरतमंद युवाओं को अच्छे स्थानों पर रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

## शासन-प्रशासन में भी बढ़ाएंगे वर्चस्व

सरकार की रीति-नीति बनाने में समाज की भूमिका बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए उच्च शिक्षा, प्रोफेशनल सर्विसेज एवं प्रशासनिक सर्विसेज के लिए मोटिवेशन के साथ कोचिंग/हॉस्टल फैसेलिटी एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। राजनीतिक क्षेत्र में सहभागिता बढ़ाने के लिए एक उच्च स्तरीय फोरम बनाकर राजनीतिक क्षेत्र के योग्य समाज बंधुओं को लॉबिंग कर आगे बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। कुल मिलाकर प्रयास होगा कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक पहुंच कर उनकी जरूरतों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर सकें तथा राष्ट्र हित में समाज का योगदान बढ़े तथा राष्ट्रीय स्तर पर समाज की पहचान और अधिक बढ़ें। खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से चयनित प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर उनकी पहचान बढ़ाने एवं उनको यथोचित स्थान दिलाने हेतु कार्ययोजना बनाई जाएगी।

### यह है काल्या की युवा टीम

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा की नासिक में आयोजित प्रथम कार्यसमिति की बैठक में अभा माहेश्वरी युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या ने कार्यकारिणी गठित की। इसमें महामंत्री प्रवीण सोमानी, कोषाध्यक्ष विवेक मोहता, संगठन मंत्री दीपक चांडक, सांस्कृतिक मंत्री संदीप करनानी, क्रीड़ा मंत्री अरूण बाहेती, उपाध्यक्ष भरत तोतला, जुगल झँवर, संयुक्त मंत्री अमित माहेश्वरी, मधुसूदन मालू, अखिल माहेश्वरी-युवा माहेश्वरी संदेश का सम्पादक मनोनीत किया गया।









# सभी को प्रगतिशील बनाना लक्ष्य–श्री काल्या

**संगठन का औचित्य वास्तव में समाज के सर्वांगीण विकास में ही निहित है। श्री माहेश्वरी टाईम्स ने इसी 'औचित्य' को दृष्टिगत रखते हुए अ.भा.माहेश्वरी युवा संगठन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या से उनके कार्यकाल को लेकर उनके सपने को जानने के लिए चर्चा की। आईये जाने समाज को लेकर उनके क्या सपने है और वे उन्हें कैसे साकार करेंगे?**

*सर्वप्रथम तो मैं माहेश्वरी टाईम्स परिवार की ओर से आपको युवा संगठन अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई देता हूँ। इसके साथ ही यह भी पूछना चाहूंगा कि क्या युवा संगठन में वर्तमान में ही सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ है अथवा पूर्व में भी हो चुके हैं?*

धन्यवाद। आपने जो पूछा है, उसके लिये मैं कहना चाहूंगा कि सर्वसम्मति से निर्वाचन के प्रयास तो युवा संगठन में हमेशा ही होते रहे हैं। लेकिन इस बार महासभा में सर्वसम्मति से निर्वाचन का जो आदर्श स्थापित हुआ, उसने इस बार युवा संगठन को भी इसी पथ पर चलने के लिये प्रेरित कर दिया। मैं तो मानता हूँ कि मैं सर्वसम्मति से ही नहीं बल्कि सभी के स्नेह व सहयोग से निर्वाचित हुआ हूँ। जो जिम्मेदारी सभी ने विश्वास के साथ सौंपी है, मुझे उसे निष्ठा के साथ निभानी है।

*आपकी नजर में सर्वसम्मति से किसी भी पद पर निर्वाचन कितना उचित है? क्या इस पर गुटबंदी हावी नहीं हो सकती?*

मेरी नजर में तो किसी भी सामाजिक संगठन में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का निर्वाचन ही सबसे श्रेष्ठ मार्ग है। यही वास्तव में सर्वथा उचित है। रही बात इसमें गुटबंदी हावी होने की, तो इससे तो गुटबंदी समाप्त होती है। फिर इसमें गुटबंदी कहाँ से आऐगी? मतदान में जो दो गुट बनते हैं और उनमें परस्पर कटुता उत्पन्न हो जाती है, सर्वसम्मति इसी का समाधान है। इसमें कोई भी चुनाव हारता नहीं, सभी को सेवा का पूर्ण अवसर मिलता है। चुनाव में जो परस्पर द्वेष व प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है, उसकी यहां कोई जगह नहीं होती।

*आप समाज सेवा से कब से जुड़े और कैसे?*

मैं विवाह के पूर्व श्री अशोक इनाणी के अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान सर्वप्रथम बार उनकी प्रेरणा से युवा संगठन से जुड़ा और कार्यसमिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया। वर्ष 2006 में नवम सत्र में सांस्कृतिक मंत्री तथा दशम सत्र में कोषाध्यक्ष का दायित्व मिला। इसके बाद वर्तमान में 11वें सत्र में राष्ट्रीय महामंत्री हूँ और नवीन 12वें सत्र के लिये अध्यक्ष चुना गया। यह सब युवा साथियों के स्नेह व विश्वास का प्रतिफल ही है।

*समाज का अपना युवा संगठन है। फिर भी यह मुद्दा अक्सर उठता रहा है कि युवा वर्ग समाज की मुख्यधारा से दूर जा रहा है? आखिर युवा वर्ग समाज से दूर क्यों जा रहा है?*

आपका प्रश्न बिल्कुल समसामयिक है। युवा वर्ग के समाज संगठन से दूर होने का कारण उनकी पसंद के कार्यक्रमों की कमी है। आज का युवा इतना व्यस्त है कि वह सिर्फ जहां रिर्टन नजर आता है, वहीं शामिल होता है। हमने युवाओं के अनुरूप कार्य योजनाएँ बनाई हैं। इसमें ऐसे कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिससे वे कॅरियर, व्यवसाय आदि युवाओं के हर मुद्दे पर सीधे रिर्टन महसूस करेंगे। जब उन्हें संगठन में लाभ के साथ सेवा के अवसर नजर आयेगा, तो अवश्य ही जुड़ेंगे।

*आप लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं। अतः अपनी सेवा के दौरान आपने बहुत कुछ ऐसा विचार किया होगा कि जब आप किसी प्रमुख पद पर आऐंगे तो क्या करना चाहेंगे? आपकी नजर में समाज के लिये क्या किया जाना अधिक जरुरी है और इसे कैसे किया जा सकता है?*

आपका कहना सही है कि मैं लंबे समय से संगठन से जुड़ा हूँ। मैंने इस दौरान महसूस किया कि युवा संगठन ने हमेशा ही बहुत अच्छा काम किया है। फिर भी जैसे हर व्यक्ति के अपने सपने होते हैं, वैसे ही मेरा भी अपना सपना है। मेरी नजर में आज के दौर में युवाओं के लिये चार सबसे बड़ी आवश्यकताएँ हैं- शिक्षा, संस्कार, कॅरियर व विवाह। हमने इन चारों मुद्दों को फोकस करते हुए ही अपनी कार्ययोजना बनाई है। इसके लिये विशेषज्ञों की समिति बनाई जाऐगी जो समस्या का विश्लेषण कर उसका समाधान करेगी।

*आपके कार्यकाल में युवा संगठन के प्रमुख लक्ष्य व योजनाएँ क्या रहेंगी?*

वैसे तो अपने कार्यकाल के प्रमुख लक्ष्य बता चुका हूँ। फिर भी मैं कहना चाहूंगा कि हमारा लक्ष्य युवा व समाज का सर्वांगीण विकास होगा। व्यावसायिक विकास के लिये माहेश्वरी इंडस्ट्रीयल एंड ट्रेड फोरम, कॅरियर के लिये काउंसलिंग एवं गाइडेंस तथा वैवाहिक समस्याओं के लिये विवाह सहयोग समिति बनाई जाऐगी। समस्याएं अधिकांशतः गांवों में अधिक है, अतः अधिकांश शिविर गांवों में आयोजित करेंगे। अधिकांश पारिवारिक समस्याएँ मूल रूप से सोच की है, अतः इस सोच को ही बदलेंगे कि गांव पिछड़े होते हैं।

*वर्तमान में समाज में दो समस्याएँ प्रमुखता से उठ रही हैं, तलाक व अंर्तजातीय विवाह। युवा संगठन इस बारे में क्या करना चाहेगा?*

देखिये, पारिवारिक समस्याओं का मूल कहीं न कहीं आर्थिक विकास में ही है। अतः ऐसी योजना बनाई जाऐगी कि चाहे लड़के गाँव के हों या शहर के उन्हें प्रॉपर शिक्षा मिले व कॅरियर काउंसलिंग हो, जिससे उन्हें उनकी क्षमता के अनुसार उचित दिशा मिले। जरूरी नहीं कि हर लड़का शिक्षा में ही तेज हो, हो सकता है वह खेल में तेज हो तो उसे भी अवसर उपलब्ध करवाऐं और प्रोत्साहित करेंगे। बिजनेस सेमीनार आयोजित कर समस्याएँ दूर करेंगे। मेरे विचार से यदि गाँव का युवक भी सुस्थापित है, तो विवाह में कोई समस्या नहीं है। तलाक को रोकने व विवाह सम्बंध तय करने के लिये हर गांव में 5 वरिष्ठों की एक सलाहकार समिति बनाएंगे, जो इसमें सहयोगी बनेगी। सोच में परिवर्तन के लिये शिविर आयोजित होंगे।

*यह कहा जाता रहा है कि महासभा, महिला संगठन व युवा संगठन के बीच सामंजस्य का अभाव है? क्या यह सच है? यदि हां, तो यह कैसे स्थापित किया जा सकता है?*

वैसे तो तीनों संगठन अपने-अपने स्तर पर समाजहित में अच्छा कार्य करते ही रहे हैं। फिर भी तीनों संगठनों में जो समन्वय की कमी थी, उसे भी दूर कर लिया गया है। गत दिनों आयोजित नासिक बैठक में समन्वय समिति बनाई गई है। इसके द्वारा तीनों संगठनों की पृथक-पृथक जिम्मेदारी व कार्यक्रम तय किये जाएंगे। इससे कार्यक्रमों का रिपिटेशन नहीं होगा और समाज का समय तथा धन बचेगा।

*आप समाज को क्या संदेश देना चाहेंगे?*

मेरा मानना है कि हम समाज के जरुरतमंद लोगों तक पहुंचकर उनकी जरुरतों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर उन्हें भी प्रगतिशील बना सकें, तभी समाज का औचित्य पूर्ण होता है। यह कार्य कोई भी अकेले नहीं कर सकता इसमें सभी की मदद की आवश्यकता है। मैं सभी से अपील करता हूँ कि इस सोच को अभियान की तरह लेते हुए अपने कर्तव्य को पूर्ण करें।

# लड़के-लड़कियों के रिश्ते ढूँढना हुआ बेहद आसान
# हमारी वेबसाइट है
# इसका सही समाधान

**High Status,
Middle Status,
NRI, Manglik, Non Manglik,
Biodata MBA, MCA, Doctor,
Engg. Biodata, CA, CS,
ICWA Biodata**




**Graduate,
Post Graduate Biodata
Professional Biodata
Businessman Biodata
Service Class Biodata**

**माहेश्वरी समाज के लिए
60 हजार से अधिक**

**जैन समाज के लिए
70 हजार से अधिक**

**अग्रवाल समाज के लिए
1 लाख से अधिक**

**Website**

**www.maheshwari.org
www.jain2jain.org
www.agrawal2agrawal.org**

Registration Free

Registration Free



## अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें-


**39/1, Old Rajendra Nagar, New Delhi-110060
Phones :011-25746867, M. : 093129 46867**

# विज्ञान की दृष्टि में रंगों का पर्व होली



प्रेम के रंग में रंगने का पर्व होली घृणा पर स्नेह की विजय का पर्व माना जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह जितना धार्मिक-सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण है, उतना ही वैज्ञानिक आधार पर भी। बस इसके लिये सही ढंग से और उचित रंगों से होली खेलने की जरूरत होती है। आइये देखें इसका वैज्ञानिक दृष्टिकोण...

■ कैलाशचन्द्र लड्ढा, जोधपुर



फिर रंगों का पर्व होली आने वाला है और फिर उसे उसी उत्साह के साथ मनाएंगे। इन सबके बावजूद हम हर बार की तरह इसके महत्व से अनजान ही रहेंगे। वास्तव में हमें अपने पूर्वजों का शुक्रगुजार होना चाहिए कि उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टि से बेहद उचित समय पर होली का त्योहार मनाने की शुरुआत की, लेकिन होली के त्योहार की मस्ती इतनी अधिक होती है कि लोग इसके वैज्ञानिक कारणों से अंजान रहते हैं। होली का त्योहार न केवल मौज-मस्ती, सामुदायिक सद्भाव और मेल-मिलाप का त्योहार है, बल्कि इसको मनाने के पीछे कई वैज्ञानिक कारण भी हैं जो न केवल पर्यावरण बल्कि मानवीय सेहत के लिए भी हितकारी हैं।

## सुस्ती के मौसम में ऊर्जा का संचार

होली का त्योहार साल में ऐसे समय पर आता है, जब मौसम में बदलाव के कारण लोग उनींदे और आलसी से होते हैं। ठंडे मौसम के गर्म रुख अख्तियार करने के कारण शरीर का कुछ थकान और सुस्ती महसूस करना प्राकृतिक है। शरीर की इस सुस्ती को दूर भगाने के लिए ही लोग फाग के इस मौसम में न केवल जोर से गाते हैं, बल्कि बोलते भी थोड़ा जोर से हैं। इस मौसम में बजाया जाने वाला संगीत भी बेहद तेज होता है। ये सभी बातें मानवीय शरीर को नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। इसके अतिरिक्त रंग और अबीर (शुद्ध रूप में) जब शरीर पर डाला जाता है तो इसका भी अनोखा प्रभाव होता है।

होली पर शरीर पर ढाक के फूलों से तैयार किया गया रंगीन पानी, विशुद्ध रूप में अबीर और गुलाल डालने से शरीर पर इसका सुकून देने वाला प्रभाव पड़ता है और यह शरीर को ताजगी प्रदान करता है। जीव वैज्ञानिकों का मानना है कि गुलाल या अबीर शरीर की त्वचा को उत्तेजित करते हैं और पोरों में समा जाते हैं। ये शरीर के आयन मंडल को मजबूती प्रदान करने के साथ ही स्वास्थ्य को बेहतर करते हैं और उसकी सुदंरता में निखार लाते हैं।

## वातावरण की शुद्धि

होली का त्योहार मनाने का एक और वैज्ञानिक कारण है। हालांकि यह होलिका दहन की परंपरा से जुड़ा है। शरद ऋतु की समाप्ति और बसंत ऋतु के आगमन का यह काल पर्यावरण और शरीर में बैक्टीरिया की वृद्धि को बढ़ा देता है लेकिन जब होलिका जलाई जाती है तो उससे करीब 145 डिग्री फारेनहाइट तक तापमान बढ़ता है। परंपरा के अनुसार जब लोग जलती होलिका की परिक्रमा करते हैं, तो होलिका से निकलता ताप शरीर और आसपास के पर्यावरण में मौजूद बैक्टीरिया को नष्ट कर देता है। इस प्रकार यह शरीर तथा पर्यावरण को स्वच्छ करता है। दक्षिण भारत में जिस प्रकार होली मनाई जाती है, उससे यह अच्छे स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करती है। होलिका दहन के बाद इस क्षेत्र में लोग होलिका की बुझी आग की राख को माथे पर विभूति के तौर पर लगाते हैं और अच्छे स्वास्थ्य के लिए वे चंदन तथा हरी कोपलों और आम के वृक्ष के बोर को मिलाकर उसका सेवन करते हैं।

## रंगों से कलर थैरेपी

कुछ वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि रंगों से खेलने से स्वास्थ्य पर इनका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है क्योंकि रंग हमारे शरीर तथा मानसिक स्वास्थ्य पर कई तरीके से असर डालते हैं। पश्चिमी फिजिशियन और डॉक्टरों का मानना है कि एक स्वस्थ शरीर के लिए रंगों का महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे शरीर में किसी रंग विशेष की कमी कई बीमारियों को जन्म देती है और जिनका इलाज केवल उस रंग विशेष की आपूर्ति करके ही किया जा सकता है। इसके साथ ही होली के मौके पर लोग अपने घरों की भी साफ-सफाई करते हैं, जिससे धूल गर्द-मच्छरों और अन्य कीटाणुओं का सफाया हो जाता है। एक साफ-सुथरा घर आमतौर पर उसमें रहने वालों को सुखद अहसास देने के साथ ही सकारात्मक ऊर्जा भी प्रवाहित करता है।


रामपाल जी सोनी
पूर्व सभापति अ.भा.मा. महासभा
श्याम जी सोनी
सभापति अ.भा. माह. महासभा
संदीप जी काबरा
महामंत्री अ.भा.मा. महासभा
देवकरण जी गग्गड़
उपसभापति अ.भा.मा. महासभा (पश्चिमांचल)
रतनलाल जी नौलखा
निवर्तमान उपसभापति अ.भा.मा. महासभा पश्चिमांचल
ममता जी मोदानी
उपसभापति अ.भा.मा. महिला संगठन (पश्चिमांचल)
युवा उद्यमी
श्री राजकुमार काल्या
के अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के
निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष
बनने पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं।
श्री राजकुमार काल्या
कैलाश मून्दड़ा
राधेश्याम सोमानी
इन्दरमल छापरवाल
ओम प्रकाश तोषनीवाल
संजय राठी
शिवकुमार काष्ट
जगदीश प्रसाद सोमानी
शिखा मदादा
कुन्तल तोषनीवाल
लोकेश आगाल
सी.पी. नामधराणी
अनन्त समदानी
कैलाश कोठारी
देवेन्द्र सोमानी
अनिला अजमेरा
सीमा कोगटा
क्षितिज सोमानी
जगदीश लढ़ा
राधेश्याम चेचानी
राजेन्द्र कचौलिया
केदार जागेटिया
केदार गगरानी
जानकीलाल राठी
पुरूषोतम नुवाल
एस.एन. मोदानी, प्रहलादराय लढ़ा, बाबू लाल जाजू, नारायण जागेटिया, रामेश्वरलाल काबरा, कृष्णगोपाल जाखेटिया, अनिल बांगड़, राजेश तोषनीवाल, सत्यनारायण मून्दड़ा, दिलीप तोषनीवाल, सुरेश कचौलिया, सुभाष बाहेती, अनिल झंवर, श्री लाल कोगटा, राजेन्द्र बिड़ला, राजेन्द्र पोरवाल, दिलीप लाहोटी, सत्येन्द्र बिड़ला, सम्पत्त माहेश्वरी, रमेश बाहेती, ओम गट्टयाणी, श्याम समदानी, केजी सोनी, पुरूषोत्तम गगरानी, रमेश नामधराणी, मनोहर अजमेरा, भगवान सोडाणी, नारायण लढ़ा, दिनेश कचौलिया, रमेश राठी, अशोक मून्दड़ा, प्रहलाद नुवाल, कैदार जागेटिया एवं समस्त क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा, तहसील सभा, युवा संगठन, महिला संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण एवं समस्त माहेश्वरी समाज जिला भीलवाड़ा

# क्या देगा, क्या लेगा




**देश का नवीन सत्र का बजट पेश हो चुका है। इस बजट को लेकर आम व्यक्ति के मन में बहुत जिज्ञासा है कि आखिर यह बजट है, कैसा? समाज हित में इस बजट की समीक्षा कर रहे हैं, ख्यात अर्थशास्त्री व अ.भा. माहेश्वरी महासभा के अर्थमंत्री आर.एल.काबरा।**



वर्तमान सरकार ने अपना चौथा बजट पेश करते हुए विमुद्रीकरण यानी नोटबंदी से हुई तकलीफ को कम करने की पूरी कोशिश की है। वित्त मंत्री की पहल अर्थव्यवस्था की दरकार को देखते हुये कर चोरी करने वालों पर सख्ती एवं करदाताओं को राहत दी गई है। यह बात जरूर है कि राहत उम्मीद से काफी कम निकली एवं व्यक्तिगत करदाता को इनकम टैक्स में अधिकतम रु. 12500 की छूट ही दी गई। सबसे बड़ी बात यह है कि आम लोगों के साथ छोटी कंपनियों को भी टैक्स में छूट दी गई है। इस वर्ष के बजट 2017 का लगभग सभी समुदाय, उद्योग जगत, शेयर मार्केट एवं आम जनता ने स्वागत किया है। इस वर्ष के बजट में सरकार की ज्यादा टैक्स वसूलने की प्रवृत्ति नहीं है। लेकिन सरकार करदाताओं की संख्या बढ़ाना चाहती है। अति छोटे करदाताओं को रियायत देकर टैक्स की दर ढाई लाख से पांच लाख के बीच सिर्फ 5 प्रतिशत कर दी है। नए करदाता से कोई पूछताछ नहीं की जाएगी एवं प्रथम वर्ष में उनका रिटर्न स्क्रूटिनी में नहीं लिया जाएगा।

## छोटे करदाताओं को राहत

2.50 से 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स रेट 5 प्रतिशत कर दी गई है। जो पहले 10 प्रतिशत थी। अब 3.5 लाख रुपये की टैक्सबेल इनकम (सेक्शन 80 सीसी की छूट के बाद) वाले करदाता को सिर्फ 2575 रुपए टैक्स देना होगा जो कि पहले 5150 रुपए था। 5 से 10 लाख रुपए तक 20 प्रतिशत टैक्स एवं 10 लाख से ज्यादा आय पर 30 प्रतिशत टैक्स बरकरार रखा गया है। 50 लाख से 1 करोड़ की इनकम वालों को 30 प्रतिशत टैक्स के साथ अब 10 प्रतिशत सरचार्ज चुकाना पड़ेगा। एक करोड़ से ज्यादा इनकम वालों के लिए पहले भी 15 प्रतिशत सरचार्ज था, जो यथावत रहेगा। अगर आप सभी छूट का उपयोग करते हैं तो आपको 5 लाख रुपए तक शायद ही कुछ टैक्स लगेगा। सीनियर सिटीजन के लिए 3 लाख रुपए तक की छूट एवं 80 वर्ष के ऊपर आयु वाले बहुत सीनियर के लिए छूट 5 लाख तक की बरकरार रखी गई है। इस श्रेणी में ज्यादातर सैलरी इनकम वाले एवं आम जनता ज्यादा आती है एवं सरकार उन्हें प्रोत्साहन देकर आयकरदाता बनाना चाहती है।

## इनमें हुए बड़े परिवर्तन

**छोटी कंपनियों को राहत-** 50 करोड़ रुपए तक का सालाना टर्नओवर करने वाली छोटी कंपनियों के लिए टैक्स की दर घटाकर 30 से 25 प्रतिशत कर दी गई है। पार्टनशिप फर्म एवं एलएलपी के तहत रजिस्टर्ड कंपनियों की टैक्स दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

**स्टार्ट अप को टैक्स छूट-** रजिस्टर्ड मान्यता प्राप्त स्टार्ट अप को पहले पांच साल में तीन साल के लिए टैक्स छूट को बढ़ाकर अब यह अवधि सात वर्ष कर दी गई है। इससे इन स्टार्टअप को राहत मिलेगी क्योंकि वे शुरुआती कुछ सालों में मुनाफा नहीं कमाते हैं।

**मेट टैक्स में अवधि बढ़ी-** मेट टैक्स को नहीं हटाते हुए कंपनियों को मेट क्रेडिट का आगे के सालों में उपयोग करने की इजाजत देने के लिए मेट को आगे बढ़ाने की अवधि 10 साल से बढ़ाकर 15 साल करने का प्रस्ताव है।

**एफडीआई में उदारता-** विदेशी निवेश के प्रपोजल को मंजूरी देने वाली एफडीआई को खत्म करने की घोषणा इस बजट में की गई है। ऐसा मानना है कि एफडीआई पॉलिसी को आगे और उदार बनाया जाएगा।

**कैश पर पाबंदी-** कालेधन पर रोक लगाने के लिए तीन लाख रुपए से ऊपर सभी तरह के कैश ट्रांजेक्शन पर पाबंदी लगा दी गई है। यह पाबंदी तीन लाख से ऊपर कैश लेन-देन कोई भी एक दिन, कोई भी एक ट्रांजेक्शन या कोई एक अवसर के लिए लागू होगी। इस नियम के उपरांत शत-प्रतिशत पेनल्टी देनी होगी।

**कैपिटल गेन टैक्स एवं बेस ईयर में परिवर्तन-** अफोर्डेबल हाउसिंग में कारपेट एरिया का दायरा बढ़ाते हुए इसे पूरा करने की अवधि भी 3 साल से बढ़ाकर 5 साल कर दी गई है। जमीन एवं मकान के कैपिटल गेन टैक्स के लिए होल्डिंग अवधि अब तीन वर्ष से घटाकर 2 वर्ष कर दी गई है और इंफिसेक्शन का बेस ईयर अब 1 अप्रैल 2001 होगा जो कि पहले 1 अप्रैल 1989 था। इस तरह आधार वर्ष बदलने से 2001 के पहले खरीदे हुए मकान, जमीन अथवा आभूषण या सोना इत्यादि में खरीद लागत की गणना बढ़ी कीमत के आधार पर होगी तथा इसे बेचने पर कम आयकर देना होगा।

**लिस्टेट शेयर के कैपिटल गेन्स में फेरबदल-** जिन शेयरों की खरीदी 1 अक्टूबर 2004 के बाद बिना एसएसटी टैक्स चुकाये की गई है और उन्हें अभी बेचकर कैपिटल गेन होता है, तो उसे छूट नहीं मिलाकर 10 फीसदी की सपाट दर से कर लगेगा। मौजूदा समय में लिस्टेट शेयर बेचने पर पूंजीगत लाभ पर कर नहीं लगता है। करदाताओं

ने अपने कालेधन को कर नहीं देकर इस प्रावधान का फायदा उठाया है इसलिए इन्हें रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

**छोटे कारोबारियों को राहत-**बजट में 2 करोड़ रुपये तक सालाना कारोबार पर अनुमानित कर 5 प्रतिशत से 6 प्रतिशत किया गया है। इस स्किम के तहत करदाताओं के लिए कारोबार के अनिवार्य टैक्स आडिट से छूट की टर्नओवर की सीमा 1 करोड़ से 2 करोड़ रुपये कर दी गई है एवं अब 25 लाख रुपए के टर्नओवर एवं 2.5 लाख तक की आय पर बुक्स मेंटेन करने की जरूरत भी नहीं होगी।

**दूसरा घर खरीदने पर ब्याज कटौती-**दूसरा घर खरीदने पर मिलने वाले लाभों में कटौती करके किसी खरीददार के लिए ब्याज कटौती की सीमा 2 लाख रुपए कर दी गई है। पहले खरीददार आवास ऋण पर पूरे ब्याज में कटौती का लाभ उठा सकता था। अब दो लाख के अलावा ब्याज को अगले 8 वर्षों में कटौती के लिये आगे बढ़ाया जा सकता है।

## कालेधन पर कसेगा शिकंजा

▸▸ राजनीति दल 2 हजार से अधिक नकदी चंदा नहीं ले पायेगा। अब चुनाव के लिए बॉंड लाने का भी प्रावधान रखा गया है।

▸▸ विदेश से फंड जुटाने पर लगने वाले 5 प्रतिशत के रियायती विद होल्डिंग टैक्स को अगले तीन साल के लिए बढ़ा दिया गया है। इसका फायदा मसाला बॉंड पर भी मिलेगा तथा इंडियन कंपनियों की फंडिंग कास्ट कम होगी।

▸▸ अफोर्डबल हाउसिंग को अब इंफ्रास्ट्रक्चर का दर्जा दिया गया है। इससे विदेश से पैसा आयेगा तथा खरीदी-बिक्री में बढ़ोत्तरी होगी।

▸▸ अब व्यक्तिगत अथवा एचयूएफ में यदि आप पचास हजार से ज्यादा का माहवार रेंट देते हैं तो आपको 5 प्रतिशत विद होल्डिंग टैक्स काटना होगा। यह टैक्स आप साल के आखिरी में भी काट सकते हैं तथा आपको टेन नंबर लेने की जरूरत नहीं है।

▸▸ दस लाख से ज्यादा के डिविंड पर अब 10 प्रतिशत टैक्स एओपी अथवा बीओआई या कोई भी एंट्री में कर लगेगा जो कि पहले सिर्फ व्यक्तिगत अथवा एचयूएफ या एलएलपी पर ही लगता था। चेरिटेबल ट्रस्ट को अभी-भी इस दायरे से बाहर रखा गया है।

▸▸ आर्थिक अपराधों पर सख्ती से पेश होकर जांच अधिकारियों को ऐसे मामलों में सीधे संपत्तियां जब्त करने का अधिकार होगा। यह नियम जाँच से बचकर देश छोड़कर भाग जाने वालों के खिलाफ भी लागू होगा।

▸▸ सरकार ने इस बजट में आयकर विभाग के अधिकारियों को तलाशी एवं जब्त मामलों में अधिक अधिकार दिए हैं एवं इसके तहत अब अधिकारियों को करदाता अथवा अपीलीय अथॉरिटी को तलाशी एवं जब्त का कारण बताने की जरूरत नहीं है।

▸▸ अब विदेशी यात्रा पर सरकार की पैनी नजर है और उसके मुताबिक विमानन कंपनियों को यात्रियों का पीएनआर डेटा, नाम, ट्रेवल एजेंट, पिछला रिकॉर्ड आदि जानकारी कस्टम विभाग को देना होगी।

▸▸ विदेशी कर्ज वाली भारतीय कंपनियों पर कर का बोझ बढ़ा दिया गया है। इसके तहत जिन कंपनियों के पास कम इक्विटी है लेकिन जिसने विदेश से ज्यादा कर्ज ले रखा है एवं ब्याज की लागत इसके एबिटा से ज्यादा है तो इसका 30 प्रतिशत से ज्यादा कर कटौती योग्य नहीं होगा। इसके परिणाम स्वरूप कई उच्च कर्ज व कम एबिटा वाली कई कंपनियों को अब कर चुकाना होगा।


▸▸ अपने देश में ही अपनी ग्रुप कंपनियों या रिश्तेदारी के साथ धंधा करने पर डोमेस्टिक ट्रांसफर प्राइसिंग के नियमों में छूट देकर इन्हें अब ऑडिट से बाहर कर दिया है तथा इसे जांचा भी नहीं जाएगा।

▸▸ अब आपके चेरिटेबल ट्रस्ट में आये हुए कोरपस डोनेशन को अगर आप दूसरे ट्रस्ट को देते हैं, तो उसे दूसरे ट्रस्ट को खर्च करना जरूरी होगा, नहीं तो इस पर टैक्स लगेगा।

▸▸ आपको अपना आयकर रिटर्न समय पर दाखिल करना होगा और अगर आप देरी करते हैं तो दिसंबर तक 5000 रुपए एवं इसके बाद 10 हजार रुपए की पेनल्टी अनिवार्य रूप से देनी होगी। जिनकी आय 5 लाख से कम है और अगर रिटर्न समय पर नहीं भरते हैं तो पेनल्टी 1 हजार रुपए लगेगी।

▸▸ अब चार्टर्ड अकाउंटेंट पर भी गलत सर्टिफिकेट देने पर 10 हजार रुपए तक की पेनल्टी लग सकती है।

पुस्तक समीक्षा




## जीवन-मधु

- संकलनकर्ता - डॉ. सूर्यप्रकाश व्यास
- मुद्रक - ऋषि-मुनि प्रकाशन
- प्रकाशक - श्रीमती ओमवती शर्मा जनसेवा ट्रस्ट

जीवन-मधु एक ऐसा अनूठा संकलन है जिसमें हिन्दी के 328, उर्दू के 95, संस्कृत-पालि के सानुवाद 276 तथा अंग्रेजी के सानुवाद 350 और कुल मिलाकर 1050 सुभाषित हैं। इनका चयन इस तरह किया गया है कि ये सभी आयुवर्ग के और शैक्षणिक स्तर के पाठकों के लिए उपयोगी हों। ये उद्धरण प्रेरणादायक, व्यावहारिक जीवन के लिए उपयोगी तथा मन-बुद्धि को झंकृत करने वाले हैं। पाठक इनमें अपना सच्चा मित्र और अनुभवी मार्गदर्शक पा सकते हैं। संकलन के मुख्य विषय हैं-जीवन मृत्यु, सफलता-असफलता, आशा-निराशा, प्रेम-करुणा, शत्रु-मित्र, अपना-पराया, निंदा-प्रशंसा, रिश्ते, नीति-कुशलता, जीवन की कला, राजनीति, नारी, यौवन, विवाह, लोकतंत्र, प्रशासन, भ्रष्टाचार आदि।



बीकानेर एवं आसपास के शहर में श्री माहेश्वरी टाईम्स के लिए समाचार, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।

पवन भोजक

गंगाशहर, चोपड़ा वाड़ी, बीकानेर (राज.)

मोबाईल - 92526-13331

लातूर एवं पुणे शहर में श्री माहेश्वरी टाईम्स के लिए समाचार, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।

हेमेन्द्र सोनी

04, सरोज अपार्टमेन्ट, टेगौर नगर,

राजस्थान मारवाड़ी हाई स्कूल के पास, लातूर

मोबाईल - 83290-66077





# भोजन करते समय टीवी क्यों न देखें?

लेखक-डॉ. हरिप्रसाद सोमानी, लातूर

**टीवी वर्तमान में हमारी रोजमर्रा की आवश्यकता बन चुका है। अपनी व्यस्तता के कारण हम भोजन करते समय इसे देखकर उस समय का भी सदुपयोग कर लेना चाहते हैं। लेकिन वास्तव में यह सदुपयोग नहीं बल्कि दुरुपयोग है। आखिर ऐसा क्यों? आइये देखें...**

आज के इस जमाने में टीवी क्या अभिशाप तो नहीं बन गया है? इस बात का चिंतनन करना आवश्यक हो गया है। हमारा रोज का अनुभव है कि टीवी की वजह से हमारा आपसी संवाद समाप्त हो गया है। परिवार का सोचें तो बच्चों को कार्टून फिल्म चाहिये, युवाओं को या तो पिक्चर अथवा क्रिकेट मैचेस चाहिये, स्त्रियों को पारिवारिक सीरियल्स चाहिए, बड़े-बुजुर्गों को समाचार चाहिये। घर आते ही बस अपने-अपने पसंद के चैनल्स शुरू हो जाते हैं। आपस में बात ही नहीं। यहां तक कि यदि कोई मित्र या संबंधी भी मिलने आये तो भी टीवी देखने में लगे रहते हैं। आपस में संभाषण ही नहीं होता। मेहमानों के चाय पीकर जाते समय ''फिर से जरूर आना'' कहकर उन्हें बिदा कर दिया जाता है। यह अत्यंत सोचनीय अवस्था परिवारों की होने लगी है। इस पर गंभीरता से चिंतन और मनन करने की आज आवश्यकता है। यह घटती सामाजिकता की स्थिति है।

## शरीर पर भी दुष्परिणाम

शरीर पर भोजन के समय टीवी देखना कितना हानिकारक है, यह समझने के लिये कुछ मेडिकल तथ्यों को समझना जरुरी है। मनुष्य के शरीर में कई ग्रंथियाँ (Glands) होती है। जिसमें मुख्यतः दो प्रकार की होती हैं। एक एक्झोक्राईन (Exocrine Glands) और दूसरी एन्डोक्राईन ग्रंथी (Endocrine Glands)। जिसमें Exocrine Glands उदाहरणार्थ सलायव्हरी ग्लॅन्ड (Salivary Glands), (Sperms) स्पर्म आदि ये रक्तवाहिनी द्वारा एन्झाइम्स (Enzymes) शरीर में एक विशिष्ट जगह स्त्रावित (Secretes) करती है और शरीर पर अपना असर दिखाते हैं। एण्डोक्राईन ग्रंथियाँ बिना रक्तवाहिनी (Ductless Glands) के सीधे रक्त प्रवाह में स्त्रावित होती है। इनके स्त्राव को 'हारमोन्स' (Harmones) कहते हैं। ये हारमोन्स दूर तक जाकर अपना असर दिखाते हैं। उदाहरण पिनीअल (Pineal gland), पिट्युटरी (Pituitary glands), थायरॉइड (Thyroid gland), टेस्टीस (Testes), ओव्हरी (Ovary), अड्रेनल (Adrenal glands) आदि। जिसमें से कई एण्डोक्राईन ग्रंथियों का सीधा संबंध मानवीय भावनाओं (Emotions) से भी होता है। मेडिकल के अभ्यास और रिसर्च में यह देखा गया है कि हम जब कभी भी टेंशन में आते हैं या डर जाते हैं, तब सांसें जोर-जोर से चलने लगती हैं तथा अपने हृदय की गति तेज होकर अपनी धड़कनें हमें खुद को सुनाई देती हैं। इसका कारण है, उस मनःस्थिति में अपने शरीर की एंडोक्राईन ग्रंथी (Adrenal gland)। इससे जो हार्मेन निकलता है, उसे एड्रीनेलीन (Adrenaline) कहते हैं और इसके स्त्राव की वजह से सांसें तेज चलने लगती हैं और दिल की धड़कन तेज हो जाती है। ये तो दिखने वाली या महसूस करने वाली बातें हैं, लेकिन न दिखने वाले कई बुरे शारीरिक असर अपने शरीर के अंदर होते हैं, जैसे कि हमारा ब्लड प्रेशर बढ़जाता है। निष्कर्ष यह है कि अपनी मानसिक भावनाओं या मनःस्थिति का ( Effect of emotions) असर अपने शरीर पर होता ही है।

## कैसे करता है टीवी प्रभावित

आज के इस दौर में इंटरनेट की वजह से सैकड़ों चैनल्स चलते हैं। हम कभी सिनेमा तो कभी कोई सीरियल देखते रहते हैं। सिनेमा या सीरियल देखते समय हम उस घटना के बहाव में इतना बह जाते हैं कि यदि कोई दुःख का ''सीन'' हो तो हमारी आंखों में पानी तक आ जाता है, करुणा का दृश्य हो तो मन में करुणा जाग जाती है, अन्याय होता देख हमें संताप होकर क्रोध आ जाता है अर्थात् हमारे इमोशन्स चलचित्र की घटना के अनुसार बदलने लगते हैं। भोजन करते समय मारधाड़ के सीन देखकर या दुःख उभरे सीन देखकर हमारी भावनायें बदलती रहती है। साईंस कहता है कि भावनाओं का असर हमारी एण्डोक्राईन ग्लॅण्ड्स के हारमोन्स पर होता है ओर इसका दूरगामी परिणाम, भले ही तुरंत ना दिखे, लेकिन अपने शरीर पर होता ही है। इसलिये भोजन शांतचित्त से, प्रसन्न वातावरण में आनंद के साथ करें। ऐसा भोजन हमारी पाचन क्रिया में भी मदद करता है और शरीर स्वस्थ रखने में मदद करता है।


श्री माहेश्वरी टाईम्स
नारी शक्ति को नमन करता
"महिला विशेषांक"
जिसमें समाहित होगी
ऐसी विशिष्ट नारी शक्ति की कहानी
जिन्होंने अपने विशिष्ट योगदानों से
किया है समाज को गौरवान्वित।
लेख । रचनाएँ । विज्ञापन आमंत्रित
E-mail : smt4news@gmail.com
सम्पर्क
90, विद्यानगर, साँवेर रोड, उज्जैन (म.प्र.) 456010
दूरभाष : 0734-2526561, मो. 94250 91161


अ.भा.माहेश्वरी युवा संगठन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य,
कार्यकारिणी मण्डल सदस्य और पदाधिकारीगण को
12वें सत्र में चयनित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
दत्तप्रसाद नंदकिशोर तोतला
कोषाध्यक्ष - अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन (11वां सत्र)
कार्यकारिणी सदस्य - अ.भा. माहेश्वरी महासभा
श्री राजकुमार जी काल्या
नवनिर्वाचित अध्यक्ष
श्री कमल जी भूतड़ा
11वां सत्र - राष्ट्रीय अध्यक्ष


अ.भा.माहेश्वरी युवा संगठन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य,
कार्यकारिणी मण्डल सदस्य और पदाधिकारीगण को
12वें सत्र में चयनित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
श्री कमल जी भूतड़ा
11वां सत्र - राष्ट्रीय अध्यक्ष
श्री राजकुमार जी काल्या
नवनिर्वाचित अध्यक्ष
श्याम सारड़ा
इन्दौर-कन्नौद
वीरागणपति टाउनशिप डेवेलपर्स प्रायवेट लिमिटेड

## खुश रहें... खुश रखें...

# भौंरे से सीखें कैसे जिया जाए जीवन



■ पं. विजयशंकर मेहता
(जीवन प्रबन्धन गुरु)

देश हो, समाज हो या फिर परिवार की ही बात क्यों न हो, असली त्याग तब होता है, जब आप ये जान लेते है कि हमारा कुछ भी नहीं है। मनुष्य जब इस भाव से जुड़ता है, तब त्याग घटता है। लोग संसार छोड़ने की बात करते हैं, लेकिन गहराई में देखा जाए तो संसार हमारा है ही कहां, जिसे हम छोड़ेंगे? यदि इसे समझ लेंगे तो संसार में रहने का मजा ही बदल जाएगा।

गौतम बुद्ध ने एक बड़ी सुंदर बात कही है- जिस प्रकार भंवरा फूल और उसकी गंध को नुकसान पहुंचाए बिना उसका रस ले लेता है वैसे ही हमारे मुनिगण गांव में भिक्षाटन करें। बात बहुत बढ़िया है। वास्तव में जैसे भंवरा बिना कोई नुकसान किए रस लेकर चल देता है, वैसे ही हम जिंदगी को बिना कोई हानि पहुंचाए जीवन को जी लें। यह अहिंसा का उदाहरण है।

हम रस तो ले सकते हैं पर किसी को नुकसान पहुंचाने के अधिकार नहीं हैं। अहिंसा का ऐसा भाव जीवन में आते ही अशांति चली जाएगी। बुद्ध समझा रहे हैं, जीवन हमें जो भी रस दे, उसको ले लिया जाए और धन्यवाद दे दिया जाए। कहीं ऐसे भँवरे न बन जाएँ जो रस चूसने में इतने मशगूल हो जाते हैं कि उड़ना ही भूल जाते हैं और शाम को जब कमल के फूल की पंखुड़ियाँ बंद हो जाती हैं, तो उसी में कैद हो जाते हैं। बस दुनिया में यही हमारी जिंदगी का ऊसूल हो जाए। यह दुनिया हमारे लिए कारागृह नहीं बन जाए। रस लें और आभार दें, बिना किसी को कोई नुकसान पहुंचाए मुक्त हो जाएँ। मामला राष्ट्र का हो, समाज का या परिवार का, हम भँवरे की तरह फूल को बिना नुकसान पहुंचाए इनसे मिलने वाले आनंद की रसानुभूमि कर सकते हैं।









## किचन का खजाना



# फालूदा रबड़ी


**आवश्यक सामग्री :-**

1 लीटर दूध, 5 बड़ा चम्मच कॉर्नफ्लार, 8-10 बर्फ के टुकड़े, 2 कप ठंडा पानी, 2 बड़ा चम्मच मेवा (बादाम, काजू, पिस्ता बारीक कटे हुए), 5 छोटा चम्मच गुलाब जल, 5 छोटा चम्मच केसर सिरप, 5 छोटा चम्मच चीनी, 5 छोटा चम्मच केवड़ा जल, एक छोटा चम्मच इलायची पाउडर

विधि :- सबसे पहले एक बर्तन में दूध में चीनी, केसर सीरप, इलायची और चीनी डालकर उबलने के लिए रखें। जब तक दूध उबल रहा है तक तक फालूदा बनाने की तैयारी कर लें। एक बर्तन में कॉर्न फ्लार और 5 छोटा चम्मच पानी मिलाकर घोल बना लें। अब एक बर्तन में यह घोल डालकर मध्यम आंच पर पकने के लिए रखें। जब मिश्रण गाढ़ा हो जाए तो आंच बंद कर दें। एक खुले बर्तन में ठंडा पानी और बर्फ के टुकड़े डालें। कॉर्नफ्लार के तैयार गाढ़े मिश्रण को नमकीन बनाने वाली मशीन में डालकर ठंडे पानी में फालूदा तोड़ लें। इसे ठंडे पानी में ही 6-7 मिनट तक रहने दें। (या आजकल बाजार मे रेडीमेड फालूदा मिलता है)। दूध जब आधा रह जाए तो आंच बंद कर इसे ठंडा होने दें। रबड़ी तैयार है। इसी तरह फालूदा को पानी से निकालकर ठंडा होने के लिए फ्रीज में रख दें। एक गिलास में 2 बड़ा चम्मच रबड़ी, एक चम्मच फालूदा सेब, कुछ बूंद गुलाब व केवड़ा जल डालें। इसके ऊपर फिर से रबड़ी और फालूदा डालें। इसके बाद रबड़ी के ऊपर मेवे डालकर सर्व करें।



**मंजू जैसलमेरिया,** जोधपुर
मो. 98285 22322




Inland Somani Foundation is constantly working with charitable institutions like hospitals, temples, cattle sheds, water spots etc for a better tomorrow. Providing scholarships to students, reducing carbon footprint, female empowerment, distributing clothes and medical aid, improving quality of water supply and donating medical equipments to charitable hospitals are some of its activities.

The foundation has partnered with the Government to develop a very modern and utilitarian Trauma Centre, Chunnilal Somani Government Trauma Centre, Bikaner, Rajasthan.

"A good company delivers excellent products and services, and a great company does all that and strives to make the world a better place." - William Ford.

And we at Inland adhere to this motto.

InlandGroup
— Imagine. Integrate. Impact. —

## आपणी बोली

*- स्वाति जैसलमेरिया, जोधपुर*

# 'इश्क रो बुखार'



खम्मा सा हुक्म 14 फरवरी वेलेंटाइन डे यानी आपाणे भारतीय बेगा रो 'प्रेम दिवस' हुक्म इण दिन देश रा छोरियां छोरा प्रेम में सरोबार हूँ जावे। जिने ढंग सूं प्रेम, इश्क, लव, मोहब्बत, लब्जो रा मतलब भी अच्छी तरह सूं नहीं समझे वे भी अपने आप ने कल्युग रा मजनूँ समझ ने प्रेमिकाओं ने व्हाट्सअप पर सन्देश भेजे - बेबी आइ लव यू और सामने अपने आपने लैला समझण वाळी छोरियां लिखे - डार्लिंग आई लव यू टू। बेचारा मजनूं समझण वाळा छोरा ने यों ध्यान भी नहीं हुवैला कि वाणि लैला रात रा बारह बजे सूं ही ऐड़ा सन्देश कितनों ने ही फॉरवर्ड कर चुकी है। हुक्म इण दिन आपा देखा सार्वजनिक स्थल जैसे सरकारी गार्डन, प्राइवेट कैफे कार्ड्स शॉप में प्रेमप्रदर्शन करने वाळो रा जोड़ा यूँ लागे ज्यों अपने आपने देश री संस्कृति रा सबसूं बड़ा रक्षक रो परिचय दे रिया है।

हुक्म इण दिन कुछ जागरूक पिता आपरी बेटियां ने सुबह-सुबह ही चेतावनी री घण्टी सूं सचेत कर देवे कि आज घर सूं कदम भी बाहर नहीं रखेला नहीं तो टांगा तोड़ हाथ में रख दुला और लाड़ला पुत्र तो पिताजी री पेण्ट सूं रुपया मार अपनी मूर्ख माशूका ने आइसक्रीम चटाने पर अपने आप ने गर्व महसूस करे और कमाल री बात तो याँ है हुक्म छोरे री माँ सीनो तान ने बोले म्हारो बेटो लड़की नहीं फसाइं तो कुण फसाइं।

हुक्म भारतीय प्रेम दिवस यानी बसन्त पंचमी जिण दिन घर में मीठा चावल बणा ने खावता अब पाश्चात्य वेलेंटाइन डे पर पिज्जा खाने ने खुश हुवे।

हुक्म अगर म्हे म्हारा दिल रा विचार आज रे युवा पीढ़ी रे साथै शेयर करूँ कि इंसान ने अपनी जिंदगी रो हर दिन 'प्रेम दिवस' रे रूप में मनाणों चईजे क्योंकि किण दिन जिंदगी करवट बदल देवे तो म्हे तो या ही केवणो चाहूं- भारतीय संस्कृति री पहचान तो या ही है कि प्रेम करो तो जम ने करो पर भवरें री तरह नहीं मजनूँ री तरह।

- जुगलकिशोर सोमानी, जयपुर

# राजिया रा दूहा



*राजिया रा दुहा ..... प्रसिद्ध राजस्थानी कवि स्व. किरपा रामजी खिडिया की रचना ....*

**खोदा ! अनजळ खाय , खण तिणरी खोटी करै ;**
**जडां मूळ सूं जाय , राम न राखै , राजिया ......**

**अर्थ :** जो व्यक्ति जिसकी रोटी खाकर अपने आप को पालता है लेकिन फिर भी उसी की बुराई करता है , अनहित करता है - ऐसे व्यक्ति का पतन अविसंभावी है क्योंकि ऐसे दुष्ट को भगवान भी पनाह नहीं देता है

# मुलाहिज़ा फरमाइये



*कौन कहता है वक्त बहुत तेज है...*
*तुम कभी किसी का इंतजार तो करके देखों*

*तमीज़, तहजीब, अदब जिंदगी में बोलती है..*
*लाख छुपाएं इंसान पर शख्सियत निशां छोड़ती है*

*लफ्जों से क्या मुकाबला नजरों के वार का...*
*असर अक्सर गहरा होता है बेजुबाँ प्यार का...*

*बड़े पशोपेश में हूँ कि कैसे उसे इजहार करूँ..*
*वो रूह ए खुशबू है उसे कैसे गिरफ्तार करूँ...*

*तुमने पत्थर दिल हमको कह तो दिया...*
*पत्थरों पर लिखोगे तो मिटेगा नहीं....*

*काँटों में भी खिलता महकता है गुलाब*
*जीवन और मोहब्बत का भी यही है सार*

▸▸ ज्योत्सना कोठारी, मेरठ






With Best Compliments From

## SOMANY IMPEX

**Exporter of all kind of Natural Stone & Tiles**

Address(O) - Khol House, Circular Road, Rewari-(Haryana)
Address (Unit) - Khol Road, Vill-Kund, Distt-Rewari (Haryana)
Telefax - 01274-225385
Mobile - 9812028488, 9215689102
Email - accounts@somanyimpex.ind.in, somanyimpex@gmail.com
Website - somanygroup.com

## M/S ASHOK SOMANY

**Mining of Natural Stone & Tiles**

Address(O) - Khol House, Circular Road, Rewari-(Haryana)
Address (Unit) - VPO-Kund, Distt-Rewari (Haryana)
Telefax - 01274-225385 Mobile - 9812345677
Email - mines@somanyimpex.ind.in
Website - multicolorslate.com

## SOMANY NATURAL STONES INDIA PVT LTD

**Exporter of all kind of Natural Stone & Tiles**

Address - Industrial Area, Delhi Road, Rewari-(Haryana)
Mob - 9215689102
Email - factory@somanyimpex.ind.in

श्री ॐ गं गणपतये नमः

# संकेत सितारों के



पं. विनोद रावल
( ज्योतिर्विद )
फोन : 0734-2515326

**मेष-** यह माह आपके लिये सफलता दायक रहेगा। समाज में मान-सम्मान और लोकप्रियता प्राप्त होगी। शुभ समाचार प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग को लक्ष्य की प्राप्ति होगी एवं पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। लंबी यात्रा के सुअवसर मिलेंगे। नौकरी में उच्च अधिकारी खुश होंगे। सुख-सुविधा और मनोरजन पर खर्च होगा। नौकरी में स्थानांतरण संभव है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रेम प्रसंग की ओर रुझान रहेगा। वाहन सावधानी से चलाऐ।

**वृषभ-** यह माह आपके लिये सामान्य व्यतीत होगा। नया व्यवसाय करेंगे, यश मिलेगा। रुके कार्य पूरे होंगे, शुभ समाचार प्राप्त होगा। पैतृक सम्पत्ति मिलेगी। संतान के कार्यों से खुशी प्राप्त होगी। पारिवारिक और व्यावसायिक तालमेल बनाये रखना पड़ेगा। किसी विशेष उपलब्धि से मन प्रसन्न होगा। सुखों में वृद्धि होगी। किसी महिला से सहायता प्राप्त होगी। पेट व गैस से परेशान भी रहेंगे।

**मिथुन-** इस माह भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे एवं मनोरंजन में समय व्यतीत होगा। वाहन क्रय करेंगे, जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। रुके काम पूरे होंगे। सम्पत्ति का बंटवारा होगा। साझेदारी से दूर रहें। नये-नये कार्य करेंगे और उसमें सफलता भी मिलेगी। परिवारजनों से वैचारिक मतान्तर रहेंगे। संतान की ओर से चिंता बनी रहेगी। माता का स्वास्थ्य खराब होगा, अनावश्यक खर्च बना रहेगा।

**कर्क-** इस माह आपको शुभ समाचार की प्राप्ति, संगीत, कला में रुचि बढ़ेगी। उच्चस्तरीय पुरस्कार प्राप्त होगा। दाम्पत्य सुख प्राप्त होगा। नया व्यवसाय प्रारम्भ करेंगे एवं सफल होंगे। मेहमानों के आगमन से खर्च बढ़ेगा। विरोधी परास्त होंगे। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पारिवारिक विवाद समाप्त होंगे। संतान के कार्यों में भाग दौड़ अधिक होगी। धार्मिक कार्यों में भाग लेंगे। धन की प्राप्ति होगी। लंबी यात्रा के योग रहेंगे, बिगड़े कार्य पूरे होंगे।

**सिंह-** यह माह आपके लिये मिश्रित फलदायक रहेगा। पुरानी समस्याओं का निवारण होगा। नौकरी स्थाई होगी। समाज में मान-सम्मान एवं प्रतिष्ठा बनी रहेगी। परिश्रम से कार्य में अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहेंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक मामले निपटेंगे। जीवन साथी का पूरा सहयोग मिलेगा। उच्चपद की प्राप्ति होगी। घूमने-फिरने व मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे, धार्मिक कार्यों में भी व्यस्तता बढ़ेगी, किन्तु अज्ञात भय बना रहेगा।

**कन्या-** यह माह आपके लिये राजनीतिक एवं सामाजिक दृष्टि से सफल रहेगा। घर परिवार में मांगलिक उत्सव होंगे। नौकरी में वेतन वृद्धि, पदोन्नति एवं स्थानान्तरण की संभावना बनी रहेगी। सार्वजनिक एवं राजनीतिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। संतान की ओर से परेशानी बनी रहेगी। रुका धन प्राप्त होगा। वाहन खरीदेंगे। शुभ यात्रा के सुअवसर मिलेंगे। भौतिक सुख सुविधा में वृद्धि होगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें।

**तुला-** यह माह आपके लिये मिश्रित फलदायक रहेगा। घर में मांगलिक कार्य होंगे। स्थान परिवर्तन व नौकरी में उन्नति होगी। राजनीतिक एवं धार्मिक, सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। वाहन खरीदेंगे। ख्याति -लोकप्रियता प्राप्त होगी। यात्रा शुभ होगी, संतान की ओर से परेशानी होगी। व्यापार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। भौतिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। साझेदारी से हानि उठाना पड़ेगी।

**वृश्चिक-** यह माह आपके लिये सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगा। शुभ समाचार प्राप्त होगा। रुके कार्य पूरे होंगे। प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता व्यवसाय में लाभ होगा। संतान की शिक्षा में खर्च एवं संतान के कार्य की योजना बनाएंगे। पारिवारिक सुख एवं स्वजनों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। वाहन से सावधानी बरतें। धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। आय में वृद्धि होगी, सम्पत्ति बढ़ेगी।

**धनु-** इस माह आपको इच्छित कार्यों में सफलता मिलेगी। मान, सम्मान, यश की प्राप्ति, विरोधी परास्त होंगे। शुभ समाचार मिलेगा। संतान की ओर से परेशानी बनी रहेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। परिवार में नये मेहमान का आगमन, विदेश यात्रा के योग बनेंगे। मेहमानों के आगमन से खर्च अधिक होगा। धार्मिक कार्य सम्पन्न होंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। भूमि-भवन एवं सम्पत्ति की परेशानी समाप्त होगी।

**मकर-** इस माह कार्यों में सफलता मिलेगी। विद्यार्थी को लगन और परिश्रम से सफलता मिलेगी। प्रतिष्ठित लोगों से परिचय होगा। धन लाभ एवं खुशी से समय व्यतीत होगा। मित्रों से परेशानी, जीवन साथी के द्वारा लाभ, घर परिवार में शुभ एवं मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। वाणी के कारण कई बार बनते कार्य बिगाड़ लिया करेंगे। लेन-देन के मामले में सतर्क रहें। दिया हुआ धन वापस नहीं मिलेगा।

**कुंभ-**इस माह आपको तरक्की के नये अवसर प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कुछ अड़चन बनी रहेगी। विद्यार्थी वर्ग को परेशानी बनी रहेगी। संतान के कार्य से मन प्रसन्न होगा। न्यायालीन कार्यों में सफलता मिलेगी। भाई-परिवारजनों से वैचारिक मतान्तर रहेंगे। मनोरंजन, दिखावे आदि पर खर्च करेंगे। घर में मांगलिक कार्य होंगे।

**मीन-** इस माह आपके अधूरे कार्य पूरे होंगे। यश में वृद्धि होगी। संतान के कार्यों से सम्मान प्राप्त होगा। नया व्यवसाय प्रारंभ करेंगें। मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक परेशानी समाप्ति होगी। संयम से सभी कार्य पूरे होंगे। वाद-विवाद समाप्त होंगे। किसी पुण्य कार्य से धन की प्राप्ति, जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिन्ता बनी रहेगी। न्यायालयीन प्रकरणों से दूर रहें। थकान-कमजोरी बनी रहेगी। मनोविनोद से लाभ होगा।

**Ramratan Bhutra**
Chairman

R R GROUP
**Ramratan Bhutra Enterprise**
Textiles • Laminates • Power

Corporate Office

A/210, 2nd Floor, India Textile Market, Ring Road,
Surat-2. (Gujarat) Phone : +91 261 2326303, 2327929
Email : rrbhutra0707@gmail.com



**अब से एक और स्तम्भ पचमेल**

*पचमेल यानी एक से अधिक वस्तुओं का मेल जैसे पंचमेघा, पचमेल, दाल या पंचगव्य। हमारे जीवन में भी एक साथ कई मूल्यों का घालमेल रहता। कभी कोई हमसे तो कभी हम किसी अन्य के कार्य-व्यवहार से कुछ अच्छा सीखते हैं। जीवन के इन विविध रंगी मूल्यों को 'पचमेल' के रूप में व्यक्त करेंगे दैनिक भास्कर, दबंग दुनिया और दैनिक अवंतिका ग्रुप से जुड़े रहे वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा।*

# धन्यवाद अमूल्य है उपहार में दीजिए



अस्पताल के आईसीयू वार्ड में उस मरीज को देखने आने वालों का सिलसिला खत्म ही नहीं हो रहा था। मुलाकात के एक घंटे के समय में दोपहर के वक्त मिजाजपुर्सी के लिए 101नम्बर बेड वाले मरीज के मुलाकातियों के प्रति कैंटीन से लेकर उस वार्ड के अस्पतालकर्मियों का रवैया भी कम सख्त रहता था।

बातचीत में पता चला कि उस बेड पर दाखिल मरीज को नर्मदा अस्पताल (भोपाल) और पुलिसकर्मियों की तत्परता से नया जीवन ही मिला है। तेज गति से चली आ रही कार डिवाइडर से टकरा कर हवा में उछली बिजली के खम्बे से टकराई और जोर का धमका हुआ। इंजिन-बोनट के साथ ही डीजल टैंक फट गया। कार चला रहा युवक स्टेयरिंग के बीच खून में लथपथ था। समीप स्थित पुलिस चौकी के जवान दौड़ पड़े, तुरंत अस्पताल को इमर्जेन्सी की सूचना दी। डॉक्टरों की टीम पहुंच गई, गैस कटर और क्रेन के साथ पुलिस बचाव दल भी पहुंच गया। विशाल वर्मा नामक इस युवक के पेट की अंतड़िया फट चुकी थी, खून तेजी से पेट में भरता जा रहा था, दोनों पैर में कई फ्रेक्चर होने से कार से बाहर निकालना भी संभव नहीं था। पुलिस बचाव दल गैस कटर से गाड़ी का ड्रायवर सीट वाला हिस्सा काटने में लगा था, घायल की सांस धीमी होती जा रही थी। डॉक्टरों ने घटनास्थल पर ही लाइफ सपोर्ट सिस्टम, जीवनदायी उपचार शुरू कर दिया। बाद में गंभीर हालत में उसे अस्पताल में दाखिल किया। रोज ऑपरेशन चलते रहे, मीडिया ने भी इस भीषण एक्सीडेंट में युवक की जान बचाने में अस्पताल टीम, पुलिस प्रशासन आदि के सहयोग को रेखांकित किया था। संभवतः यही सारे कारण थे कि भोपाल के नर्मदा अस्पताल में दाखिल इस मरीज के विभिन्न शहरों के परिजनों का उसके हालचाल जानने के लिए तांता लगा रहता था।

ये लोग मरीज को देखने के बाद अस्पताल के डायरेक्टर, उपचार करने वाले डॉक्टरों, पुलिस जवान आदि के मोबाइल नंबर रिसेप्सनिस्ट से लेकर उन्हें थैंक्स के मैसेज सेंड करने की अनिवार्यता भी पूरी करते जा रहे थे। टेलीफोन ऑपरेटर-रिसेप्शनिस्ट भी इन परिजनों के कुछ कहने से पहले ही नम्बर नोट कराना शुरू कर देती थीं। इन अस्पतालकर्मियों के लिए भी इस तरह का यह पहला और हैरत में डाल देने वाला अनुभव था। वरना तो अस्पताल प्रशासन, पुलिस जवानों आदि पर लापरवाही के आरोप, इनके खिलाफ प्रदर्शन, तोड़-फोड़ के किस्से ही अधिक सुनने को मिलते हैं। अस्पताल के डायरेक्टर भी मैसेज, गुलदस्ते, थैंक्स लेटर के सिलसिले से इसलिए भी गद्गद् नजर आ रहे थे कि ऐसा पहली बार ही हो रहा था। अमूमन मरीज-डॉक्टर का रिश्ता तब तक का ही रहता है। जब तक मरीज को अस्पताल से छुट्टी ना मिल जाए।

मरीज के परिजनों-मित्रों आदि द्वारा हर रोज की जाने वाली धन्यवाद वर्षा का ही नतीजा था कि इस मरीज के प्रति अस्पतालकर्मियों की सहृदयता अधिक थी। जबकि अस्पताल का तो काम ही है भर्ती हुए मरीज को चंगा करके घर भेजना फिर चाहे कोई धन्यवाद दे या अस्पताल प्रबंधन पर लूटखसोट के आरोप लगाए।

यह सारा मामला यूं तो गंभीर दुर्घटना में घायल एक मरीज से जुड़ा है, पर मुझे जो बात गौर करने लायक लगी, वह यह कि हम अपने रोजमर्रा के जीवन में धन्यवाद शब्द का कितनी बार उपयोग कर पाते हैं। घर के जिन सदस्यों की हमें रोज मदद मिलती है, उन्हें तो हम थैंक्स के काबिल ही नहीं समझते। हाँ, गलती से किसी दिन सब्जी में नमक ज्यादा हो जाए, अधिक पानी डल जाने से चावल हलवे समान हो जाएं तो हमारे गुस्से का ज्वालामुखी फट पड़ता है। उस एक दिन की भूल पर बिफरते वक्त यह भी याद नहीं रहता कि बाकी दिनों में जब मनपसंद भोजन मिला तब तारीफ करना कहां याद रखा?

बाजारवाद के चलते अंग्रेजी कैलेंडर में अब हर महीने के पहले रविवार, सप्ताह में कोई एक डे मनाने की तारीख तय रहती है। उस दिन सारा प्यार उमड़ पड़ता है। चॉकलेट, गुलाब के फूल से लेकर ग्रीटिंग कॉर्ड सब जरूरी लगते हैं। होटल में डीनर पश्चात बैरे को टिप और थैंक्स भी याद रहता है लेकिन जो लोग हर रोज हमारी उपलब्धियों की खातिर बिना किसी अपेक्षा के अपने दायित्व पूरे करते रहते हैं, हम उन्हें तो थैंक्स के काबिल भी नहीं समझते, सोचिए तो सही ऐसा क्यों?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। अपनी प्रतिक्रिया मोबाइल नंबर.- ८९८९७-८९८९६ पर दे सकते हैं।)

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

# Nandini Traders

**Grain Marchant & Commission Agent**

State Bank Road, Karanja (Lad) Dist. Washim (Akola Marchant)
Ph. : 07256-223042, Mobile : 9764274285

## नंदिणी इन्टरप्राइजेस

पंताजली आयुर्वेद के थोक विक्रेता

स्टेट बैंक रोड, वर्धमान प्लाजा,
कारंजा ( लाड ) - जिला वाशिम - 444105



शेषनारायण देवीकिशन जी धूत

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय पदाधिकारीगण, कार्यसमिति सदस्यों, और कार्यकारिणी मण्डल सदस्यों को 12वें सत्र में चयनित होने पर बहुत बहुत बधाई



श्री राजकुमार जी काल्या
( गुलाबापुरा )
नवनिर्वाचित अध्यक्ष



मधुसूदन भलिका



भरत तोतला



श्री कमल जी भूतड़ा
( सूरत )
11वां सत्र - राष्ट्रीय अध्यक्ष



अजय झंवर



पुष्प माहेश्वरी



अनिल मंत्री



विजय सोमानी



शैलेष मूंदड़ा



विजय जाजू ( राजा )



चेतन बियाणी



मनोज चितलांगिया

# अब सोने पर टैक्स की 'तलवार'



**सोना और सोने से बने गहने, आभूषण ज्वैलरी आदि सभी ''सोना'' की परिभाषा में समाहित हैं। नोटबंदी की घोषणा के तुरंत बाद देश के आम लोगो में इस बात की चर्चा शुरू हो गई कि उनके घरों में जो संचित सोना है, उसकी कानूनी स्थिति क्या है? ऐसे ही प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं, मुंबई के ख्यात सीए विष्णुदास दरक।**

*प्रश्न- मेरे पास कितना सोना है। यह सरकार को कैसे मालूम होगा?*

उत्तरः आयकर विभाग को यह अधिकार है कि वह आपकी संपत्ति के प्रति किसी भी तरह की आशंका होने पर अथवा जानकारी मिलने पर आपके घर, कार्यालय और बैंक लॉकर्स की तलाशी ले सकते हैं?

*प्रश्न- क्या मेरे सोने पर टैक्स लग सकता है?*

उत्तरः यदि आप संचित सोने की प्राप्ति का स्रोत नहीं बता पाये और समुचित और पर्याप्त स्पष्टीकरण नहीं दे पाये तो उस सोने का जो मूल्य बनता है, उसको आपकी अघोषित आय (कालाधन) समझकर टैक्स लगाया जा सकता है।

*प्रश्नः मेरा सोना कालाधन नहीं है, यह मैं कैसे प्रमाणित कर सकता हूँ?*

उत्तरः सोना आपकी संपत्ति है तथा कानूनी तरीके से आपको प्राप्त हुआ है, यह प्रमाणित करना आपका दायित्व है। निम्नांकित स्पष्टीकरण उपयोगी हो सकते हैं।

1. यदि सोना आपने खरीदा है तो उसका बिल बताया जा सकता है। यदि बिल नहीं मिलता है तो ज्वेलर्स से डुप्लीकेट बिल लाया जा सकता है। यदि यह संभव नहीं हो और आपने चेक द्वारा भुगतान किया हो तो बैंक स्टेटमेंट पर से भुगतान दिखाया जा सकता है।

2. खरीदे हुए सोने का भुगतान आपने खेती की कमाई (Agricultural Income) में से किया हो, तो यह पर्याप्त स्पष्टीकरण माना जा सकता है, क्योंकि खेती की कमाई को टैक्स से छूट प्राप्त है।

3. यदि सोना आपको उत्तराधिकारी के नाते पूर्वजों से प्राप्त हुआ हो तो मृत्युपत्र (Will) अथवा विभाजन पत्र (Partition Deed) अथवा अन्य कोई दस्तावेज, जिसमें आपको प्राप्त सोने का उल्लेख हो, सबुत स्वरूप बताया जा सकता है।

4. उपरोक्त तीनों माध्यम उपलब्ध नहीं हों और आपने पूर्व में कभी संपत्ति कर कानून के अधीन वेल्थ टैक्स रिटर्न फाइल किया हो तथा उसमें सोने का उल्लेख किया हुआ हो, तो वह भी पर्याप्त सबूत हो सकता है।

प्रश्न- तलाशी और जब्ती (Search & Seizure) के दरम्यान मेरा स्पष्टीकरण यदि पर्याप्त नहीं माना जाता है, तो मुझे कितना टैक्स और पेनल्टी देनी होगी?

उत्तरः इस प्रश्न का उत्तर तलाशी की तारीख पर निर्भर है। Taxation Laws (Second Amendment) Bill लागू होने के बाद तलाशी होती है तो आपको सोने के मूल्य पर इनकम टैक्स कानून की धारा 113 के तहत कम से कम 60 प्रतिशत टैक्स और संशोधित धारा 271AAB के तहत 60 प्रतिशत पेनाल्टी देनी होगी। धारा में दी हुई शर्तों की पूर्ति करने तथा इंकम टैक्स डिपार्टमेंट को सहयोग प्रदान करने पर पेनाल्टी की मात्रा घटाकर 30 प्रतिशत की जा सकती है।

*प्रश्न- परम्परागत भारतीय परिवारों में विशेषतः महिलाओं के पास सोने के आभूषण का पाया जाना बहुत ही आम बात है। क्या इस पर भी टैक्स देना पड़ेगा?*

उत्तरः सरकार ने इस परम्परा को जायज मानते हुए तलाशी के दरम्यान परिवारों में पाये जाने वाले सोने को जब्त नहीं करने की सूचना सन 1994 में ही जारी कर दी थी। इसके अनुसार परिवार की प्रत्येक विवाहित महिला को 500 ग्राम तथा प्रत्येक अविवाहित महिला को 250 ग्राम एवं परिवार के प्रत्येक पुरुष सदस्य को 100 ग्राम तक सोना रखने की छूट प्राप्त है। इस सीमा तक का सोना और सोने के आभूषण तलाशी के दरम्यान जब्त नहीं किये जा सकेंगे और ना ही इस पर टैक्स देना पड़ेगा।

*प्रश्न- परिवार में उपरोक्त सीमा से ज्यादा सोना पाया जाता है, तो क्या स्थिति होगी?*

उत्तर- तलाशी में सीमा से अधिक मात्रा में मिलने वाले सोने के संबंध में आप उचित सबूत और स्पष्टीकरण दे पाते हैं, तो उस पर भी टैक्स नहीं लगेगा।

With Best Compliments From

।। श्री गणेशाय नमः ।।

NATURAL STONE

Granite | Marble | Tiles | Sand Stone



62, Shri Rawat Ram Nagar, Near Dhanwantri Hospital
Pal Road, Jodhpur (Raj.)-342001, Tel : 93094 49900, 94149 17082
E-mail : naturaljodhpur@gmail.com

## श्रीमती किरण देवी राठी



**नागपुर.** स्थानीय वसंत कॉलोनी निवासी वरिष्ठ समाज सदस्य गोपाल राठी की धर्मपत्नी एवं रोहित राठी की माता श्रीमती किरणदेवी राठी का गत 23 जनवरी को देहावसान हो गया। श्रीमती राठी की अंतिम इच्छानुसार मरणोपरांत नेत्रदान किया गया।

## श्री भगवानदास बीसानी



**नागपुर।** वयोवृद्ध समाजसेवी और 'माहेश्वरी' पत्रिका के पूर्व व्यवस्थापक श्री भगवानदास जेठमल बीसानी का 83 वर्ष की आयु में हृदयाघात से निधन हो गया। मरणोपरान्त आपकी इच्छानुसार नेत्रदान किया गया। आप अपने पीछे दो पुत्र घनश्याम, सतीश व तीन पुत्रियाँ सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये। आप दैनिक 'नवभारत' से जुड़े थे। पश्चात् आपने बाबूजी रामगोपाल माहेश्वरी के सानिध्य में कार्य किया एवं 'माहेश्वरी' पत्रिका के कई वर्षों तक व्यवस्थापक रहे।

> "दुनिया में सबसे ज्यादा वजनदार खाली जब होती है, चलना मुश्किल हो जाता है।"

## श्री कुंदनमल हुरकट



**भद्रवती (जिला चद्रपुर).** समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री कुंदनमल हुरकट का 90 वर्ष की अवस्था में गत 21 जनवरी को देहावसान हो गया। धार्मिक गतिविधियों में भी श्री हुरकट का महत्वपूर्ण योगदान था। आप अपने पीछे चार पुत्र व दो पुत्री, पौत्री-प्रपोत्र, दोहित्र-प्रदोहि आदि का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। आप नंदकिशोर, माहेश्वरी सभा के पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र, लक्ष्मीकांत व राधेश्याम हुरकट तथा श्रीकांता-श्रीकांत मानधनिया (हिंगणघाट) एवं किरण-कैलाश सोमानी (नागपुर) के पिता थे।

## श्रीमती यशोदाबाई सोमाणी



**चंद्रपुर.** समाज सदस्य व जुगलकिशोर सोमाणी की माता श्रीमती यशोदाबाई मूलचंद्र सोमाणी का 90 वर्ष की आयु में गत 21 जनवरी को निधन हो गया है। आप संयुक्त परिवार को साथ में लेकर चलने की कला में माहिर थीं। अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## राजेंद्र प्रसाद कोठारी



**भीलवाड़ा।** समाज सदस्य रामेश्वरलाल के अनुज व यश कोठारी के पिताजी राजेंद्र प्रसाद कोठारी का असामयिक निधन गत 16 फरवरी को हो गया। श्री कोठारी सेवल्या माताजी ट्रस्ट बागोर अध्यक्ष, अनेक सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे। वे सेवल्या माताजी ट्रस्ट बागोर अध्यक्ष थे।

## श्री ब्रजकिशोर तोषनीवाल



**लखनऊ.** महासभा के पूर्व कार्यसमिति सदस्य, लखनऊ माहेश्वरी समाज के संरक्षक एवं दिशा निदेशक श्री ब्रजकिशोर तोषनीवाल का असमायक निधन गत 23 दिसंबर को हो गया। जिसके लिए लखनऊ नगर के साथ-साथ उत्तरप्रदेश के निवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। आप अपने पीछे भरापूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गए हैं।

## श्री लीलाधर पनपालिया

**चिंचोली (अमरावती).** समाज सदस्य जगदीश पनपालिया के पिता श्री लीलाधर पनपालिया का गत 20 फरवरी को 80 वर्ष की अवस्था में देहावसान हो गया। आप अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### पुण्य स्मरण



# समाजसेवा के प्रेरणा स्त्रोत श्रीनिवास लखोटिया

**हैदराबाद के वरिष्ठ समाजसेवी स्व. श्रीनिवास लखोटिया अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके आदर्श समाजसेवियों का सदैव मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। आईये उनके प्रथम पुण्य स्मरण पर करें, उनकी सेवाओं को नमन।**

हैदराबाद के वरिष्ठ समाजसेवी स्व. श्री श्रीनिवास लखोटिया एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपनी समर्पित सेवा से स्थानीय संगठन से लेकर महासभा तक का सफर तय कर हैदराबाद समाज को राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान दिलवाई। श्री लखोटिया का जन्म 13 मई 1938 को स्व. श्री गोपीकिशन लखोटिया के यहां हुआ। दो भाई लक्ष्मीनिवास तथा गोविन्दलाल लखोटिया एवं बहन कौशल्या बाई सहित भरापूरा परिवार था। आपने सर्वप्रथम श्री बद्रीविशाल पित्ती की फैक्ट्री में नौकरी की। बाद में उन्होंने डी.बी.आर. मिल सिकंदराबाद में टाईम कीपर की नौकरी लगभग 25 वर्ष तक की। स्वास्तिक सप्लाईंग कम्पनी प्रतिष्ठान, टेंट हाउस का काम छोटे पैमाने पर सन् 1988 में रामप्रसाद लड्ढा एवं श्री लखोटिया ने मिलकर भागीदारी में काम शुरू किया, जो अब प्रतिष्ठित रूप से स्थापित है।

### सेवा में रहे सदैव आगे

बिना किसी पद लालसा के श्री लखोटिया समाजसेवी गतिविधियों में सदैव योगदान देते रहे। इनकी प्रेरणा संयुक्त परिवार के कारण भी मिली। श्रीनिवास लखोटिया के पाँच सुपुत्र हैं- अनिल कुमार, श्यामसुंदर, सुशीलकुमार, राजेश कुमार तथा रमेश कुमार लखोटिया। आज भी सभी संयुक्त परिवार में रह रहे हैं। शमशाबाद पर एस.एस. कनवेंशन, आगापुरा में जैन भवन, द्रौपदी गार्डन तथा बाहेती भवन आदि आपके योगदान हैं। नांदेड़ में 'आशीर्वाद गार्डन' के नाम से निजी भवन/गार्डन है। आपके पुत्र भी डेकोरेशन एवं सप्लाईंग कम्पनी के काम में संलग्न हैं। आप धार्मिक प्रवृत्ति के थे। साधु-संतों की आवभगत करने में आपकी विशेष रुचि थी। महेश विद्या भवन, शिवरामपल्ली में आपका विशेष सहयोग रहा। आदित्य विक्रम बिड़ला संस्थान में संलग्न रहे। तिरुपति के ब्रह्मोत्सव में भी आपका परिवार लगभग 25 साल से सहयोग देता आ रहा है।

# शुभकामनाएं एवं बधाई

**अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन के योगदानों पर केंद्रित विशेषांक प्रकाशन के अवसर पर श्री माहेश्वरी टाईम्स परिवार के प्रयास का हार्दिक अभिनंदन**



12वें सत्र के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष

## श्री राजकुमार काल्या

को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
नये सत्र में नये कीर्तिमान स्थापित करें
ऐसी भगवान महेश से मंगलकामना.



11वें सत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष

## श्री कमल भूतड़ा

तथा संपूर्ण कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल
के लिए हार्दिक बधाईयाँ.



शुभेच्छु

## अशोक ईनानी

- पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष
  अ.भा. माहेश्वरी युवा संगठन
- पूर्व संगठन मंत्री
  अ.भा. माहेश्वरी महासभा



### विनम्र अपील

सभी स्वजातीय जनों से विनम्र अनुरोध...समाज के उत्पत्ति स्थल लोहार्गल को पंचम तीर्थ के रूप में गौरवान्वित करने का युवा संगठन ने बीड़ा उठाया था। इसके अंतर्गत वहाँ भव्य समाज भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस पावन प्रकल्प में आप भी आपने आर्थिक सहयोग की ''आहुति'' अवश्य दें।






RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2017-2019
Despatch Date - 02 March, 2017

If Undelivered Please Return To
**SRI MAHESHWARI TIMES**
90, Vidya Nagar (Behind Tedi Khajur Dargah),
Sanwer Road, UJJAIN (M.P.) - 456010
Ph. 0734-2526561, 2526761, Mo. : 94250 91161
E-mail : smt4news@gmail.com



FREE REGISTRATION AT www.srimaheshwarimelapak.co